






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 209

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

सोमवार | 13 मई, 2024


सीएम योगी ने केंद्रीय मंत्री, मोहनलाल गंज से सांसद व प्रत्याशी कौशल किशोर के पक्ष में की जनसभा

# इंडी गठबंधन और पाकिस्तान का डीएनए मिलता-जुलता : सीएम योगी

*कोई सभ्य मुसलमान अपने बच्चे का नाम औरंगजेब नहीं रखता, लेकिन कांग्रेस-सपा वाले विरासत टैक्स के नाम पर औरंगजेब का जजिया कर लगाना चाहते : मुख्यमंत्री*

- पाकिस्तान की 'बीमारी' ने कांग्रेस का समर्थन किया तो वहां भी लोग भूखों मर रहे हैं: सीएम
- अपील : यही समय है-सही समय है, देश के भविष्य से खेलने वालों की जमानत जब्त करा दीजिए
- आरोप : समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन और पाकिस्तान भारत-भारतीयता, श्रीराम के विरोध में

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

कांग्रेस-सपा, इंडी गठबंधन और पाकिस्तान का डीएनए मिलता-जुलता दिख रहा है। सपा-कांग्रेस के समय गरीब भूखों मरते थे। पाकिस्तान की बीमारी ने कांग्रेस के समर्थन में कहा तो वहां भी लोग भूखों मर रहे हैं और यहां 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। मोदी जी ने 10 वर्ष में पाकिस्तान की आबादी से अधिक (25 करोड़) लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है। कांग्रेस को 60-65 वर्ष तक मौका मिला, लेकिन इन्होंने विकास नहीं किया। यूपीए सरकार के समय उपचार की व्यवस्था नहीं थी। यह लोग आस्था के साथ खिलवाड़ करते थे। गरीबों को भूखों मरने देते थे, किसान को आत्महत्या के लिए मजबूर करते थे, इसलिए मोदी जी ने कहा कि यही समय है, सही समय है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री, मोहनलालगंज से सांसद व भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के पक्ष में रविवार को गांधी डिग्री कॉलेज सिधौली सीतापुर में जनसभा को संबोधित किया।



### कांग्रेस-सपा के समय छुक-छुक करके चलती थी विकास की रफ्तार

सीएम ने कहा कि 2022 में भाजपा के मनीष रावत को आशीर्वाद देकर विधानसभा में पहुंचाया तो परिणाम दिख रहे हैं। सबसे अधिक मकान सीतापुर जनपद में बने हैं। हम नैमिष को अयोध्या धाम के तर्ज पर विकसित करने का कार्य कर रहे हैं। सिधौली का रास्ता आसान हो रहा है, क्योंकि लखनऊ का किसान पथ सीधे मोहनलालगंज से जोड़ने को उतावला दिख रहा है। रेलवे लाइन दस वर्ष पहले छोटी लाइन थी, लेकिन विकास कार्यों के कारण आज यह डबल गेज हो चुकी है। आज बुलेट ट्रेन की तरह तेजी से दौड़ते हुए यात्रा कराती है। कांग्रेस-सपा के पास विकास का विजन नहीं था। कोयले के इंजन से चलने वाली भाप की तरह ही विकास की रफ्तार भी उनके समय छुक-छुक करके चलती थी और कुछ देर चलकर रुक जाती थी। उसमें भी वे कमीशन देखते थे, लिहाजा योजना कभी पूरी नहीं हो पाती थी।

### इंडी गठबंधन के लालू यादव ने की है मुसलमानों को ओबीसी के आरक्षण देने की वकालत

सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और सपा के लोग नई साजिश कर रहे हैं। यह लोग बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान से छेड़छाड़ कर पिछड़ी, अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण पर सेंध लगाना चाहते हैं। इन्हें अपने अधिकार में घुसपैठ न करने दीजिए। यूपीए सरकार के समय भी यह लोग साजिश कर चुके हैं। इंडी गठबंधन के प्रमुख घटक राजद के लालू प्रसाद यादव ने बिहार में कहा कि यहां पर मुसलमानों को ओबीसी का आरक्षण दे देंगे, लेकिन हिंदुस्तान यह स्वीकार नहीं करेगा। बाबा साहेब ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता। यह लोग बैकडोर से अनुसूचित जाति के आरक्षण पर सेंध लगाना चाह रहे थे।

### कांग्रेस-सपा के अंदर घुस चुकी है औरंगजेब की आत्मा

सीएम ने आरोप लगाया कि यह लोग हिंदुस्तानियों की पैतृक संपत्ति पर विरासत टैक्स लगाकर जजिया कर लगाना चाहते हैं। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस चुकी है। औरंगजेब को हिंदुस्तान स्वीकार नहीं करेगा। औरंगजेब मुगलों का सबसे क्रूर शासक था। कोई सभ्य मुसलमान अपने बच्चों का नाम औरंगजेब नहीं रखता, लेकिन उसके जजिया कर को कांग्रेस व सपा वाले विरासत टैक्स लगाकर आपकी संपत्ति को हड़पना और भारत को अपमानित करना चाहते हैं। यह लोग कहते हैं कि सत्ता में आने पर अल्पसंख्यकों को खानपान की स्वतंत्रता देंगे। चावल, दाल, रोटी-मीठा अल्पसंख्यक व बहुसंख्यक दोनों खाते हैं। दरअसल बहुसंख्यक समाज कहता है कि हम गोमांस नहीं खाएंगे, गोहत्या बर्दाश्त नहीं करेंगे, लेकिन कांग्रेस-सपा उन्हें गोमांस खाने की छूट देना चाहती है। इस पाप के लिए आने वाली पीढ़ी व पूर्वज कभी माफ नहीं करेंगे। हम कांग्रेसियों को गोहत्या की स्वतंत्रता नहीं देंगे।

### सपा-कांग्रेस व पाकिस्तान भारत और राम के विरोध में

सीएम योगी ने कहा कि प्रभु श्रीराम भक्तों पर अवश्य कृपा करते हैं, इसलिए जनता कहती है कि फिर एक बार मोदी सरकार। मोदी जी के तीसरी बार पीएम बनने से वे लोग परेशान हैं, जो भ्रष्टाचारी हैं और भारत के विकास को देखना नहीं चाहते हैं। समाजवादी पार्टी-कांग्रेस के गठबंधन और पाकिस्तान के स्वर ऐसे ही आ रहे हैं। यह भारत, भारतीयता, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, पिछड़ी, अनुसूचित जाति व जनजाति, बेटी-व्यापारी के विरोध में हैं, जबकि देशवासियों ने ठाना है कि मोदी जी को प्रचंड बहुमत से सत्ता सौंपकर विकसित-आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करना है।

### सपा-कांग्रेस होती तो फिर रामभक्तों पर 1990 जैसे गोली चलती

सीएम ने कहा कि आपके वोट की ताकत की बदौलत अयोध्या में 500 वर्ष में श्रीराम लला का आगमन हुआ। हमारी पीढ़ी ने पूर्वजों के संकल्प को पूरा किया। मोदी जी के नेतृत्व में यह संकल्प इसलिए पूरा हो पाया, क्योंकि आपके वोट ने भाजपा को ताकत दी। प्रदेश में सपा और देश में कांग्रेस होती तो रामभक्तों पर वैसे ही गोली चलती, जैसे 1990 में चलाई थी। रामद्रोही, रामभक्तों पर गोली चलाने वाले और आतंकवादियों के पैरोकार देश में शासन नहीं करेंगे।

# पीएम मोदी के स्वागत के लिए भव्य सज रही महादेव की काशी



- पीएम मोदी के रोड शो का काफिला गुजरेगा उस रास्ते को भव्य सजाया जा रहा
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई को वाराणसी लोकसभा सीट से तीसरी बार नामांकन दाखिल करेंगे

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

काशी में 13 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य रोड शो होगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पीएम मोदी के स्वागत के लिए काशी को दुल्हन की तरह सजाया और संवारा जा रहा है। जिस रूट से पीएम मोदी के रोड शो का काफिला गुजरेगा उस रास्ते को भव्य सजाया जा रहा है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पीएम मोदी के रोड शो के दौरान मालवीय प्रतिमा लंका से काशी विश्वनाथ धाम तक लघु भारत की झलक दिखेगी। कई राज्यों के लोग पारंपरिक वेशभूषा में रोड शो का स्वागत करेंगे। इसे लेकर चौराहों को सजाया जा रहा है। 13 मई को मालवीय प्रतिमा से लेकर श्री काशी विश्वनाथ धाम तक रोड शो को भव्य बनाने के लिए पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। काशी विश्वनाथ धाम को सतरंगी लाइटों से सजाया गया है। प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर मालवीय चौराहे को झालरों से सजाया गया है। वहीं प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए मालवीय प्रतिमा से लेकर काशी विश्वनाथ धाम तक 11 बीट बनाए गए और इन 11 बीट की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों को सौंपी गई है। पीएम मोदी के रोड शो को लेकर सड़क के किनारे भारतीय जनता पार्टी का ध्वज लगाया गया है। इस मार्ग पर शहनाई, शंखनाद, डमरू दल के साथ काशी की जनता प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करेगी। इसके साथ ही जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य, लोकगीत गाते हुए बनारस के कलाकार व वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए बटुक पीएम मोदी का स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई को वाराणसी लोकसभा सीट से तीसरी बार नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले 13 मई को होने वाले पीएम के रोड शो से पूर्व बीएचयू में रविवार को फ्लीट का रिहर्सल किया गया।

### सभी पॉइंट्स को सजाने का प्रयास किया गया

प्रधानमंत्री के पांच किलोमीटर के रोड शो के लिए बांस- बल्लियों व स्टील की पाइपों से बैरिकेडिंग किया गया है। लंका से पीएम के रोड शो रूट की सड़कों पर जगह-जगह पैचिंग की गई है। पीएम की नजर जहां तक पहुंच सकती है, उन सभी पॉइंट्स को सजाने का प्रयास किया गया है। लहरतारा-मंडुवाडीह और भिखारीपुर-सुंदरपुर मार्ग पर जगह- जगह सड़कों को दुरुस्त किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो और नामांकन को लेकर नगर निगम की ओर से सड़क के किनारे स्थित पेड़ों की डालियों की छंटाई कराई जा रही है।

## फिरोजाबाद में दर्दनाक सड़क हादसा, दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस । फिरोजाबाद

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। महिलाओं सहित तीन लोगों के घायल होने की सूचना है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजने के साथ ही शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना एका क्षेत्र के मुस्तफाबाद के नगला गजू के पास भीषण सड़क हादसा हुआ। बताया गया है कि विजय कुमार पुत्र अखिलेश अपनी मां ओमवती को दवा दिलाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर लग गई। बाइक पर सवार सोनू कटेना सहित तीन लोग सवार थे। हादसे में विजय कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। चार सवारी घायल हो गईं। थानाध्यक्ष शिवभान रजावत मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां पहुंचकर ओमवती और सोनू कटेना की भी मौत हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिवार के लोगों में चीत्कार मच गया।

## जान और संविधान को बचाना है तो भाजपा का करें सफाया : अखिलेश



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि यह चुनाव संविधान और देश बचाने को लेकर हो रहा है। यदि जान और संविधान दोनों बचाना है तो भाजपा का सफाया करें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा प्रहार करते हुए उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर किसानों को बर्बाद करने का आरोप लगाया। अखिलेश रविवार को शहर के मौरंग मंडी के मैदान में इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। अखिलेश ने भाजपा पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक चुनाव है। यदि जान और और संविधान बचाना है तो भाजपा का सफाया करना होगा। अखिलेश यादव ने चुनाव को समुद्र मंथन की तरह संविधान मंथन बताया और कहा कि आपको और हमको अपना और आने वाली पीढ़ी का भविष्य बचाना है तो हर हाल में भाजपा को उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के डबल इंजन की होर्डिंग देखी होगी। एक इंजन तो उसमें पहले से ही गायब है। उन्होंने बाराबंकी के लोकसभा चुनाव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यहां तो भाजपा को अपना पहले ही अपना इंजन बदलना पड़ा। उन्होंने कहा कि देश का युवा बड़ी मेहनत से कोचिंग करके दूर-दूर परीक्षा देने जाता है और जब परीक्षा देकर वह घर लौटता है तो पता चलता है पेपर लीक हो गया।

## अमरोहा में पुलिसकर्मियों पर डंपर चढ़ाकर जान लेने की कोशिश, अवैध मिट्टी खनन रोकने को गए थे कर्मी

जन एक्सप्रेस । अमरोहा



प्लाटिंग में अवैध खनन कर मिट्टी डालने की सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों पर जान से मारने की नियत से डंपर चढ़ाने की कोशिश की गई। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने सड़क से खेत में कूदकर जान बचाई। आरोपी डंपर चालक-परिचालक मौके से भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने मामले में अवैध खनन करने वाले ठेकेदार, डंपर चालक-परिचालक और प्लाटिंग करने वाले लोगों पर भी एफआईआर दर्ज की है। दो मई को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें कुछ लोग डंपर के द्वारा प्लाटिंग में मिट्टी डाल रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद देहात थाना के बंबूगढ़ चौकी प्रभारी अतवीर सिंह चौहान जांच कर रहे थे। जांच में सामने आया कि जिस जमीन में प्लाटिंग के लिए मिट्टी डाली जा रही थी, वह जमीन अमरोहा नगर के मोहल्ला शाही चबूतरा के रहने वाले मोहम्मद शकील के नाम पर दर्ज है। इस जमीन का सौदा 40 लाख रुपये बीघा के हिसाब से लक्ष्मण वाली मढैया के रहने वाले संजय सैनी तय हुआ था, लेकिन बैनामा नहीं कराया गया।

## पूर्वांचल में हुंकार भरेंगे राहुल गांधी, ममता और केजरीवाल, आजमगढ़ में होगी इंडी गठबंधन की रैली

जन एक्सप्रेस । आजमगढ़



कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित इंडी गठबंधन के कई बड़े नेता जल्द ही पूर्वांचल में हुंकार भरेंगे। छठे चरण में आजमगढ़ समेत पूर्वांचल की पांच लोकसभा सीटों पर 25 मई को चुनाव होने हैं। ऐसे में आजमगढ़ में इंडी गठबंधन की पहली बड़ी रैली कराने की तैयारी है। सपा नेताओं ने गठबंधन के संयोजक को इस बाबत पत्र भी लिखा है। इस रैली के जरिये विपक्ष ने पूर्वांचल को साधने की व्यूहरचना तैयार की है। सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष हवलदार यादव का कहना है कि इंडी गठबंधन की रैली तय है मगर अभी तारीख तय नहीं है। वहीं, अतरौलिया विधायक डॉ. संग्राम यादव ने कहा कि 13 मई के बाद यह रैली मंदुरी एयरपोर्ट के आसपास आयोजित की जाएगी। आजमगढ़ के एक छोर वाराणसी है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्वाचन क्षेत्र है जबकि दूसरी ओर सीएम योगी आदित्यनाथ का गोरक्ष क्षेत्र है। इन दोनों क्षेत्रों के बीच में आजमगढ़ आता है। जो सपा का गढ़ है। इस गढ़ को जीतने के लिए सपा पूरा जोर लगाए हुए हैं। लोकसभा उपचुनाव में मिली हार को फिर से जीत में बदलने के लिए सपा बेताब है। वहीं पूर्वांचल की अहमियत को सपा अच्छी तरह से समझती है। यहां की हर सीट को लेकर वह काफी गंभीर है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए ही इंडी गठबंधन तैयार किया गया है। इसमें हर प्रांत के नेता शामिल हैं।

**रिपोर्ट** कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव में रायबरेली और अमेठी सीट जीतना उत्तर प्रदेश में अस्तित्व की लड़ाई बन गई है

# कांग्रेस जमीन पर लड़ रही अमेठी, रायबरेली सीट की लड़ाई

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा

- रायबरेली और अमेठी में संगठन को खड़ा करने वाले पुराने कांग्रेसी देश के कोने-कोने से आकर पार्टी को विजयश्री दिलाने के लिए रात दिन जुटे हुए हैं
- रायबरेली और अमेठी दोनों ही सीटों पर कांग्रेस ने ब्लॉक और गांव के स्तर पर पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है
- पुराने कांग्रेसी घर-घर जाकर अमेठी और रायबरेली सीट से गांधी परिवार के पुराने नाते और यादों को ताजा कर रहे हैं

**लखनऊ।** कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव में रायबरेली और अमेठी सीट जीतना उत्तर प्रदेश में अस्तित्व की लड़ाई बन गई है। यही कारण है कि पार्टी जितना ध्यान रायबरेली सीट पर दे रही है जहां से राहुल गांधी खुद चुनाव लड़ रहे हैं अमेठी सीट पर भी उतना ही फोकस है। रायबरेली और अमेठी में संगठन को खड़ा करने वाले पुराने कांग्रेसी देश के कोने-कोने से आकर पार्टी को विजयश्री दिलाने के लिए रात-दिन जुटे हुए हैं। रायबरेली और अमेठी दोनों ही सीटों पर कांग्रेस ने ब्लॉक और गांव के स्तर पर पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। पुराने कांग्रेसी घर-घर जाकर अमेठी और रायबरेली सीट से गांधी परिवार के पुराने नाते और यादों को ताजा कर रहे हैं। यह भी संकल्प ले रहे हैं कि चाहे कितनी ही गर्मी क्यों ना पड़े या फिर कोई भी बाधा हो मतदाताओं को कांग्रेस के पक्ष में वोट देकर अपनी वफादारी एक बार फिर निभानी है। जन एक्सप्रेस टीम को रायबरेली और अमेठी क्षेत्र में प्रचार करते खांटी कांग्रेसी नेता विश्वनाथ चतुर्वेदी मिले। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव अहंकार में चूर सत्तारूढ़ भाजपा का भ्रम तोड़ देगा। रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी सीट से किशोरी लाल शर्मा रिकॉर्ड वोटों से जीत दर्ज करने वाले हैं। पार्टी स्तर से कांग्रेस काडर को घर-घर जाकर जनसंपर्क करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस क्रम में उन्हें रायबरेली के शिवगढ़ ब्लाक और अमेठी के शुकुल बाज़ार ब्लाक व सिंहपुर ब्लाक का दायित्व दिया गया है। इसी तरह सभी कांग्रेसी जीत सुनिश्चित करने के लिए जी जान से जुटे हुए हैं।





### 1999 से अभी तक सोनिया गांधी के प्रतिनिधि हैं

सोनिया गांधी जब अमेठी से 1999 में चुनाव लड़ने आई तो चुनाव का पूरा प्रबन्धन प्रियंका गांधी के निर्देशन में शर्मा ने संभाला। चुनाव के बाद कैप्टन शर्मा की सहमति से किशोरी लाल शर्मा ने सोनिया गांधी के प्रतिनिधि का दायित्व संभाला। उनके प्रतिनिधि के रूप में वह अभी तक काम कर रहे हैं। 2019 में रायबरेली मे विपरीत राजनीतिक परिस्थितियों में सोनिया गांधी को मिली जीत में शर्मा की कुशल रणनीति को काफी हद तक जिम्मेदार माना जाता है।

### अपनी कुशल कार्यशैली से लोगों का दिल जीत लिया

एक समन्वयक के रूप में अमेठी में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू करने वाले शर्मा ने धीरे धीरे अपनी कुशल कार्यशैली से लोगो का दिल जीत लिया। राजीव जी की हत्या के बाद कैप्टन शर्मा ने जब गांधी परिवार के हनुमान के रूप में अमेठी से 1991 में उप चुनाव लड़ा तो उनकी टीम के अहम सदस्य और मुख्य कर्ताधर्ता थे।उन्होने कैप्टन शर्मा के पेट्रोलियम मंत्री बनने के बाद क्षेत्र में लोगो की काफी मदद की।

### अमेठी से 40 साल पुराना जमीनी नाता है किशोरी लाल शर्मा का

अमेठी संसदीय सीट से कांग्रेस ने किशोरीलाल शर्मा को पूरे गणित के साथ टिकट दिया है। अमेठी के लोगों का मानना है कि गांधी परिवार के बाद किशोरीलाल शर्मा से बेहतर और कोई उम्मीदवार नहीं हो सकता था। शर्मा गांधी परिवार के हनुमान है,और लगभग 40 वर्षों से उनका अमेठी से नाता रहा है।

### स्व.राजीव गांधी के अमेठी में 1981 में उप चुनाव जीतने पर अमेठी आए थे किशोरी लाल शर्मा

अमेठी में केएल और भाई साहब के नाम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मशहूर शर्मा पंजाब के लुधियाना के मूल निवासी हैं , लेकिन स्व.राजीव गांधी के अमेठी में 1981 में उप चुनाव जीतने और कैप्टन सतीश शर्मा के उनका प्रतिनिधि बनने के बाद उनकी टीम में शामिल होकर अमेठी आए और फिर अमेठी और रायबरेली के होकर रह गए। कैप्टन शर्मा ने अमेठी की सभी पांचों विधानसभाओं में एक एक समन्वयक नियुक्त किया जिसमें शर्मा को जगदीशपुर विधानसभा का दायित्व मिला।

### लो-प्रोफाइल रहते हुए जो उन तक पहुंचा उसकी मदद की

किशोरीलाल शर्मा अमेठी के चप्पे चप्पे से वाकिफ हैं और हर बड़े गांव में किसी न किसी को नाम से जानते हैं। उन्होने हमेशा लो-प्रोफाइल रहते हुए जो उन तक पहुंचा उसकी मदद की। राहुल के चुनाव हारने के बाद और उनके प्रतिनिधि के हटने के बाद प्रियंका के निर्देश पर उनके पास रायबरेली के साथ ही अमेठी का भी अघोषित दायित्व था। इस दौरान भी वह रायबरेली के साथ ही अमेठी के लोगो की मदद में तत्पर रहे। गांधी परिवार के लिए उन्होने पूरा जीवन समर्पित किया। गांधी परिवार और अमेठी रायबरेली को लोगों से जो प्यार स्नेह मिला उसी पर सन्तोष किया और कभी कोई महत्वाकांक्षा नहीं पाली।

## अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के कब्जे से 80 लिटर कच्ची व 25 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। सरधुवा थाना के उप निरीक्षक शिवमणि मिश्रा तथा उप निरीक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय, आरक्षी अतुल मिश्रा, राहुल पुरी द्वारा मुन्सी निषाद निवासी बक्टा खुर्द को 50 लिटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार राजापुर थाना के उप निरीक्षक इमरान खान तथा आरक्षी अजय मिश्रा द्वारा सुधीर निवासी लूपलाइन चैराहा को 30 लिटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा गनीवा चैकी प्रभारी अनिल सिंह तथा आरक्षी रामकेश, प्रमोद कुमार द्वारा राजेश कुमार निवासी हरदौली को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# डीएम और एसपी ने किया मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रविवार को मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण में चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया तथा ईवीएम में मतदान सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दिए जाने के विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में जाकर निरीक्षण किया। साथ ही प्रशिक्षण कक्ष में मतदान सम्बन्धी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण को बारीकी से समझा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सघन निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनर्सो से कहा कि अच्छी तरह से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दें ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न हो। जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। निर्वाचन में मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जरूरी है कि सभी लोग संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को विशेष कर ईवीएम मशीन के संचालन से सम्बन्धित समस्त तकनीकी जानकारी को प्राप्त कर लें और यदि किसी प्रकार की कोई शंका हो तो उसका भी समाधान अवश्य कर लें। मास्टर ट्रेनर्सो ने मांक पोल, चेकलिस्ट, मॉडल लेआउट, ईवीएम मशीन का संचालन आदि विभिन्न प्रपत्रों के बारे में जानकारी मतदान कार्मिकों को दी गई। उन्होंने पोलिंग पार्टियों से कहा कि अच्छी तरह से मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए समझ लें। मतदान के दौरान किसी का आतिथ्य स्वीकार नहीं करना है और न ही किसी प्रकार का मध्य निषेध व धूम्रपान कोई मतदान कार्मिक करेगा, यह आप लोग सुनिश्चित कर लें। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने ईवीएम मशीनों की कमिश्निंग की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिए कि ईवीएम मशीनों की कमिश्निंग के कार्यों के बारे में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी बुलाकर दिखाया जाए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी आर के त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## खेत पर किसान के बेटे ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** महेवा क्षेत्र के ग्राम निपानिया निवासी रामजी सिंह यादव का 18 वर्षीय पुत्र दिलीप यादव शनिवार की रात में गांव के बाहर अपने ही खेत में मूंग फसल की रखवाली करने गया था। जिसने पेड़ पर रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। देर रात में जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को उसकी चिन्ता हुई और उन्होंने उसकी खोजबीन की। खोजबीन के दौरान खेत पर पहुंचे परिजनों ने फांसी पर लटक रहे पुत्र को देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# इंटर कॉलेज के चौकीदार की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस। उरई**

सिरसा कलार क्षेत्र के मऊ खुर्द के इंटर कॉलेज में तैनात चौकीदार की रात में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सुबह जब प्रबंधक कॉलेज में आए तो चौकीदार का शव नीचे पड़ा मिला। जिसके बाद थाना पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के मऊ खुर्द गांव में दयाराम द्विवेदी इंटर कॉलेज है। जिसमें पास के गांव का हथना खुर्द निवासी मुन्नी लाल विश्वकर्मा 62 वर्ष पुत्र कन्हैया लाल चौकीदारी करता था। शनिवार की रात्रि को मुन्नी लाल स्कूल की दूसरी मंजिल की छत पर सो रहा था। छत से गिर जाने पर मुन्नीलाल की मौत हो गई। स्कूल के प्रबंधक साहब सिंह ने बताया कि चौकीदार शराब का लती था। उसने रात में शराब पी रखी होगी। रात्रि में किसी काम के उठा होगा और उसका पैर फिसल गया। जिससे उसकी मौत हो गई।थानाध्यक्ष ब्रजेश बहादुर सिंह ने बताया कि चौकीदार शराबी था। लेकिन मौत का कारण पोस्टमार्टम के बाद ही चलेगा। इसलिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकीदार के एक लड़की है। जिसकी शादी हो गई। पत्नी की मृत्यु भी कई वर्ष पहले हो चुकी है। अब वह अकेला स्कूल में रहता था।

# चचेरे भाई ने बहन की हत्या कर नदी में फेंका शव, पुलिस ने किया बरामद

**मोबाइल की लोकेशन के आधार पर लिया हिरासत में, पूछताछ में युवक ने उगले सारे राज**

**जन एक्सप्रेस। उरई**




माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करमरा में चचेरे भाई ने छोटी बहन की हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया। मामले की खबर मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर नदी से किशोरी के शव को बरामद कर लिया।

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करमरा निवासी मान सिंह वघेल की 12 वर्षीय पुत्री मीनाक्षी उर्फ मित्तल कक्षा आठ की छात्रा थी। शनिवार शाम वह गाय को पशु बाड़ा में बांधने गई थी। काफी समय तक देर घर न लौटने पर परिजनों को उसकी चिन्ता हुई और उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। परिजनों को उसका कहीं पता न चलने पर परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही देर रात सीओ शैलेन्द्र वाजपेई, कोतवाल, नागेन्द्र पाठक, बंगरा चौकी प्रभारी राहुल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ उसकी खोजबीन की पता न चलने पर, पुलिस ने उसके मोबाइल की जांच की गई। जिसमें पड़ोसी चचेरे भाई शिवकुमार वघेल का नंबर मिलने पर पुलिस ने उसे शक के आधार पर पकड़ लिया। पकड़े गए चचेरे भाई कसे पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर युवक ने अपना मुंह खोल दिया। जिसमें बताया कि उसने किशोरी को नदी में डुबाकर मार दिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी चचेरे भाई की निशानदेही पर रविवार सुबह किशोरी के शव को पहूज नदी से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस हत्या की वजह जानने के लिए आरोपित चचेरे भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जल्द ही घटना कैसे पर्दा उठा दिया जाएगा।

# तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

**जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट**



तालाब में नहाने गए दो बच्चे पानी में डूब गए। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने पानी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजापुर तहसील क्षेत्र के सालिकपुर गांव के निवासी दिनेश कुमार मिश्रा की ससुराल मऊ क्षेत्र के पिपरौंध गांव में है। दिनेश कुमार मिश्रा की पत्नी कविता विगत दिनों अपने बेटे छोटू मिश्रा (12) को लेकर मायके पिपरौंध आई थी। रविवार को सबेरे छोटू मिश्रा अपने मामा के बेटे शनि पाण्डेय पुत्र बालगोविन्द के साथ तालाब में नहाने गया। नहाने के दौरान ममेरे-फुफेरे भाई गहराई वाले स्थान में चले गए और पानी में डूब गए। यहा देखकर वहां मौजूद अन्य बच्चों ने शोरगुल किया व ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों ने दोनों बच्चों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ ले गए। यहां डॉ अनूप कुमार ने दोनों बच्चों को देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। इस दौरान परिजनों ने कहा कि वह बच्चों को एक बार प्रयागराज के चिकित्सकों को भी दिखाना चाहते हैं और दोनों को लेकर अस्पताल से रवाना हो गए, किन्तु वहां भी परिजनों को निराशा हाथ लगी और शव लेकर वापस परिजन गांव लौट आए। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ पाण्डेय ने पिपरौंध गांव जाकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

# कालपी विधानसभा के 467 पोलिंग बूथों में 4 लाख मतदाता करेंगे वोट की चोट

**जन एक्सप्रेस। कालपी**

लोकसभा चुनाव को कुशलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासन व बीआरसी केंद्र के द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। कालपी विधानसभा क्षेत्र के 3 लाख 99 हजार 564 मतदाता आगामी 20 मई को मतदान केंद्रों में वोट की चोट करेंगे।

कालपी विधानसभा क्षेत्र में 467 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें कालपी तहसील के 320 तथा जालौन तहसील के 147 पोलिंग बूथ शामिल है। बीआरसी केंद्र कालपी के प्रभारी शशांक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि कालपी विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 16 हजार 472 पुरुष तथा 1 लाख 83 हजार 75 महिला मतदाता एवं 13 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। कुल 3 लाख 99 हजार 564 मतदाताओं में पुरुष 54.18 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 45.82 प्रतिशत हैं। जबकि 01 प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाता हैं। तहसीलदार अभिनव शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के मुताबिक समस्त 467 पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर बिजली, पानी, सफाई, रैम्प तथा बाल पेंटिंग का निरीक्षण किया जा चुका है। इस सम्बंध में सुपर वाइजरों तथा बीएलओ के द्वारा लगातार व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## बेकाबू कार की टक्कर से बाइक सवार सब्जी विक्रेता की मौत

**जन एक्सप्रेस। कौशांबी**

हादसे के बाद चालक मय कार मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए एम्बुलेंस से एसआरएन के लिए भेजा। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही मौत हो गई।

पूरामुफ्ती कोतवाली के एयरफोर्स मनौरी गेट के समीप शनिवार भोर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मय कार मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

मादपुर गांव निवासी अरविंद कुमार पटेल (36) जगन्नाथ पटेल किसानी के साथ साथ सब्जी बेचने का भी काम करता था। शनिवार भोर वह बाइक से मुंडेरा मंडी सब्जी लेने जा रहा था। जैसे ही वह एयरफोर्स मनौरी गेट के समीप पहुंचा, इसी बीच पीछे से आ रही बेकाबू कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार घायल होकर सड़क पर गिरकर तड़पने लगा।

हादसे के बाद चालक मय कार मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए एम्बुलेंस से एसआरएन के लिए भेजा। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही मौत हो गई। युवक के मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रोते-बिलखते अस्पताल पहुंच गए। इस संबंध में थाना प्रभारी अजीत कुमार सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। भाई विजय कुमार पटेल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार नंबर के जरिये आरोपी की तलाश की जा रही है।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए धर्मनगरी के संत शुरू करेंगे अभियान

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**




देश में हो रहे लोकसभा चुनावों में बीते कुछ चरणों में मतदान में मतदान प्रतिशत कम रहने को लेकर विभिन्न पार्टियों सहित चुनाव आयोग भी चिंतित है। मतदान प्रतिशत बढाने को लेकर चुनाव आयोग की स्वीप टीम द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही सामाजिक और राजनीतिक संगठनों से भी आहवान किया जा रहा है।

विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र एवं प्रान्त सह मंत्री अभिनव ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिसमें कहा गया कि प्रत्येक प्रखण्ड स्तर और ग्राम स्तर में विश्व हिन्दू परिषद लोक अभिमत की बैठक के जरिए शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक करेगा। पूरे चित्रकूट जनपद में प्रखण्ड और ग्रामीण स्तर पर 400 बैठकों का लक्ष्य है। साथ ही प्रखण्ड और खण्ड स्तर पर संतों की नुक्कड सभाएं भी होंगी। बैठक में प्रान्त सह धर्माचार्य राकेश, प्रान्त सह धर्मप्रसाद पवन, रामशरण, अमित मिश्रा, अजय, राजेन्द्र त्रिवेदी, राकेश, जिला संगठन मंत्री ऋषभ, जिला मंत्री नीरज केशरवानी, सह मंत्री अर्चन, सिद्धार्थ, कोषाध्यक्ष यमुना प्रसाद, मठमन्दिर प्रमुख अजय, जिला संयोजक अंकित, सह संयोजक प्रणव, अव्यय गौतम, शिवेन्द्र सिंह, जिला गोरक्षा प्रमुख विमल, समरसता प्रमुख अभिषेक, नगर संयोजक शानू यादव, कामता प्रसाद आदि मौजूद रहे। बैठक के बाद भगवा बाइक रैली भी निकाली गयी। इसी क्रम में धर्मनगरी स्थित केशवगढ आश्रम में रविवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में चित्रकूट धाम के विभिन्न मठ मंदिरों के साधू संत और महंत मौजूद रहे। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने साधू संतों से आग्रह किया गया कि आगामी 20 मई को पांचवे चरण के तहत होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए साधू संत भी अपने भक्तों और अनुयाइयों को जागरूक करते हुए प्रेरित करने का कार्य करें। जिससे कि आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढाया जा सके।

इस मौके पर महंत दिव्य जीवन दास, महंत राम हृदय दास, महंत सीताशरण दास, मदन गोपाल दास, विश्व हिन्दू परिषद के धर्मयात्रा महा संघ के प्रान्त प्रमुख छेदीलाल गौतम, जिलाध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी, अव्यय गौतम आदि मौजूद रहे।

## कामदगिरि स्वच्छता समिति ने चलाया परिक्रमा मार्ग में वृक्षारोपण अभियान

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा रविवार को 115 वां स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही मेरा आंगन मेरी हरियाली अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। वृक्षारोपण अभियान में समाजसेवी बृजकिशोर गुप्ता ने वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि कामतानाथ का पर्वत हरा भरा रहे। इसको लेकर आने वाले समय में वृक्षारोपण की तैयारी चल रही है। साथ ही कहा कि प्रशासन के सहयोग से बोगन बेलिया से कामतानाथ के पर्वत को सजाएंगे।

अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि महात्मा गांधी का एक सपना था कि सब भारतवासी स्वच्छता के महत्व को समझें और उस पर अमल करें। साथ ही पर्यावरण को साफ रखने में मदद करें। ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि स्वच्छ और सुंदर चित्रकूट बने यह एक अच्छा विचार है और यही समय है कि हम सब मिलकर चित्रकूट को स्वच्छ रखें। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि अपने घरों के आसपास स्वच्छ रखने से बीमारियां फैलना बंद हो जाएगी। साथ ही हमारा घर पडोस भी सुंदर दिखेगा। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि चित्रकूट को स्वच्छ और साफ रखकर हम अपने चित्रकूट का विकास कर सकते हैं।

इस मौके पर राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केशरवानी, रसूल बख्श, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, दीपक, विजय कुमार, पिंकी, दिनेश लाल आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने की मतदान के बहिष्कार की घोषणा

**जन एक्सप्रेस। कौशांबी**

बरीपुर, सांखा, भैरमपुर, भड़ेहरी, हिसामपुर माढो, राजातारा, श्री का पुरवा, बनियन का पुरवा, अवध का पुरवा सहित कई दर्जनों गांव के लोगों का आने जाने का यही एक मात्र रास्ता है। बरसात के दिनों में या हल्की बारिश होने के बाद अंडर पास में कमर तक पानी भर जाता है।

सिराथू विधानसभा के हिसामपुर माढो गांव के ग्रामीणों ने रविवार को दिल्ली-हावड़ा अटसरांय कठवा पुल के पास प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए मतदान के बहिष्कार की घोषणा की। ग्रामीणों ने इस संबंध में मतदान का बहिष्कार करने से संबंधित स्लोगन और नारे लिखे पोस्टर भी लगा दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हिसामपुर माढो गांव से राष्ट्रीय राजमार्ग, अजुहा आने वाले लोगों को बरसात के महीने में काफी दिक्कत होती है। आने जाने के लिए मात्र एक रास्ता रेलवे अंडर पास होकर है। बरीपुर, सांखा, भैरमपुर, भड़ेहरी, हिसामपुर माढो, राजातारा, श्री का पुरवा, बनियन का पुरवा, अवध का पुरवा सहित कई दर्जनों गांव के लोगों का आने जाने का यही एक मात्र रास्ता है।

बरसात के दिनों में या हल्की बारिश होने के बाद अंडर पास में कमर तक पानी भर जाता है। इससे लोगों को 10 किलोमीटर घूमकर दूसरे रास्ते से आना पड़ता है। बड़ी संख्या में लोग जान जोखिम में डालकर रेलवे पटरी पार करके इस पार आते हैं। इसके चलते कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इसकी शिकायत कई बार सांसद, विधायक और उपमुख्यमंत्री से की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

## जिलाबदर अपराधी अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** 6 माह के लिए जिलाबदर आरोपी को गांव में खुलेआम घूमना भारी पड़ गया। थाना आटा पुलिस ने घेराबंदी कर जिलाबदर आरोपी को अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपराधिक क्रियाकलापों में लिप्त रहने पर डीएम ने आरोपी रंजीत पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम उकासा को दिनांक 19 फरवरी को 6 माह के लिए जिलाबदर घोषित करने के आदेश जारी किए थे। लेकिन आरोपी के क्षेत्र में खुलने आम घूमने की चर्चा थी। बीती रात को आटा थाना उपनिरीक्षक अतुल कुमार दलबल सहित मुखबिर की सूचना पर उकासा पुलिया के पास आरोपी रंजीत को दबोच लिया। जमा तलाशी में रंजीत के पास से एक अदद अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट व गुण्डा एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में मक्का उत्पादन की सम्भावनाएं एवं उत्पादन तकनीकी पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केन्द्र में राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के अवसर पर मक्का उत्पादन की सम्भावनाएं एवं उत्पादन तकनीकी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सुनील सिंह प्रगतिशील कृषक देवीपुर ने पंण्डित दीनदयाल उपाध्याय एवं राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ राजेन्द्र सिंह नेगी ने मक्का उत्पादन की सम्भावनाएँ एवं उत्पादन तकनीकी विषय पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया। डॉ अजय चैरसिया वैज्ञानिक सस्य ने मक्का की वैज्ञानिक खेती विषय पर प्रस्तुतीकरण एवं डॉ अखिलेश कुमार जागरे ने मक्का की फसल में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों के नियंत्रण के उपाय पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। साथ ही फेजन अनीकी ने मक्का से इथेनाल बनाने की प्रक्रिया एवं महत्व व हाईब्रीड किस्मों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। रुपेश गुप्ता ने मक्का की हाईब्रीड किस्मों एवं खरपतवारनाशी विषय पर जानकारी दी। नरसिंह यादव ने मक्का की हाईब्रीड एवं उन्नतशील प्रजाति के बारे में जानकारी दी। ओम प्रकाश सिंह ने मक्का से एथेनाल बनाने की प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए बताया कि एक टन मक्का से 380 लीटर एथेनाल बनेगा। जिले में मक्का के उत्पादन एवं चुनौतियों को कृषि वैज्ञानिकों के समक्ष रखा जिस पर वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों से विस्तार से चर्चा कर समाधान किया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अजनारा निवासी रामजी राजपूत 45 वर्ष का घर पर विवाद हो गया। जिससे वह नाराज होकर घर से निकल गया। तभी सरसोखी स्टेशन के पास पहुंचकर ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। रेलवे लाइन पर शव को देखकर वहां अफरा तफरी मच गई और मौजूद लोगों में सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान होने के बाद सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक के लड़के रितेश ने बताया कि उसके पिता का घर पर झगड़ा हुआ था। जिस पर नाराज होकर वह घर से निकल गए थे। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive



# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | सोमवार | 13 मई 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 37.4 (-2.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.6 (-0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 65 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 36 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 12.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कानपुर मंडल की तीनों सीटों पर भगवा भारी, पर कन्नौज में तगड़ी तैयारी

जन एक्सप्रेस । डॉ. हर नारायण मिश्र




कानपुर नगर। कानपुर मंडल की चारों लोकसभा सीटों में इसबार भाजपा व गठबंधन में सीधी टक्कर है। इन सीटों पर बसपा अब तकखास प्रभाव नहीं डाल सकी है। कन्नौज सीट पर सायकिल भले शक्ति -शाली हो पर शेष तीन संसदीय सीटों पर भगवा ब्रिगेड का पलड़ा भारी है।

विदित हो संसदीय चुनाव में मतदान के चौथे चरण में कानपुर मंडल की कानपुर नगर, अकबरपुर, कन्नौज तथा इटावा लोकसभा सीटों पर आज वोट डाले जायेगे। अकबरपुर संसदीय सीट से जीत की हैट्रिक लगाने उत्तरे देवेन्द्र सिंह भोले की सीधी लड़ाई इन्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी राजाराम पाल से है। भाजपा प्रत्याशी दो बार के विजेता सांसद श्री भोले कालांतर में दोबार विधायक व प्रदेश शासन के मंत्री भी रहे है वहीं गठबंधन प्रत्याशी श्री पाल प्रदेश शासन के मंत्री रहने के बाद हाथी पर चढ़ कर सांसद बने किन्तु चंद महीनों के बाद संसद में सवाल पूछने के लिए पैसा लेने का आरोप लगने से संसद व बसपा से भी निकाले जा चुके हैं। उसके बाद कांग्रेस के टिकट पर पुनः इसी सीट से सांसद बने थे। श्रीपाल विगत दो दशकों में अनेक बार संसद व विधान सभा का चुनाव हार कर अपनी जमानत भी गवां चुके हैं।

यह संसदीय चुनाव इन दोनों प्रतिनिधियों में तीसरी बार किसे संसद भेजता है ?

इसी क्रम में लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि बदलने को तैयार कानपुर नगर की संसदीय सीट है जहाँ भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने स्थानीय नेताओं की आन्तरिक कलह को भांपते हुए स्वयं को संघी पृष्ठभूमि का बताने प्रदेश के चर्चित पत्रकार रमेश अवस्थी को बाहरी होने के बावजूद टिकर देकर स्थानीय दिग्गजों और उनके वंशजों के अलावा उभरती हुई भगवा युवा ब्रिगेड को काफी बेचैन कर दिया है। मोदी-योगी व संघ के अनुशासन के भय से बेचारे न रो पा रहे हैं और न हंस पा रहे हैं। पन्ना प्रमुखों का जलवा घटते मतदान से भले कम हो रहा है किन्तु संगठन की सक्रियता व राम की कृपा से फिलहाल नगर का वोटर अवस्थी को नगर की हस्ती बनाने हेतु आतुर है। इनके प्रमुख प्रतिदंदी इण्डिया गठ-बंधन के प्रत्याशी आलोक मिश्र अपने जीवन का तीसरा चुनाव तथा परिवार का चौथा चुनाव लड़ रहे हैं। शेष तीनों चुनावों में उन्हें पराजय मिल चुकी है। इनके जीवन का सर्वश्रेष्ठ चुनाव कल्याणपुर विधान सभा से उपविजेता रह कर लड़ा चुनाव था। वह इनके जीवन का पहिला चुनाव था। इस मंडल के अर्न्तगत आनेवाली कन्नौज लोकसभा सीट पर चमत्कार के आसार साफ दीख रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक लगातार दूसरी बार उम्मीदार है। पिछली बार थोड़े मतों से वर्तमान गठबंधन प्रत्याशी की पत्नी को पराजित कर चुनाव जीत गए थे किन्तु इस बार अंतर्कलह से जुझूती भाजपा तथा अपनों को मना कर जोड़?ने में कामयाब सपा की दोहरी मार इन्हें संसद जाने से रोक सकती है। इनके क्षेत्र की जिस विधानसभा सीट ने पिछली बार इनकी जीत आसान कर दी थी इसबार यहां के दिग्गज़ नेता के सपा से भाजपा और भाजपा से सपा में पुनः शामिल हो जाने के कारण अखिलेश का पलड़ा भारी लगने लगा है। इसी प्रकार इटावा सीट पर दूसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे डॉ. रमाशंकर कठेरिया का सीधा मुकाबला बसपा छोड सपा में आए जितेन्द्र दोहरे से होना तय है। इस सीट पर स्वयं को इटावा की बेटी बताने वाली सारिका सिंह को बसपा ने मैदान में उतारा है। कालान्तर में धरती पुत्र मुलायम की कर्मभूमि रही यह सीट फिलहाल दलित बाहुल्य मानी जाती हैं। यदि कानपुर मंडल की चारों सीटों के मुख्य प्रतिबंधियो में शमिल एक मात्र महिला पप्रत्याशी सारिका सिंह का हाथी तेज़ दौड़ा तो परिणाम भी परिवर्तित होने की संभावनाएं बनती हैं। अन्यथा कन्नौज छोड़ कर तीन सीटों पर जीत का अंतर घट जाए पर बदलाव की बसर नही नज़र आती है।

# स्व. आरती जी की देह भी बिखेरेगी ज्ञान





**युग दधीचि देहदान संस्थान कानपुर द्वारा फतेहपुर मेडिकल कॉलेज को दूसरी देह दान**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर से वर्ष 2003 में मनोज सेंगर एवम उनकी पत्नी माधवी सेंगर द्वारा प्रारंभ किए गए युग दधीचि देहदान अभियान ने अब पूरे प्रदेश में अपना विस्तार कर लिया है, इसी क्रम में आज फतेहपुर मेडिकल कॉलेज को दूसरी देह दान करते हुए अभियान का 277वा देहदान सम्पन्न हुआ। देहदान संस्थान के निदेशक मनोज सेंगर ने बताया कि कल 11 मई की रात को के ब्लाक किदवई नगर कानपुर निवासी 73 वर्षीय श्रीमती आरती कुमार का निधन होने पर उनके पति अनिल कुमार ने सूचना देकर देहदान कराने का आग्रह किया, सेंगर द्वारा तत्काल अपनी पत्नी माधवी सेंगर से परामर्श करके देह को फतेहपुर मेडिकल कॉलेज को दान करने का निश्चय किया गया और आज 12 मई रविवार को दोपहर करीब बारह बजे कानपुर से देह ले जाकर फतेहपुर मेडिकल कॉलेज के एनाटमी विभाग को समर्पित कर दी। संस्था द्वारा मेडिकल कॉलेज को यह दूसरी देह दान की गई है, ज्ञातव्य है कि इससे पहले 24 अप्रैल 2024 को कानपुर की कौशल पुरी गुमटी नश 5 निवासी 84 वर्षीय श्रीमती संतोष ठक्कर जी की देह इसी मेडिकल कॉलेज को मनोज सेंगर द्वारा दान कराई गई थी।

कानपुर में देह समर्पण के समय स्वश आरती जी के पति अनिल, निशी सुमन एवम बहन अंजू सहित परिजन उपस्थित रहे, यहां फतेहपुर मेडिकल कॉलेज में देह सौंपने के समय मनोज सेंगर एवम माधवी सेंगर के साथ फतेहपुर देहदान प्रभारी विनोद कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, ब्रजेश सोनी एवम विनायक संतोष गुप्ता मौजूद रहे।

## गर्भवती महिलाओं को आरम्भ से ही चिकित्सकों की लेनी चाहिए सलाह

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आठ माह से पूर्व जन्म लेने वाले नवजात शिशु प्रीमेच्योर कहे जाते हैं। समय से जन्मे ऐसे बच्चों के फेफड़े व दिमाग पूरी तरह विकसित नहीं होते है जिससे उन्हें खाने की नली से जुड़ी परेशानियों के अलावा साँस लेने में भी कठिनाई होती है। इसके अलावा प्रसूता को भी शिशु को जन्म देने के बाद से अनेक प्रकार की स्वास्थ सम्बन्धी कष्ट सहन करने पड़ते हैं। ऐसी दशा में गर्भवती महिलाओं को आरम्भ से ही चिकित्सकों के साथ सलाह लेते रहना चाहिए। यह विचार दक्षिण भारत के मनीपाल से आये विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. प्रताप नारायण कुमार द्वारा प्रकट किये गये। कानपुर ओब्स एण्ड गाइनी सोसाइटी के तत्वाधान में एक गोष्ठी का आयोजन सोसाइटी के मुख्य संरक्षक प्रो-मीरा अग्निहोत्री द्वारा किया गया। प्रो0 श्रीमती अग्निहोत्ती के अनुसार दुनियाँ की 10 से 15 फीसदी महिलाए समय पूर्वी प्रसव जैसी बीमारी से ग्रस्त है। विश्व भर में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं में 60 फीसद बच्चे इसका शिकार है। इसक मूल कारण पूर्व प्रसव के उपरान्त सर्जरी में टाके ठीक न लगाये जाने तथा बच्चेदानी का द्वार क्षत विक्षत होना होता है। आब्स एण्ड गाइनी सोसाइटी तथा आईसो पर्व के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महिला चिकित्सक संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डॉ. नीलम मिश्रा ने बताया कि महिलाए सफेद पानी जैसी समस्या के प्रति लापरवाही न बरतें क्योंकि इस समस्या के बढ़ने के साथ ही बच्चेदानी व फेलोपियन ट्यूब में सूजन आने लगती है। समय से प्रसव होने के बाद बच्चेदानी के कैंसर जैसे प्राणघाती रोगों के बढ़ने के आसार बढ़ जाते हैं। इसके अलावा गर्भपात की संभावनाएं भी बढ जाती हैं। ऐसे शिशु बड़े होने पर भी मानसिक रूप से अपंग रहते हैं। संगोष्ठी में वक्ताओं के अनुसार सफेद पानी की समस्या इतनी नुक्सान-देह है कि इससे पहिले यूरिन में संक्रमण फैलता है। फिर वह किडनी तक पहुंच जाता है। मुख्य अतिथि डॉ कुमार ने समय पूर्व प्रसव से बचाव के लिए माइक्रोनाइज्ड प्रोजेस्टेशन की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। संगोष्ठी की शुरुआत समवेत दीप प्रज्जवलन तथा समापन सत प्रतिशत मतदान की सामूहिक शपत के बाद किया गया। संगोष्ठी के डॉ किरण सिन्हा, कल्पना दीक्षित, रेशमा निगम, किरण पांडे, उषा गोएनका व कंचन शर्मा आदि ने संबोधित किया। संचालन संयोजक राशि मिश्रा ने तथा आभार ज्ञापन अमृता शाह व रीना कौल द्वारा किया गया।

## सिंधी समाज ने लिया संकल्प पहले मतदान फिर जलपान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारत सरकार के गठन में अपने वोट के जरिए भागीदारी निभाने के लिए, पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में अध्यक्ष श्यामलाल मूलचंदानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोगों ने देश के सबसे बड़े पर्व के लिए एक जुटता दिखाई,लोकसभा चुनाव में 100त्र मतदान कराने के लिए कल शहर का पूरा सिंधी समाज श्रीझूले लाल शिव मन्दिर में एकत्रित हुआ।

आयोजन में महिलाओं ने भी खूब बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी भक्तो ने भगवान श्रीझूले लाल जी के जयकारे लगाए। पूरा मंदिर आयो लाल झूले लाल के उद्धघोष से भक्तिमय हो गया। सिंधी समाज के अध्यक्ष श्यामलाल मूलचंदानी ने सबको वरुण देवता श्री झूले लाल जी के समक्ष हाथ आगे बढ़ाकर सबको यह संकल्प दिलाया पहले मतदान फिर जलपान के नारे के साथ सुबह अपना वोट डालेगा। तत्पश्चात परिवार व पड़ोसी का वोट डलवाएगा। फिर यही कार्य उपरोक्त व्यक्त करेगा,कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्याम लाल मूल चंदानी (अध्यक्ष), बलराम कटारिया, गणेश बजाज, बंटी सिधवानी, सुरेश कटारिया, पूर्ण बजाज, संजय चुग, लक्ष्मण दास,राजकुमार लालवानी, मनोज तलरेजा, विनोद मुर्जानी, मुकेश कटारिया।

आदि उपस्थित रहे।

## महर्षि वाल्मीकि मेला कमेटी ने मतदान के लिए दिलाई शपथ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

लोकतंत्र के महापर्व पर लोकसभा चुनाव में मतदान परिषद बढ़ाने के लिए कानपुर के महर्षि वाल्मीकि मेला कमेटी द्वारा शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मेला कमेटी के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया महर्षि वाल्मीकि मेला कमेटी के कार्यालय पर भारी संख्या में महिलाओं और पुरुष ने एकत्र होकर को आज लोकतंत्र के इस माह पर अपना मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ ग्रहण कराई गई और साथी अपने आस पास पड़ोसियों को साथ में ले जाकर उनको उनके मताधिकार का प्रयोग करना और अपने समाज की बस्तियों में जाकर लोगों को लोकतंत्र के इस महापर्व पर अधिक से अधिक वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही जिससे देश में एक अच्छी सरकार का गठन हो और देश की उन्नति और विकास और तेजी से बढ़ सके।

## अधिवक्ताओं ने लिया संकल्प बढ़ाएंगे मतदान का प्रतिशत जन एक्सप्रेस



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अधिवक्ता एकता संगठन की अधिकाधिक मतदान को लेकर गूबा गार्डन कल्याणपुर की बैठक में पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने कानपुर के मतदान प्रतिशत पर बोलते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज का प्रहरी है और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमें शत-प्रतिशत मतदान कराने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि समाज के अग्रिम पंक्ति में रहने वाले अधिवक्ता समाज को अपनी सम्पूर्ण जिम्मेदारी निभानी होगी । इसके लिए कानपुर का प्रत्येक अधिवक्ता अपने मोहल्ले में कम से कम 21 परिवारों को मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान करवाने का कार्य करेगा। हम मतदान में कानपुर को नंबर एक बनाएंगे बढ़चढ़ कर अधिवक्ता मतदान कराएंगे के साथ उपस्थित अधिवक्ताओं ने अपने अपने मुहल्ले में अधिकाधिक मतदान कराने का संकल्प लिया। संचालन जगत सिंह ने किया।

प्रमुख रूप से आशीष गुप्ता अतुल सिंह प्रशांत शुक्ला राजीव यादव नीरज निषाद विकास गुप्ता हिमाचल निषाद मोहनीश गौतम सुरेंद्र सिंह रुखसार अहमद अनिल बाबू चौधरी शम्भू नाथ मिश्रा शिव प्रताप सिंह राकेश शाह प्रियम जोशी आदि उपस्थित रहे।

**फास्ट फॉरवर्ड**

### ढोल-ताशे-मंजीरा-शंख-घंटा-घड़ियाल बजाते हुए विधायक डालने जाएंगे वोट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। आज मतदान जागरूकता यात्रा ढोल-ताशे-मंजीरा-शंख-घंटा-घड़ियाल बजाते हुए, लोगों को मतदान करने के लिए अपने-अपने घरों से निकलने की अपील करते हुए, मतदान हेतु जागरूकता के नारे लगाते हुए। गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी,13 मई 2024,दिन सोमवार को, ठीक प्रातः 7:00 बजे, अपने पूरे परिवार के साथ, अपने आवास, नीरछीर चौराहा, नवीन नगर काकादेव से निकलकर,अपने परिवार एवं प्रथम बार वोट देने वाले मतदाता नौजवानों के साथ, जुलूस की शक्ल में पैदल चलकर, अपना वोट देंने जाएंगे।

### भाजपाई वोटरों की खटखटाएंगे कुंडी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। भाजपा केंद्रीय कार्यालय शास्त्री नगर में रविवार को भाजपा उत्तर एवं दक्षिण जिलाध्यक्ष दीपू पांडे व शिवराम सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। पूरे एक-एक बोर्ड को महत्वपूर्ण बताते हुए कार्यकर्ताओं को घर-घर कुंडी खटखटाकर वोटरो को मतदान केंद्र तक पहुंचाने का टास्क दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पहले अपना फिर अपने परिवार, अपने पड़ोसियों, अपने समर्थकों का मतदान करा कर पार्टी के दिए गए अभियान पर काम करें। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग महिला,पुरुष मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं की टोली को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने बूथ पर सुबह 10 बजे तक ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की बात कही। जिलाध्यक्ष ने सुबह 6 बजे से मतदान समाप्त होने तक मतदान केंद्रों पर सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। लोकसभा मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि लोकसभा के साथ ही प्रत्येक विधानसभा स्तर पर भी कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसमें पांच कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। कंट्रोल रूम में रमाकांत त्रिपाठी, दिलीप गुप्ता, रघुराज शरण गुप्ता, ओ पी दुबे, सिद्धार्थ शर्मा, दीपक शुक्ला की व्यवस्था संभालेंगे। सहायता के लिए यहां संपर्क करें।

### कुलपति की अपील मतदाता मतदान करने जरूर जाए

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि 13 मई को होने वाले लोकतंत्र के पर्व में सभी को अपनी हिस्सेदारी का निर्वहन करना है। इसलिए हर मतदाता मतदान करने जरूर जाए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर बीएलओ से मिली पर्ची और मतदाता पहचान पत्र या आधार कार्ड लेकर जाएं और अपना कीमती वोट योग्य प्रत्याशी को दें।

### डीसीपी साउथ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन के चतुर्थ चरण में अकबरपुर एवं कानपुर नगर लोक सभा सीट पर होने वाले मतदान को सकुशल शान्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दक्षिण जोन के मतदान केन्द्रो का रविवार को भ्रमण किया गया। मतदान केन्द्रो पर पुलिस बल एवं परामिलिट्री फोर्स मौजूद मिली एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## खुशहाल समाज की बेटियों ने वृद्धा आश्रम की माताओं हंसाया




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रविवार को खुशहाल बेटी खुशहाल समाज संस्था द्वारा बिठूर मे स्थित आरोम वृदा आश्रम में मदर्स डे मनाया गया। यह संस्था क द्वारा दूसरी बार मनाया गया जहां आश्रम में रह रहे सभी वृद्ध माताओं ने इस आयोजन मे हिस्सा लिया।जहा मातृत्व का एहसास और उनकी छाया जो हमें हमेशा किसी आशीर्वाद से काम नहीं होती इस एहसास को सभी ने वहां पर अनुभूति की इन्ही शब्दों के साथ संस्था की प्रमुख एडवोकेट एकता दीक्षित मिश्रा ने इसी आयोजन में उनके लिए मांगो पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें संस्था की सचिव अर्चना मिश्रा और नीता शर्मा ने सभी माताओ को गेम खिलाए जिसमे पी लक्ष्मी विजेता रही।

सभी ने गेम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संस्था की ओर से सभी को एक-एक टावल और ऑरेंज ड्रिंक के साथ आम बांटे गए।

कार्यक्रम क संचालन संस्था की अध्यक्ष डाक्टर प्रीति सिंह ने किया। अंत मे सभी मतदान जागरूक की शपथ दिलाई गई।

संस्था की और से उपाध्यक्ष सरिता गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष लक्ष्मी शुक्ला, साधना दीक्षित, ममता गुप्ता, चित्रा निगम, छमा, सुलभा तिवारी, नीरजा श्रीवास्तव सभी उपस्थित रही।

### पुलिस कमिश्नर ने जारी किए टोल फ्री नंबर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के चतुर्थ चरण में होने वाले मतदान को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु जनपद के सभी मतदान केन्द्रो में पर्याप्त सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कानपुर पुलिस के पुलिस कमिश्नर ने शहर के सभी प्रबुध्द मतदाताओं से अपील है कि उनका मत बहुत महत्वपूर्ण है और यह लोकतंत्र का महापर्व है, इसलिए घर से बाहर निकल कर अपने-अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें एवं मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक भाग लेकर अपने मत का प्रयोग करें और अपने समाज को सामूहिक उन्नति की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए इस महापर्व में सक्रिय रूप से शामिल हों मतदान होकर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करें। आपका मत राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अगर मतदान में किसी प्रकार की कोई समस्या आती है

## किशोरी को अगवा करने वाले आरोपी को पनकी पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



पनकी थाना क्षेत्र में तौहीद अंसारी नाम के युवक ने 12 साल की बच्ची को बहला फुसला कर अगवा कर लिया था। पनकी पुलिस ने सर्विलांस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है इसके साथ ही बच्ची को भी बरामद कर लिया है परिवार के लोगों ने बच्ची को अगवा करने के बाद रेप और धर्मांतरण कराने की कोशिश की आशंका जताई है पुलिस मामले की जांच में जुटी है पनकी में रहने वाले पीड़ित ने बताया कि बीती 29 अप्रैल को उनकी 12 साल की बेटी संदिग्ध हालत में लापता हो गई थी परिजनों ने आशंका जताई थी कि पड़ोसी के घर आने वाला डूडा कॉलोनी पनकी निवासी तौहीद अंसारी उनकी बेटी से आए दिन बातचीत करता था आशंका है कि उनकी बेटी का अपहरण कर लिया है। पनकी पुलिस ने तौहीद के खिलाफ अपहरण की एफआईआर दर्ज करके जॉच शुरू कर दी थी परिवार के लोगों को संदेह बिल्कुल सटीक निकला तो तौहीद अपने एक रिश्तेदार के घर में बच्ची को लेकर छिपा हुआ था तौहीद को पता था कि अगर मोबाइल ऑन किया तो पुलिस पकड़ लेगी इसके चलते अपना फोन स्विच ऑफ करने के साथ ही लगातार अपनी लोकेशन भी बदलता रहा। पनकी थानेकी पुलिस ने रविवार को तौहीद के एक रिश्तेदार के घर में दबिश देकर बच्ची को बरामद कर लिया इसके साथ ही तौहीद को गिरफ्तार कर लिया पुलिस की पूछताछ और जांच पड़ताल में सामने आया है की तबीयत ने बच्चों को झांसा देकर अपने प्रेम जाल में फंसा कर फरार हो गया था। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि बच्ची को मेडिकल के लिए भेजा गया है जल्द ही 164 का बयान भी कराया जाएगा बयान के आधार पर मुकदमे में धाराएं बढ़ाई जाएगी आरोपी तौहीद को जेल भेज दिया गया है।

## परिचय सज्मेलन का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

समाज कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में भारतीय दलित पैंथर मैक रॉबर्ट गंज में बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर 22 मई को मोती झील लान 3 में होने वाले सर्व सर्वजातीय सामूहिक बौद्ध धर्म वैवाहिक समारोह का अंतिम परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें अभी तक 60 जोड़ों के पंजीकरण हुए हैं जिनका विवाह 22 मई 2024 को होना सुनिश्चित हुआ है।

सामूहिक बौद्ध धर्म संस्कार वैवाहिक समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय रामू जयसवाल मानवेंद्र सिंह पिंटू ठाकुर ने सभी व वधुओं को वस्त्र वितरण किया।

## सिक्योर वैल्यू कंपनी के पांच दर्जन कर्मचारियों ने की हड़ताल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



तीन माह से सैलरी नहीं मिलने से भूखों मरने की नौबत आने पर कर्मचारियों ने सैलरी की मांग को लेकर हड़ताल कर दी। कंपनी के कर्मचारियों ने सैलरी न मिलने पर पुलिस से शिकायत की है और कहा है कि कंपनी उन्हें गलत मामलों में फसाने की धमकी भी दे रही है वहीं पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

कल्याणपुर अंबेडकर पुरम स्थित सिक्योर वैल्यू कंपनी के लगभग 60 कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। कंपनी के कर्मचारी गनमैन बृज किशोर ने बताया कि सिक्योर वैल्यू कंपनी एटीएम में पैसे डालने का काम करती है। कस्टोडियन, ड्राइवर और गनमैन मिलाकर कुल 60 कर्मचारी काम करते हैं पिछले तीन माह से कंपनी द्वारा उन्हें सैलरी नहीं दी गई है जिस कारण उनके भूखे मरने की नौबत आ गई है। सैलरी मांगने पर कंपनी हर बार झूठा आश्वासन देकर टरका देती है। 3 माह से सैलरी ना मिलने पर वह और उनके साथी कर्मचारी हड़ताल को मजबूर हैं। वही कंपनी कह रही है कि काम पर वापस आ जाओ नहीं तो बाहर से आदमी बुलाकर काम पर रख लिया जाएगा। कंपनी मैनेजमेंट लगातार किसी गंभीर मामले में कर्मचारियों को फसाने की धमकी दे रहा है। वह सभी बहुत गरीब परिवार से हैं और जिम्मेदारी का काम कर रहे हैं इस काम में उनकी जान का जोखिम भी बना रहता है। इसके बावजूद भी कंपनी सैलरी नहीं दे रही है उन सभी ने थाने में शिकायत की है।

### कॉस्को अंडर 9,13 व 17 बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट 17 मई से

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कानपुर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित प्रथम कानपुर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट सीरीज का आयोजन 17- 19 मई को रागेन्द्र स्वरूप स्पोर्ट्स अकेडमी कल्याणपुर मे चल रही कानपुर बैडमिंटन एकाडमी में होगा जिसमें प्रतिभागिता के लिए पंजीकरण 15मई तक ऑनलाइन या रागेद्र स्वरूप स्पोर्ट्स अकैडमी कल्याणपुर में होंगे। इस रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में अंडर 9, अंडर13, अंडर17बालक/ बालिका एकल एवं 13 व 17वर्गो में युगल इवेंट्स भी खेले जायेगे। भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

# योगी ने विपक्षियों पर जमकर साधा निशाना

**मोदी के प्रधानमंत्री बनने का विरोध करने वाले रामद्रोही हैं: सीएम योगी आदित्यनाथ**

जन एक्सप्रेस। अमेठी

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अमेठी जनपद मुख्यालय गौरीगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। जैसे ही योगी आदित्यनाथ मंच पर पहुंचे हजारों की संख्या में एकत्रित जन मानस ने जय श्रीराम बुलडोजर बाबा जिंदाबाद के उद्घोष के साथ साथ अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।योगी ने भी जनता का अभिवादन किया।और कहा कि जब आप अच्छा प्रतिनिधि चुनते हैं,तो परिणाम भी अच्छा आता है। और सर्वांगीण विकास होता है। जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा की आपने 2019 में एक क्रांतिकारी निर्णय लिया। और उस निर्णय की धमक न केवल लखनऊ में थी। बल्कि दिल्ली में भी सुनाई दे रही थी। उन्होंने कहा कि जब निर्णय सही होता है,तो परिणाम भी सही होते हैं। अमेठी वासियों ने साबित किया कि अब वे हिन्दुस्तान के विकास के सारथी बनेंगे। मैं बधाई दूंगा स्मृति ईरानी को जिन्होंने पांच वर्ष में जितना दौरा अमेठी लोकसभा क्षेत्र का किया। कांग्रेस की चार-चार पीढ़ियां उतना दौरा संयुक्त रूप से नहीं कर पाई थी। केंद्रीय मंत्री ने अपने दायित्वों का निर्वहन करने के साथ साथ मंत्रालय के कार्यक्रमों से पूरे देश का भ्रमण करने के बाद हर सप्ताह उनके द्वारा अमेठी लोकसभा क्षेत्र के किसी न किसी विधानसभा क्षेत्र,किसी न किसी विकासखंड में, किसी न किसी गांव में नई-नई योजना और कार्यक्रम लेकर आती रहीं।

अपने उद्बोधन में यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहाकि जब जनता अच्छे जन प्रतिनिधि चुनती है।तो परिणाम भी अच्छा ही आता है।और इस अच्छे परिणाम के लिए एक बार फिर से आपसे अपील करने के लिए मैं आपके बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि की लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। पूरे देश के अंदर आधा चुनाव संपन्न हो चुका है। और



चौथे चरण का चुनाव कल है। यानी तीसरे चरण आते-आते जो अब तक देश के अंदर मोदी लहर थी, वह एक सुनामी में बदल चुकी है।यह तो अवध क्षेत्र है। अवध क्षेत्र के लिए तो एक नया सवेरा है। पांच सौ वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ है। अयोध्या में प्रभु राम लला विराजमान हुए हैं। और इसकी बधाई आप सबको विशेष रूप से। योगी ने कहा कि मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का जो कोई विरोध कर रहे हैं, वे रामद्रोही हैं। प्रभु राम की इच्छा है कि मेरा भक्त फिर से तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बने। भगवान राम के परम भक्त मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान बढ़ा है।देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आतंकवाद पूरी तरह नियंत्रित हुआ है। विकास के बड़े-बड़े कार्य हुए हैं। हर घर नल की योजना, हर तहसील में फायर स्टेशन, आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, एक्सप्रेसवे, फोरलेन, सिक्स लेन, हाईवे, रेलवे मेट्रो वर्ल्ड क्लास की यूनिवर्सिटी, मेडिकल और गरीब कल्याणकारी योजनाओं की बाढ़ आई है। भारत में मोदी सरकार 80 करोड लोगों को निशुल्क प्रतिमाह राशन दे रही है। यह है नया भारत। पांच लाख की आयुष्मान भारत की स्वास्थ्य योजना देश के अंदर करोड़ों लोगों को मिल रही है।ग्यारह करोड़ से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की योजना मिल रही है। 12 करोड़ घरों में शौचालय देने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री या आवास योजना के तहत 4 करोड़ गरीब परिवारों को पक्का घर मिला है।शत प्रतिशत घरों में बिजली पहुंच रही है।मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों के अंदर गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। धारा 370 हटाने के बाद जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले कम हुऐ हैं।उन्होंने कहा कि कांग्रेसी गौ हत्या का संरक्षण देते हैं।और ऐसे में अगर भूल से भी हमारा वोट कांग्रेस को गया तो हमें गौ हत्या का पाप लगेगा।

### तिरपन साल पहले दादी ने जो नारा दिया, पोता आज वही बोल रहा है कि गरीबी एक झटके में मिटा देंगे

जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि दादी ने 1970 में जो नारा दिया था,पोता आज वही बोल रहा है कि गरीबी एक झटके में मिटा देंगे। जब उनसे पूछा गया कि कैसे मिटाएंगे? इस पर उनका कहना है कि संपत्ति का सर्वे करवाएंगे।सर्वे कर करके और कहा कि वरासत टैक्स लगा देंगे। जितनी जमीन, मकान होगा,जितनी प्रॉपर्टी होगी,जितना जेवरात होगा इसमें से आधे पर कांग्रेस के लोग जबरन कब्जा करने का प्रयास करेंगे। कांग्रेसी खानदान क्या कर रहे थे? ये लोग अमेठी के गरीबों को मकान नहीं दे सके।यहां के घरों में पानी नहीं पहुंचा सके।नारी गरिमा के प्रतीक शौचालय नहीं बना सके।मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कहा है कि धार्मिक आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता। जबकि कांग्रेस अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को मुसलमानों को दे देना चाहते हैं।

फास्ट फॉरवर्ड

### मातृ दिवस पर राइजिंग चाइल्ड स्कूल में हुए विविध कार्यक्रम




**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर अनेकों मनोरंजक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने तू कितनी अच्छी है, कितनी प्यारी है, मेरी मां, तेरी उंगली पकड़ कर चला, मां मुझे अपने आंचल में छुपा ले इत्यादि गीतों पर समूह नृत्य कर खूब तालियां बटोरी। स्कूल की तरफ से आयोजित कार्यक्रम की सभी ने सराहना किया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी मां की उंगली पकड़कर नृत्य कर खूब धमाल मचाई। तिश्या, अंशिका, तबीबा, आराध्या, अग्रज, अयान, अथर्व, सिद्धि, अज़ान, शाश्वत, रुद्र, माही, शौर्य, यथार्थ, अयंतिका, सुमिरन का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। मदर्स डे पर आधारित बधाई पत्र, शिक्षिकाओं की सहायता से बच्चों ने तैयार कर अपनी अपनी मां को भेंट किया, आकर्षक बधाई पत्र बनाने वाले 21 बच्चों को स्कूल द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने सभी बच्चों को बताया कि ऐसे तो प्रत्येक दिन अपनी अपनी मां के लिए समर्पित होना चाहिए पर यह खास दिन मां को शुक्रिया अदा करने का है क्योंकि वह हमें इतनी खूबसूरत संसार में लाई, यह दिन उन्हें यह बताने के लिए है कि वह हमारे लिए कितने खास हैं। प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने मातृ दिवस की सभी को शुभकामनाएं दिया। विद्यालय में हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवींद्र नाथ हरि सहित समस्त शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

### राष्ट्रीय पासी सेना के अध्यक्ष संजय पासी ने हजारों समर्थकों सहित ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** राष्ट्रीय पासी सेना के अध्यक्ष संजय पासी ने अपने हजारों समर्थकों सहित समाजवादी पार्टी को छोड़कर भारत के गृहमन्त्री अमित शाह के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। संजय पासी समाजवादी पार्टी के जिला सचिव पद पर भी रहे हैं। इस अवसर पर संजय पासी को भाजपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। उल्लेखनीय है कि रायबरेली में सबसे ज्यादा पासी समाज के मतदाता हैं, पासी समाज में संजय पासी की अच्छी पकड़ है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए संजय पासी के भाजपा में शामिल होने से विपक्ष को एक बड़ा झटका लगा है, और भारतीय जनता पार्टी को मजबूती मिली है। सदस्यता ग्रहण करने के उपरान्त संजय पासी ने भारत के प्रधानमन्त्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री, गृहमन्त्री, लोकसभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह सहित भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी का आभार प्रकट किया और विश्वास दिलाया कि रायबरेली का पासी समाज उनके नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी को जिताने का काम करेगा।

### पौराणिक महत्व के क्षेत्रों का उनकी महिमा अनुरूप किया गया विकास: खब्बू तिवारी



**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने विधानसभा गोसाईगंज तारून क्षेत्र के आधा दर्जन स्थानों पर जनसम्पर्क किया व चौपाल लगाया। काकोली बिंदा दुबे का पूरा मैदान में, बालापुर चौराहे पर, दौदहा अंबेडकर पार्क मैदान, बरेहटा निषाद राज प्रतिमा के बगल मैदान, ओनी रतनाथपुर लाला के बगिया में, अचलपुर अष्टभुजी माता मंदिर, सिरसा नियाजपुर बनकठ चौपाल लगा कर लोगों से संवाद किया। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा पीएम मोदी के दो कार्यकाल में देश ने लोकतांत्रिक परम्पराओं के साथ देश की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान किया गया है। देश के पौराणिक महत्व के क्षेत्रों का उनकी महिमा अनुरूप विकास किया गया है। किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से किसानों को आर्थिक सबलता मिली है। महिलाओं के उत्थान हेतु नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया है। गरीबों सर्वणों को आरक्षण दिया गया। तीन तलाक जैसी कुप्रथा को समाप्त किया गया है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को बिना भेदभाव दिया गया है। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि देश ने विकसित भारत के लिए अंगड़ाई लेना शुरू किया है, पीएम मोदी के विकसित भारत 2047 मिशन के साथ स्वंय को जोड़े। जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित मोदी सरकार के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक कार्य हुए है। जिसकी चर्चा आने वाले कालखंड में होती रहेगी। इस दौरान लोकसभा सह संयोजक राम मोहन भारती, ब्लाक प्रमुख फयाराम वर्मा, जिलाध्यक्ष निषाद पार्टी आशाराम निषाद, मंडल अध्यक्ष पति राज वर्मा ऊषा देवी, हरीराम जी वर्मा, प्रेम वर्मा, दिलीप वर्मा, महन्त प्रकाश मौर्य, मणीन्द्र शुक्ला मन्नू, गोरखनाथ दूबे, राधे श्याम वर्मा, कमला प्रसाद दूबे, राम राज मिश्रा, अयोध्या प्रसाद, संदीप वर्मा जिलेश निषाद, सतेंद्र कोरी, शिव कुमार निषाद, राम सुफल निषाद, सियाराम सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला शव

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर- अयोध्या।** बीकापुर कस्बे में रविवार दोपहर दुकान के अंदर लगाए गए बास में गमछे के सहारे 52 वर्षीय दुकानदार का फांसी के फंदे से शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के पूरे सेवक मिश्रा का पुरवा बहिउद्दीनपुर निवासी मृतक जगदम्बा यादव करीब तीन दशक से बीकापुर कस्बे में किराए का कमरा लेकर ट्रैक्टर रिपेयरिंग और ऑटोमोबाइल की दुकान संचालित कर रहा था।

# महिलाओं का नारा है भाजपा हटाओ संविधान बचाओ: सरोज यादव

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



समाजवादी पार्टी की जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने दरियाबाद विधानसभा कई गांव में डोर डोर जनसंपर्क कर अयोध्या लोकसभा 54 इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद और चुनाव निशान साइकिल के लिए वोट की अपील की। समाजवादी पार्टी महिला सभा जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने बताया को बीजेपी सरकार में लोगों को कुछ मिला नहीं है केवल उनसे छीना गया है चाहे रोजगार हो, शिक्षा हो, व्यवस्था हो, सुरक्षा हो,अब तो हमारे संविधान पर भी खतरा मंडरा रहा है यह कहते हैं हमको 400 पार, क्यों चाहिए ? 400 पार इसीलिए चाहिए कि वो संविधान में छेड़छाड़ कर सके उसको बदल सके। जनता इनकी मनसा को समझ चुकी है। उनके मंसूबों को सफल नहीं होने देगी। जनता पूरी तरह से त्रस्त है, परेशान है, उनका कहना है इस सरकार ने हमसे हमारा घर,रोजी-रोटी, बच्चों की शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा सब छीन लिया महंगाई चरम पर है घर चलाना मुश्किल हो रहा है 10 साल हो गए युवाओं को नौकरियां नहीं दी, जबकियों की चुनावी वादे में कहा था कि हमारी सरकार आएगी हर साल दो करोड़ नौकरियां दूंगा लेकिन कुछ भी नहीं हुआ।किसानों से वादा किया था जब सरकार आएगी आवारा पशुओं से छुटकारा दिलाएंगे,रसोई महंगी हो गई है,महिलाओं के अस्मत लूटा जा रहा हैं, ऐसी सरकार हमें नहीं चाहिए इसलिए इस बार इंडिया गठबंधन को जिताकर सरकार बनाएंगे। हम सब अवधेश प्रसाद को सांसद बनायेंगे जिससे हम लोगों का काम हो सके।परंपरागत वोट जो बीजेपी को मिला करता था वो खुलकर के विरोध कर रहे हैं। इस दौरान बीकापुर विधान सभा अध्यक्ष रीता निषाद ,उपाध्यक्ष विमला निषाद, रुदौली विधानसभा महासचिव मंजू रावत,जय सिंह रावत, श्याम लाल,राजकला, शिव कुमारी, भानुमति, उर्मिला, कंचन, संजना, राजकुमारी आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री कल्याणकारी योजना जागरूकता मिशन के पदाधिकारियों ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** प्रधानमंत्री कल्याण कारी योजना जागरूकता मिशन के पदाधिकारी की एक बैठक श्री अयोध्या जी के चरण पादुका मंदिर श्री हनुमानगढ़ी में संपन्न हुई । आज इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संगठन के पदाधिकारीगणों से आवाहन एवं जनसंदेश दिया गया कि सभी पदाधिकारी से तन मन धन से लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा प्रत्याशियों की पक्ष में पूर्ण सहयोग एवं समर्थन करने का संकल्प लें । बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण सूर्यभान सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष, संत महंत गिरजेश दास राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मनोज कुमार राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी,महंत जटाशंकर दास, श्री हनुमानगढ़ी, मनोज चौरसिया प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, राम प्रकाश जायसवाल प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश, नीरज श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश , पुष्पेंद्र सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, दिनेश शर्मा मंडल अध्यक्ष अयोध्या , राघवेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष गोरखपुर , शीतला प्रसाद शुक्ला जिला अध्यक्ष सुल्तानपुर , श्रीमती निशा सिंह जिला अध्यक्ष अंबेडकर नगरनगर भी मौजूद रही ।

# प्रियंका ने नुक्कड़ सभाएं कर राहुल गांधी के लिए मांगे वोट



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

रविवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने तेलंगाना से वापस लौटने के बाद जनपद रायबरेली में भाई राहुल गांधी के लिए भीषण गर्मी में वोट मांगने निकल पड़ी हैं। दोपहर एक बजे से प्रस्तावित प्रियंका गांधी की रैली हरचंदपुर के कठवारा से शुरू हुई जहाँ उन्होंने मतदाताओं से कनेक्ट करते हुए बेरोजगारी और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भाजपा को घेरने का प्रयास किया। प्रियंका गांधी यहाँ से सभा करने के बाद आगे बढ़ते हुए कुल आठ नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगी। प्रियंका गांधी हरचंदपुर विधानसभा के अंतर्गत कठवारा, हरचंदपुर, आंचलेश्र्व में सभाएं कर चुकी हैं जबकि गुरुबक्शगंज, खीरों सेमरी, सुल्तानपुर खेड़ा और टिकरा में उन्हें नुक्कड़ सभायें करनी हैं। इस दौरान प्रियंका गांधी को सुनने के लिए भारी भीड़ जुट रही है। सभा के दौरान प्रियंका ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र में दस साल से भाजपा की सरकार है लेकिन आज तक रायबरेली में जितने काम हुए वे सब कांग्रेस के समय में हुए हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि राहुल गांधी को और कांग्रेस को भारी मतों से जिताइए ताकि हम आपको और आगे बढ़ा सकें।

### चौहान गुट ने 117वीं लावारिस शव का करवाया दाह संस्कार

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जनपद में एक इकलौता व्यापार मंडल चौहान गुट ही है जो एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में लावारिश शवों का निशुल्क अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है। आज चौहान गुट टीम ने 117वीं लाश का अंतिम संस्कार बैकुंठधाम मुंशीगंज में करवाया। विगत दिनों ऊंचाहार थाने के अंतर्गत एक अज्ञात महिला का लावारिश शव मिला, जिसकी उम्र लगभग 45 वर्ष थी, जिसको लेकर ऊंचाहार पुलिस ने उनके परिजनों की काफी खोजबीन के बाद जब परिजन नहीं मिले तो लावारिस शव को अंतिम संस्कार हेतु ऊंचाहार थाना एसआई आशीष नायर ने ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान से संपर्क किया। उस वक्त जी सी चौहान जी मौके पर नहीं थे आवश्यक कार्य हेतु बाहर थे उसके बावजूद चौहान जी ने तत्काल जिलाध्यक्ष मो0 उमर, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, प्रदेश सचिव हाजी सन्ने को फोन करके जिम्मेदारी सौंपी। जिसको सभी पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मिलजुल कर पूरा किया और पोस्टमार्टम करवाने के बाद लावारिश शव का अंतिम संस्कार कांस्टेबल अनूप यादव, पीएनओ-182632482, थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली की मौजूदगी में सम्मान के साथ करवाया गया। प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट पिछले एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में मिलने वाली लावारिस लाशों का निशुल्क रूप से अंतिम संस्कार करवाता है। लावारिश लाश पुरुष की हो या महिला की, हिंदू की हो या मुसलमान की उसको उसी के धर्म के हिसाब से अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है चौहान गुट।

# लोकसभा चुनाव व्यय प्रेक्षक ने चेक पोस्ट का किया निरीक्षण,दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर



जनपद में आचार संहिता के कड़ाई से अनुपालन हेतु व्यय प्रेक्षक ने स्थाई निगरानी टीम के साथ स्वयं कई गाड़ियों को चेक किया तथा व्यय प्रेक्षक राजा भट्टाचार्य ने अकबरपुर विधानसभा के सैदापुर चेक पोस्ट का गहन निरीक्षण किया।उन्होंने वहां उपस्थित स्थाई निगरानी टीम के मजिस्ट्रेट सतीश उपाध्याय को कठोर निर्देश दिए कि जितनी भी गाड़ियों की चेकिंग हो रही है ,उसमें गाड़ी नंबर, रखे गए सामान की मात्रा एवं मूल्य का गहन परीक्षण करें तथा इस हेतु एक नियमानुसार रजिस्टर बनाएं और प्रतिदिन की गाड़ियों की चेकिंग उसमें नोट करें तथा चेकपोस्ट पर बेरियर लगाकर गहन चेकिंग करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त व्यय प्रेक्षक ने स्वयं कई गाड़ियों को चेक किया।उनके साथ पुलिस के स्कॉर्ट के साथ साथ उनके लाइजनिंग ऑफिसर संतराम वर्मा और नोडल लाइजनिंग अविनाश पांडेय भी उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मास्टर ट्रेनरों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर




जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थित में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराने हेतु मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया, एमपीएस एवं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण 125 मास्टर ट्रेनरो को दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 14 मई से पीठासीन अधिकारी / मतदान अधिकारी प्रथम , द्वितीय, तृतीय का प्रशिक्षण राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रारंभ हो रहा है।मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिए गए हैं कि समय से उपस्थित हो संबंधित अधिकारियों को विधवत तरीके से प्रशिक्षण दिया जाए। जिससे 25 मई को मतदान सुचार रूप से कराया जा सके। जिसमें प्रत्येक कमरे में तीन मास्टर ट्रेनर लगाए गए हैं। पीठासीन अधिकारी/ मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय , तृतीय को ट्रेनिंग के दौरान विधवत रूप से जानकारी प्रदान किया जाए जिससे आगामी 25 मई को होने वाले मतदान में कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, डीसी मनरेगा आर पी मिश्रा, डीसी एनआरएलएम भूपेंद्र कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी,मास्टर ट्रेनर मौके पर उपस्थित रहे।

# आध्यात्मिक धरोहर को संजोते हुए किया गया अयोध्या का विकास: महापौर

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने अयोध्या के लक्ष्मण घाट वार्ड के बूथ में जनसम्पर्क कर व जनचौपाल लगा कर लोगों से संवाद किया। इस दौरान कई स्थानों पर महापौर का स्थानीय नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया। जनचौपाल में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि रामनगरी अयोध्या अपने सांस्कृतिक व आध्यात्मिक महत्व के लिए पूरी दुनिया में जानी जाती है। दुनिया के कई देशों में होने वाली रामलीलाएं आज भी मर्यादा व अनुशासन का पाठ लोगों को पढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अयोध्या के आध्यात्मिक धरोहर को संजोते हुए विकास करने के साथ इसके सांस्कृतिक महत्व को भी वैश्विक स्तर पर दीपोत्सव के माध्यम से प्रसारित किया। आज विश्व पर्यटन के मानचित्र पर अयोध्या आ गई है। दुनिया के कोने कोने से श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए आ रहे हैं। श्रद्धालुओं को विश्व मानकों के अनुसार सुविधा देने के लिए हम प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार ने योजनाओं की श्रृंखलाएं प्रदान की है। रामनगरी में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप रेलवे स्टेशन व पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट का निर्माण किया गया है। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सत्रह दिवसीय स्वदेश उत्सव में कलाकार बिखेर रहे हैं अपने कला रंग का जलवा

जन एक्सप्रेस। अयोध्याधाम



सागर कला भवन अयोध्या में हो रहे सत्रह दिवसीय स्वदेश उत्सव कला कार्यशाला में पांचवें दिन आशीष फाउन्डेशन के संस्थापक समाजसेवी अनुज परमवीर सिंह के जन्मदिन के अवसर पर श्री लक्ष्मी चेरिटेबल ट्रस्ट में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे सैकड़ों गरीब बच्चो के साथ पढ़ाई लिखाई पर विशेष चर्चा के साथ ही साथ बच्चो को फल आहार केला, बिस्कुट, चिप्स, फ्रूटी और चाकलेट आदि वितरण किया गया। इस कार्य में आशीष फाउंडेशन की अध्यक्ष आशीष कौर, इंदर प्रीत सिंह बेदी, रजनी बेदी, परमवीर सिंह, शशि रावत, राजवीर सिंह बेदी, रामकृष्ण सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष आकाश गुप्त, अनुराधा, पीयूष श्रीवास्तव, विजय वर्मा, स्वदेश संस्थान के अध्यक्ष एस बी सागर आदि उपस्थित रहे।इसके पूर्व मां शान्ति सेवा फाउंडेशन के संस्थापक संरक्षक बसन्त राम एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव, रायबरेली नवोदय विद्यालय से आए हुए शिक्षक मनोज पाण्डेय सहित सैंकड़ों लोगों द्वारा कला कार्यशाला का अवलोकन भी किया गया।

मुख्य अतिथि इंदर प्रीत सिंह बेदी ने कहा हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर होना चाहिए जिस क्षेत्र में रुचि हो उस प्रतिभा को अपना कर आगे बढ़ना चाहिए साथ ही इंसान के अंदर सभी के प्रति आदर एवं मानवता के साथ समाज सेवा की भावना भी होनी चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष बसंत राम ने सभी कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन भी एक कला है जिसमें सुख-दुख आते जाते हैं अपने लक्ष्य पर कार्य करने वाला व्यक्ति सफल जरूर बनता है। कला के माध्यम हम अपनी भावनाओं को उकेर कर उन्हे जीवंत कर सकते हैं। स्वदेश संस्थान के अध्यक्ष एस बी सागर, सचिव प्रतिभा यादव एवं राम आशीष ने संतुक्त रुप से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए स्वागत एवं धन्यवाद किया। एस बी सागर प्रजापति ने कहा कि इस स्वदेश उत्सव कला कार्यशाला में अयोध्या की कला संस्कृति को आधार मानकर कलाकार भित्ति चित्रण को उकेरते हुए अपने कला रंग का जलवा बिखेरते हुए अपनी पहचान बना रहे हैं। इस कार्यशाला का समापन 23 मई बुद्ध पूर्णिमा को कला प्रर्दशनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह के साथ होगा। अन्तिम में स्वदेश यश गान हुआ।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 38°C | 26°C |
| कानपुर | 39°C | 27°C |
| देहरादून | 33°C | 22°C |
| नई दिल्ली | 38°C | 27°C |

# 4 जून के बाद यूपी को माफिया मुक्त राज्य घोषित करेंगे : सीएम

**सीएम ने कहा, माफिया की संपत्तियों को जब्त कर गरीबों, अनाथों, महिला संरक्षण गृहों और दिव्यांगों के घरों के लिए किया जाएगा आवंटित**

- यूपी में दंगा करने वालों को सात पीढ़ी तक जुर्माना भरना होगा : मुख्यमंत्री
- एक निजी टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में सीएम योगी ने सभी मुद्दों पर की खुलकर बात



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया को चेतावनी देते हुए कहा है कि चार जून के बाद हमारी सरकार यूपी को माफिया मुक्त राज्य घोषित करने के लिए एक निश्चित कट-ऑफ तारीख देगी। उन्होंने कहा कि सभी माफिया नेताओं की तरफ से अर्जित संपत्तियों को जब्त किया जाएगा और गरीबों, अनाथों, महिला संरक्षण गृहों और दिव्यांगों के घरों के लिए आवंटित कर दिया जाएगी। सीएम योगी ने यह बड़ी घोषणा एक निजी टीवी चैनल में साक्षात्कार का दौरान कहीं। इस साक्षात्कार में सीएम योगी ने माफिया और विपक्षी नेताओं पर एक्शन को लेकर भी खुलकर जवाब दिया।

### दंगाइयों पर चलेगा डंडा

एक सवाल के जवाब में सीएम योगी ने कहा कि जो भी दंगा करेगा उस पर डंडा तो चलेगा ही। यूपी में दंगा करने वालों को सात पीढ़ी तक जुर्माना भरना होगा। आज प्रदेश की बहन-बेटियां सुरक्षित हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में सीएम योगी ने कहा कि अब एक अपराधी गले में तख्ती डालकर जान की भीख मांगने पर मजबूर है। हमने प्रदेश में एक भयमुक्त वातावरण दिया है।

### माफिया की जमीनों पर बनेगा अस्पताल और स्कूल

सीएम योगी ने कहा कि माफिया की अवैध जमीनों पर अस्पताल और स्कूल बनाए जाएंगे। पहले चरण में माफिया को टारगेट किया जाएगा और दूसरे चरण में उनके गुर्गों की संपत्तियां भी जब्त की जाएगी। इसके लिए हमारी कार्य योजना भी तैयार है। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के सीनियर नेता और पूर्व मंत्री आजम खान से जुड़े सवाल का भी जवाब दिया। आजम खान की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि ये उस महाभारत परिवार के एक और ÷काका श्री÷ हैं। जब द्रौपदी का चीरहरण हो रहा था, तो दुर्योधन और दुशासन के सामने हर कोई चुप था। जैसी करनी वैसी भरनी (जैसा बोओगे, वैसा काटोगे) चाहे वह आजम खान हों या कोई माफिया सरगना। उन्होंने राज्य के विकास में बाधा डाली।

### कयामत के दिन तक नहीं होगा गजवा-ए-हिंद

कुछ इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा गजवा-ए-हिंद के बारे में बोलने पर योगी ने कहा, कयामत के दिन तक गजवा-ए-हिंद नहीं होने वाला है। भारत, भारत ही रहेगा। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी के वोट जिहाद के आह्वान पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वोट के लिए जिहाद करेंगे तो जन्नत नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछले 10 वर्षों के दौरान मोदी जी ने जाति और धर्म को किनारे रख के सभी को समान रूप से सामाजिक कल्याण की योजनाओं का लाभ दिया। जो लोग हमारे समाज का ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं, वे कभी मुसलमानों के हितैषी नहीं हो सकते। वे हमेशा चाहेंगे कि मुसलमान लुंगी पहनें और दौड़ें।

### 4 जून का बाद राहुल के लिए बेगाना हो जाएगा देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि 4 जून के बाद इनको पूछने वाला कोई नहीं होगा। ये गाएंगे, चल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगाना। योगी ने कहा कि राहुल मुझसे लिखित में ले सकते हैं कि उनका गठबंधन यूपी में सभी सीटें हार जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा राहुल गांधी का पुराना रिकार्ड रहा है कि जब भी उन पर कोई संकट आता है तो वह देश छोड़कर उस जगह चले जाते हैं, जहां के बारे में उन्हें सबसे अच्छा पता होता है। इस बार भी 4 जून के बाद ऐसे ही होगा। योगी ने कहा कि 403 सीटों वाली यूपी विधानसभा में कांग्रेस के पास सिर्फ दो विधायक हैं। अगली बार, वे ये दो सीटें भी हार जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी को यूपी में 80 सीटें जीतने का इतना ही भरोसा था तो उन्होंने वायनाड जाकर चुनाव क्यों लड़ा। अब यहां लड़ने का फैसला किया तो उन्होंने अमेठी छोड़कर रायबरेली से चुनाव व अगला लड़ा।

# मोदी सरकार में सबसे ज्यादा प्रताड़ित है मातृ शक्ति : कांग्रेस

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मातृत्व दिवस पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा निषाद बाथम, प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता शुचि विश्वास ने संयुक्त प्रेस मीटिंग की।उन्होंने कहा किमाँ परिवार की धुरी है, मातृशक्ति के बगैर सृष्टि की कल्पना अधूरी है। समूचे देशवासियों को मातृत्व दिवस की शुभकामनाएं। मोदी सरकार में सबसे ज्यादा यदि कोई प्रताड़ित है तो वह मातृ शक्ति हैं, महिलाएं हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार का नारा बन गया है, बलात्कारी बचाओ बलात्कारी भगाओ। भाजपा में अत्याचारियों, व्यभिचारियों, भ्रष्टाचारियों सबको शरण दी जाती है। जो बेटियां गुहार लगाती हैं उन्हें सजा दे दी जाती है।मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद महिलाओं के खिलाफ अपराध दर 64.4 प्रतिशत हो गई है, जो 2014 में 54 प्रतिशत थी। महिला अपराधों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। 2014 में महिलओं के खिलाफ प्रतिवर्ष 337922 अपराध होते थे जो आज बढ़कर 445256 हो गये हैं।देश में रोज 1219 महिलाएं अपराधियों का शिकार हो रही हैं। देश के कोने कोने से भाजपा राज में महिलाओं की चीख-चीत्कार सुनाई दे रही है। जिस बेटी ने भाजपा सरकार से गुहार लगाई उस बेटी ने सजा पाई। हाथरस से हासन तक, मणिपुर से उन्नाव तक, पौड़ी गढ़वाल से सोनभद्र तक, कैसरगंज से वाराणसी तक भाजपाई सत्ता की सरपरस्ती बलात्कारियों के साथ है। आज समूचे देश की महिलाएं एक स्वर में आवाज उठा रही हैं, मोदी सरकार हटाइये, महिलाओं को सशक्त बनाइये। कैसरगंज से भाजपा ब्रजभूषण शरण सिंह पर अन्तर्राष्ट्रीय महिला कुश्ती पहलवान बेटियों के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप तय कर दिये गये हैं, उनके सुपुत्र को भाजपा ने प्रत्याशी बनाकर महिला पहलवानों का अपमान किया है। हासन कर्नाटक से भाजपा गठबंधन दल के सांसद प्रज्वल रेवन्ना की दरिंदगी के आरोप देश में आज चर्चा का विषय बने हुए हैं। हजारों यौन उत्पीड़न आरोपों को जानने के बावजूद प्रधानमंत्री ने आर्शीवाद देकर उनके लिए समर्थन मांगा। चाहे उन्नाव से कुलदीप सेंगर हो, यूपी के रामदुलार गोड़ हो, कर्नाटक के रमेश जारकीहोली, वाराणसी से कन्हैयालाल मिश्र, उत्तराखंड के पुलकित आर्या, हरियाणा के संदीप सिंह सैनी, बीएचयू के दोषी कुणाल, आनंद और सक्षम पटेल, केरल के पदम राजन इन सब पर गंभीर धाराओं में महिला दुष्कर्म के आरोप दर्ज होने के बावजूद भाजपा सरकारों की सरपरस्ती कायम है।गृह मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि उत्तर प्रदेश को भाजपा सरकार ने महिला अपराधियों के गढ़ में तब्दील कर दिया है। उत्तर प्रदेश में 2017 से 2022 तक 288505 महिलाएं अपराधियों का शिकार हुई हैं।रोंगटे खड़े कर देने वाले तथ्य यह हैं कि 80 हजार महिलाओं का अपहरण हुआ, 68 हजार महिलाओं से छेड़छाड हुई, 21 हजार से अधिक बलात्कार हुए, सबसे विभत्स पहलू यह है कि देश में महिलाओं पर सर्वाधिक एसिड अटैक उत्तर प्रदेश में हो रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अनुप्रिया पटेल के सामने अब सपा के रमेश बिंद मैदान में

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने अचानक अपने टिकट में बदलाव करते हुए मिर्जापुर से अपना दल एस चीफ और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के खिलाफ बीजेपी के भदोही से मौजूदा सांसद रमेश बिंद को टिकट दे दिया है ।अनुप्रिया पटेल एनडीए की प्रत्याशी हैं और वर्तमान में सांसद हैं ।वे इस बार हैट्रिक लगाने की फिराक में हैं ।अब देखना होगा कि रमेश बिंद उनकी राह में रोड़ा बनपाते हैं या फिर अपनादल एस का ही झंडा बुलंद होगा। बिंद ने समाजवादी पार्टी रातों रात ज्वाइन भी कर ली। रमेश बिंद के अब मिर्जापुर से चुनाव लड़ने से मामला दिलचस्प हो गया है। मिर्जापुर में चुनावी माहौल में परिवर्तन हो गया है। बिंद का टिकट बीजेपी ने भदोही से काट दिया था। बिंद समाज का मिर्जापुर में खासा प्रभाव है। समाजवादी पार्टी ने राबर्ट्सगंज सीट से छोटे लाल खरवार को टिकट दिया है।

### 'निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से हो रहा अनुपालन'

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 11 मई तक पुलिस ने अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये। 4715 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये। शांति भंग कीआशंका में 27,38,825 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 25,01,487 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस ने 9274 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 9346 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 530 बम बरामद किया। अवैध शस्त्र बनाने वाले 4191 केन्द्रों पर रेड डाली और 177 केन्द्रों को सीज किया।11 मई को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र जब्त तथा 06 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,660 लोगों को पाबन्द किया गया। बिना लाइसेंस के 64 शस्त्र, 64 कारतूस व 04 बम बरामद कर सीज किये गये। अवैध शस्त्र बनाने वाले 87 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 01 केन्द्र को सीज किया।

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने जब्त की अवैध शराब

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है ।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 11 मई तक 41664.92 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3368.46 लाख रुपये नकद , 5162.16 लाख की शराब, 23154.24 लाख की ड्रग, 2289.87 लाख की धातुएं, 4935.67 लाख के मुफ्त उपहार एवं 2754.53 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की ।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों ने 11 मई को 131.49 लाख की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की गई। इसमें 11.94 लाख रुपये नकद, 49.06 लाकह की 18339.74 लीटर शराब, 23.08 लाख की 30618.80 ग्राम ड्रग, 18.91 लाख की 23640 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 27.54 लाख के 42127 मुफ्त उपहार एवं 0.96 लाख की 10 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

11 मई को प्रमुख जब्ती में झांसी की झांसी नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10.20 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 40.80 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी। झांसी नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 18.91 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 23640 ग्राम बहुमूल्य धातु पकड़ी गयी।

### आज प्रदेश के युवा नौकरियाँ देने वाले बन रहे : ब्रजेश पाठक

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को लखनऊ में युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के युवाओं के साथ केवल छल और धोखा किया है। उनके इंडी पार्टनर अखिलेश यादव ने भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम किया। नौकरियों में युवाओं का हिस्सा छीना। भाजपा की सरकार में लिस्ट पर नौकरी नहीं मिलती आज युवाओं को उनकी मेधा पर बिना भ्रष्टाचार पारदर्शी तरीके से नौकरियाँ मिल रही हैं। आज प्रदेश के युवा नौकरियाँ देने वाले बन रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस और सपा का एजेंडा परिवार जिताओ और परिवार के लोगों को बढ़ाओ ही है। मां ने बेटे के लिए सीट छोड़ी, अखिलेश यादव परिवार को ही लड़ाने में ऊर्जा लगा रहे हैं लेकिन उन्हें जनता धूल चटायेगी। कहा कि सपा परिवार ही एक दूसरे को निपटाने में लगा है। इस बार प्रदेश में पूरा इंडी गठबंधन हारने के लिए लड़ रहा है। इनका सूपड़ा साफ हो जाएगा।

# लोकसभा चुनाव सत्ता भोगियों और जनसेवा करने वाले योगियों के बीच : स्वतंत्र देव सिंह



- युवाओं को न जातिवाद दिखता न क्षेत्रवाद,उन्हें दिखता है सिर्फ राष्ट्रवाद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

2024 का लोकसभा चुनाव सत्ता के भोगियों और देश की गरीब जनता की सेवा करने वाले योगियों के बीच है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 24 सालों में आजतक कोई छुट्टी नहीं ली। मोदी तपस्वी की तरह दिन रात देश की सेवा में लगे रहते हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को संतकबीर नगर से लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण निषाद और बांसगांव से लोकसभा प्रत्याशी कमलेश पासवान के लिये युवा मोर्चा सम्मेलनों को संबोधित किया। कुशीनगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय दुबे के लिए पिछड़ा वर्ग मोर्चा सामाजिक सम्मेलन में संवाद किया।

पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को याद दिलाना चाहता हूँ कि दस साल पहले कांग्रेस की सरकार में कभी भी कहीं भी सीरियल बम ब्लास्ट और आतंकवादी घटनाएँ होती थीं। मोदी सरकार में ये सब बीते दिनों की बात हो गई है। देश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए सख्त क़ानून व्यवस्था इस सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा यही वजह है कि देश के युवा मोदी जी को पसंद करते हैं। युवाओं का वोट देश के नाम पर होगा, मोदी के नाम पर होगा।श्री सिंह ने कहा कि याद रहे कि आपके एक वोट से ग़रीबों के लिए पक्का मकान, युवाओं के लिए रोज़गार, देश की सीमाओं की सुरक्षा, फ्री राशन, फ्री चिकित्सा और फ्री शिक्षा सुनिश्चित होती है। हर घर बिजली और हर घर नल से जल पहुँचता है। बीते दस सालों में मोदी सरकार में देश की संस्कृति का सम्मान बढ़ा है, जो कांग्रेस ने कुचल कर रख दिया था। कांग्रेस के प्रधानमंत्री खुले मंच से ये बोलते थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक़ मुसलमानों का है, जबकि मोदी के कहते हैं देश के संसाधनों पर सबका बराबरी में अधिकार है। अब बस 19 दिनों ही परिश्रम बाक़ी है, कमर कस लीजिए और घर-घर पहुंचकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कीजिए।श्री सिंह ने कहा कि आज हमारे देश का युवा जागरुक हो चुका है। उसे न जातिवाद दिखता है, न क्षेत्रवाद वह सिर्फ राष्ट्रवाद के साथ है और भाजपा के साथ है। देश की सुरक्षा के लिए, सबके सम्मान के लिए कमल के फूल वाला बटन दबाकर भाजपा को विजयी बनाने के लिए मतदान कीजिए।

# गर्मी की छुट्टी में भी मिलेगी छात्र-छात्राओं को आयरन की गोली

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान साप्ताहिक आयरन की गोली का सेवन जारी रखने हेतु अवकाश से पहले नोडल शिक्षक प्रत्येक विद्यार्थी को आठ आयरन की गोली का वितरण कराये।गोलियों का वितरण एक्सपायरी तिथि पुष्टि के बाद करें।अवकाश से पहले छात्र-छात्राओं को या पीटीएम के दिन अभिभावकों को आयरन की गोलियों का वितरण करते हुए गोलियों के निरंतर सेवन से लाभ के बारें में जागरूक करें।आयरन की गोलियों का उपभोग एवं कार्यक्रम की निगरानी विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा सुनिश्चित की जाए।उपलब्ध कराई गई गोलियों का विवरण विफ्स रजिस्टर एवं विफ्स कार्ड में अंकित करें और मासिक रिपोर्ट ब्लाक स्तरीय सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध कराएं।गर्मियों में, पर्याप्त माला में पानी, घर पर बना नींबू पानी, छाछ आदि पिऐं। खाने में मौसमी फल और सब्जियाँ, खट्टे फल शामिल करने की सलाह दें।उन्हें काबोनेटेड पेय पदार्थ, उच्च चीनी वाले पेय, चाय, काफी, तले हुए खाय पदार्थ से परहेज या कम से कम शामिल करने की सलाह दें।

# चौथा चरण : मतदान की तारीख 13, सीट 13, सांसद बनेंगे 13

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर आज 13 मई को मतदान होगा। कल वे13 उम्मीदवार जीत कर सांसद बनेंगे जिनपर मतदाताओं की मेहरबानी होगी। आज निर्वाचन आयोग की ओर से पोलिंग पार्टियों को पोलिंग बूथ के लिये रवाना कर दिया गया।कल सोमवार को 13 सीटों पर मतदान होगा। ये 13 लोकसभा सीटें क्रमशः शाहजहॉपुर सु., खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोइ सु., मिश्रिख सु., उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा सु., कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच सु. हैं। इन 13 सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और पांच सीट सुरक्षित है। यह 13 सीटें प्रदेश के शाहजहॉपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज व बहराइच सहित 13 जिलों के तहत आती हैं।इन 13 लोकसभा सीटों के साथ ही शाहजहांपुर जिले की ददरौल विधान सभा पर हो रहे उपचुनाव के लिए भी मतदान होगा। इन 13 लोकसभा सीटों पर 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। शाहजहांपुर सु.सीट पर 10, खीरी सीट पर11,धौरहरा सीट पर12, सीतापुर में आठ, हरदोई सु.सीट पर12, मिश्रिख सु.सीट पर 9, उन्नाव सीट पर नौ, फरूखाबाद सीट पर आठ, इटावा सु. सीट पर आठ, कन्नौज सीट पर 15, कानपुर सीट पर 11, अकबरपुर पर नौ, बहराइच सु.सीट पर10 प्रत्याशी हैं। कन्नौज में सर्वाधिक15 उम्मीदवार हैं।13 सीटों पर 26588 मतदान केंद्र हैं। 1 करोड़ 31 लाख 82 हजार 341 पुरुष वोटर, 1 करोड़ 15 लाख 63 हजार 739 महिला वोटर व 947 थर्ड जेण्डर वोटर हैं। मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 47 लाख 47 हजार 027 है।सर्वाधिक मतदान केंद्र 2498 उन्नाव में हैं।चौथे चरण की कई सीटों पर धुरंधरों के बीच मुकाबला है।सबसे अहम चुनाव कन्नौज है। यहां सपा प्रमुख अखिलेश यादव के मुकाबले भाजपा के सांसद सुब्रत पाठक हैं। 1998 से लेकर 2014 तक इस सीट पर सपा का कब्जा रहा।उन्नाव में सांसद स्वामी साक्षी महाराज के खिलाफ सपा की अन्नू टंडन हैं। 2009 के लोकसभा चुनाव में अन्नू टंडन उन्नाव से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर लोकसभा पहुंची थीं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा के स्वामी साक्षी महाराज ने जीत दर्ज की।

# टैबलेट से हाजिरी भेजने में अब नहीं चलेगा शिक्षकों का कोई बहाना

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अब टैबलेट से छात्रों की उपस्थिति, दीक्षा पोर्टल, स्विफ्ट चेट बोर्ड से बच्चों को ऑनलाइन शिक्षण देना और निपुण लक्ष्य का आकलन इन सब कार्यों में शिक्षकों की बहानेबाजी नहीं चलेगी। शिक्षकों को स्थानीय स्तर पर डाटा के साथ सिम खरीदने के शिक्षा विभाग में निर्देश जारी किए हैं। इसके बाद शिक्षकों को अब टैबलेट से उपस्थिति समेत समस्त विवरण भेजना अनिवार्य कर दिया गया है।सरकारी परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं में पढ़ने वाले बच्चों की ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था और बच्चों शिक्षकों की उपस्थिति के साथ अन्य विवरण का डाटा भेजने के लिए जनपद के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को टेबलेट बांटे गए थे।लेकिन टेबलेट मिलने के बाद शिक्षकों की मांग थी कि विभाग द्वारा सिम और डाटा उपलब्ध कराया जाए इसके बाद ही वह समस्त विवरण और बच्चों की उपस्थिति इससे भेजेंगे। शिक्षकों को उपलब्ध कराए गए टेबलेट को चलाने के लिए सिम और डाटा के लिए 2400 रुपये प्रति टेबलेट की शिक्षा विभाग ने ग्रांट भी जारी कर दी थी। बीएसए जालौन चंद्रप्रकाश के मुताबिकनजिले के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को स्थानीय स्तर पर डाटा के साथ सिम खरीदने के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। अब शिक्षकों की ऑनलाइन बच्चों और स्वयं की उपस्थिति के साथ पोर्टल आदि का विवरण अपडेट करने में कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी।इस संबंध में जिला संयोजक बालिका शिक्षा श्यामजी गुप्ता ने बताया कि शिक्षकों को टेबलेट चलाने के लिए सिम कार्ड और इंटरनेट की सुविधा जिसमें दो माह के व्यय के लिए कंपोजिट स्कूल ग्रांट से तत्काल बजट दिया गया है। जिसमें प्रति टेबलेट 2400 रुपये और दो टैबलेट के लिए अधिकतम 4800 रुपये व्यय किए जाने हैं। इसकी धनराशि का समायोजन विद्यालय को प्राप्त होने वाली कंपोजिट स्कूल ग्रांट से किया जाएगा।1982 शिक्षकों को टैबलेट देने के बाद बच्चों की उपस्थिति पोर्टल अपडेट भेजना था। लेकिन शिक्षक विभाग से सिम और डाटा की मांग कर रहे थे। अब प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को टैबलेट चलाने के लिए स्थानीय स्तर पर डाटा के साथ सिम खरीदने के निर्देश दिए गए। टैबलेट के लिए सिम कार्ड स्थानीय स्तर पर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी की उपलब्धता के मुताबिक खरीदी जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर आर्यकुल कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बिजनौर स्थित आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस मातृत्व की भावना से ओतप्रोत हो कर मनाया गया। इस अवसर पर कालेज के निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने इस शुभ अवसर पर मातृ दिवस का महत्व बताते हुए बताया कि मातृ दिवस मनाने का शुरुआत सर्वप्रथम ग्रीस देश में हुई थी, जहां देवताओं की मां को पूजने का चलन शुरु हुआ था। इसके बाद इसे त्योहार की तरह मनाया जाने लगा। हर मां अपने बच्चों के प्रति जीवन भर समर्पित होती है। मां के त्याग की गहराई को मापना भी संभव नहीं है और ना ही उनके एहसानों को चुका पाना। लेकिन उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता को प्रकट करना हमारा कर्तव्य है। डीएलएड प्रथम वर्ष की छात्रा अंकिता कपूर ने अपनी भावनाओं को गानों की प्रस्तुति द्वारा व्यक्त करते हुए कहा बताया कि माँ जीवन भर अपने बच्चे के प्रति समर्पित रहती है। अंशिका सिंह डीएलएड प्रथम वर्ष की छात्रा ने मातृ दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि एक शिशु का जब जन्म होता है, तो उसका पहला रिश्ता मां से होता है। एक मां शिशु को पूरे 9 माह अपनी कोख में रखने के बाद असहनीय पीड़ा सहते हुए उसे जन्म देती है।और इस दुनिया में लाती है। मां का दुलार और प्यार भरी पुचकार ही बच्चे के लिए दवा का कार्य करती है। इसलिए ही ममता और स्नेह के इस रिश्ते को संसार का खूबसूरत रिश्ता कहा जाता है। दुनिया का कोई भी रिश्ता इतना मर्मस्पर्शी नहीं हो सकता। इस कार्यक्रम में शिक्षा एवं प्रबन्धन संकाय की उपनिदेशिका डॉ. अंकिता अग्रवाल, फार्मेसी एंड रिसर्च के उपनिदेशक डॉ. आदित्य सिंह, शिक्षा संकाय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर सुभाष चन्द्र तिवारी, विभागाध्यक्ष प्रणव पाण्डेय, फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष बाल कृष्ण सिंह, डॉ. गौरव मिश्रा, राजेश मौर्य, डॉ. स्नेहा सिंह, अंशिका शुक्ला, आकांक्षा सैनी, दीप्ति सिंह, डॉ. रेखा सिंह, दीपिका, मोहिनी सिंह, प्रियंका केसरवानी, इन्द्र देव पाण्डेय, डॉ. राहुल शर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# देश में भ्रष्टाचार का खंड बन गया है झारखंड

**इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने साहू से जुड़े ओडिशा और झारखंड के उनके ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान विभाग को अलमारी में करोड़ों रुपये भरे हुए मिले। धीरज साहू के पास कितना कैश बरामद हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लगातार तीन दिन छापेमारी कर नोट गिनने पड़े। आलम ये रहा है कि नोट गिनने के लिए लाई गई मशीनों की क्षमता कम पड़ गई। नोट गिनने के लिए तीन दर्जन मशीनों को मंगाया गया था, जो कम पड़ गईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नकद बरामदगी का जिक्र भी किया।**

*गैरभाजपा राजनीतिक दलों के लिए देश में व्याप्त भ्रष्टाचार कोई चुनावी मुद्दा नहीं रह गया है। यही वजह है कि खासतौर से क्षेत्रीय दलों की सरकारों में बेशर्मी से लूटने की होड़ मची हुई है। झारखंड में एक मंत्री के निजी सहायक के नौकर के घर से मिले करीब 35 करोड़ रुपए मिलने पर किसी भी दल ने कठोर कार्रवाई की मांग तो दूर बल्कि इस भारी-भरकम भ्रष्टाचार के लिए अफसोस तक जाहिर नहीं किया। यह पहला मौका नहीं है जब इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की असलियत उजागर हुई हो। इससे पहले भी असीम सुर्खियों में रहे भ्रष्टाचार के मामलों में भी क्षेत्रीय दलों की सत्तारुढ़ सरकारो के काले कारनामे सामने आ चुके हैं। भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर क्षेत्रीय दलों का प्रयास यही रहता रहा है कि इसे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश करार दिया जाए। कांग्रेस ने इन दलों के भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षक की भूमिका निभाई है। कारण स्पष्ट है यदि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के भ्रष्टाचार के मामले उठाती है तो उसे अपनी गिरेबां में भी झाकना होगा। इससे ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार के मामलों में छिछालेदार करने लगेंगे। ऐसी हास्यादपद स्थिति से बचने के लिए ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं करते हैं। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के मामलों में मौन साधे रखा है। यहां तक की कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार का जिक्र तक करना जरूरी नहीं समझा। कांग्रेस को अंदाजा था कि इसका जिक्र करते ही भाजपा गठबंधन खिल्ली उड़ाने से चूकेगा नहीं। यही वजह रही कि कांग्रेस घोषणा पत्र में देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के खात्मे को लेकर कोई वादा नहीं किया। आश्चर्य यह है कि झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहयोगी जहांगीर के यहां छापा मार कर प्रवर्तन निदेशालय ने 35 करोड़ रुपए बरामद किए। इस पर भी मंत्री आलम ने त्याग पत्र देना जरूरी नहीं समझा। झारखंड में सत्ता में शामिल कांग्रेस ने आलम के इस्तीफ की मांग तक नहीं की। अलबत्ता कांग्रेस ने इससे अपना दामन बचाने की कोशिश जरूर की। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आयोजित राहुल गांधी की सभा में मंच पर कांग्रेस कोटे से ग्रामीण विकास मंत्री बने आलमगीर आलम को जगह नहीं मिली। कांग्रेस ने आलमगीर को महज यह संदेश देकर औपचारिकता निभाई की पहले जांच से बरी होकर आओ। इससे पहले झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भी भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। सोरेन को जमानत नहीं मिल सकी है। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन 6 अक्टूबर 2023 को नई हेमंत सोरेन को कथित भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। जैसा कि अक्सर होता है हर भ्रष्टाचारी ऐसे मामलों को फसाने की साजिश करार देता है, इसी तर्ज पर सोरेन ने भी आरोप से इनकार किया। कांग्रेस ने सोरेन की गिरफ्तारी की निंदा की और इसे संघवाद के लिए झटका बताया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा था कि भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा लोकतंत्र को नष्ट करने का अभियान चला रही है। कांग्रेस यह भूल गई कि पिछले साल दिसंबर में भी झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू के ठिकानों से इनकम टैक्स ने 350 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश बरामद किया था। इस पर साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि छापेमारी में जो कैश बरामद किया गया है, वो मेरी शराब की कंपनियों का है। शराब का कारोबार नकदी में ही होता है और इसका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारतीय संस्कृति में निहित समर्पण और शान्ति की कामना से विश्व में शान्ति स्थापित की जा सकती है। इन मालवीय मूल्यों से निहित मंगल कामना से समूल राष्ट्र और विश्व को एकता के सूत्र में पिरोया जा सकता है। भारतीय संस्कृति के मूल ' द्यौ शांति ' के मंत्र है, जो कि यजुर्वेद से लिया गया है, इस मंत्र में परमपिता से विश्व कल्याण और शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी है। भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता की संस्कृति है परन्तु इन सब विविधताओं को जो एक साथ जोड़ता है वह भारतीय संस्कृति के मूल में निहित शान्ति और विश्व के कण-कण की शान्ति की कामना है। भारत में रहने वाले समूल निवासी उसी परम्परा के वाहक है जो मिश्रित रूप से राष्ट्र कल्याण का भाव रखते हैं।**

# भारतीय संस्कृति का सत्व



डॉ रामेश्वर मिश्र

**प्रत्येक भाषा का एक विशद अर्थ होता है, उसमे परम्परा, दर्शन-परम्परा और विचार की अभिव्यक्ति होती है। जब हम विदेशी भाषा को अपनाते हैं तो प्राय: स्वयं को, विश्व को, व्यक्ति, समाज संस्थाओं, मान्यताओं, लक्ष्यों, रुचियों तथा आदर्शों आदि को भी हम उसी भाषा-परम्परा और संस्कृति-परम्परा से देखने लगते हैं।**

आज वर्तमान में युवाओं की भारतीय संस्कृति में निहित मानवीय मूल्य पर केंद्रित संस्कारों से अनभिज्ञता राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए कड़ी चुनौती है। इस अपरिपक्व ज्ञान और विचारधारा का उन्नयन एक सोची समझी विचारधारा का द्योतक है, इन्हीं नापाक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए एवं समाज को समाज से तोड़ने के लिए अनेक भ्रामक विचारों का निष्पादन किया जाता है। इस दौर में तेजी से आगे बढ़ने की उम्मीद एवं नकल आधारित जीवन जीने की होड़ ने समाज की रीढ़ कहे जाने वाले युवा पीढ़ी और सामाजिक संस्कृति की गतिशीलता के लिए उत्तरदायी नारी शक्ति को भारतीय संस्कृति के सत्व को पहचानना होगा। सोशल मीडिया के इस युग में समाज और राष्ट्र को कमजोर करने के लिए कभी जाति के आधार पर तो कभी उत्तर-दक्षिण का भेद-भाव फैलाकर तो कभी पूर्वोत्तर में हिंसा फैला कर भारतीय राष्ट्र को कमजोर करने की कोशिश की जाती है और जब इन सब नापाक हरकतों से काम नहीं बनता है तब हिन्दू-मुस्लिम वाद और भारतीय संस्कृति के लिए भ्रामक जानकारी फैला कर राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने का प्रयास किया जाता है। भारतीय संस्कृति में निहित त्याग, परोपकार, समरसता, दया, करुणा, मैत्री, सहानुभूति, सहिष्णुता, सहृदयता, सहयोग, समन्वय एवं सत्कर्मों आदि ऐसे मानवीय मूल्यों हैं जो भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता को विश्व पटल पर स्थापित करते हैं। भारतीय संस्कृति कभी भी ऊंच-नीच, अगडा-पछडा या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव नहीं करती है। भारतीय संस्कृति में सम्पूर्ण मानव मात्र के कल्याण का भाव निहित है। उपनिषद में निहित अद्वैतवाद मानव मात्र मे ही नहीं वरन प्राणी मात्र में एक ही तत्व के दर्शन कराता है। भारतीय संस्कृति की महत्ता एवं उसकी विशालता तो उसके सम्पूर्ण मानव से तादात्म्य स्थापित करने मे निहित है जिसका मूल वसुधैव कुटुम्बकम की पवित्र भावना है। भारतीय संस्कृति में सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार माना गया है। इतने ऊंचे आदर्शों वाली भारतीय संस्कृति के लिए भ्रामक विचारों का उन्नयन अल्प ज्ञान का प्रदर्शन मात्र है। मन की समता, समरसता, त्याग और करुणा के भाव, भारतीय संस्कृति में निहित उच्च मानवीय आदर्श है। 20 नवम्बर 1988 को



**भारतीय संस्कृति की महता एवं उसकी विशालता तो उसके सम्पूर्ण मानव से तादात्म्य स्थापित करने मे निहित है जिसका मूल वसुधैव कुटुम्बकम की पवित्र भावना है। भारतीय संस्कृति में सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार माना गया है। इतने ऊंचे आदर्शों वाली भारतीय संस्कृति के लिए भ्रामक विचारों का उन्नयन अल्प ज्ञान का प्रदर्शन मात्र है।**

भारत-चीन मैत्री संघ के तत्कालीन अध्यक्ष ठाकुर सेन नेगी ने कहा था कि भारतीय संस्कृति की पवित्रता गंगा नदी की सुगम्य धारा में निहित है जिसमें मिलकर सम्पूर्ण जल प्रवाह गंगा की जल धारा ही बन जाती है, भारतीय संस्कृति के पवित्र आदर्श इन्हीं मूल आदर्शों पर आधारित है। भारतीय संस्कृति में परोपकार की भावना निहित है जिसका तादात्म्य व्यास जी के वचनों से स्थापित होता है जो परोपकार का भाव लिए हुए है, 'अष्टादश पुराणेषु व्यासस्य वचनदयम, परोपकार॒ पुण्याय पापाय परपीडनम' के श्रेष्ठ आदर्शों वाली संस्कृति को आघात पहुंचाने के लिए आर्य एवं अनार्य की भ्रामक विचारधारा कार्य कर रही है। राष्ट्रीय एकता और अखंडता को प्रभावित करने के लिए पंजाब में खालीस्तानी, पूर्वोत्तर में माओवादी आदि संगठनों द्वारा भारतीय संस्कृति और समाजिक संरचना को प्रभावित करने के लिए भ्रामक जानकारी आज युवा पीढ़ी को दी जा रही है, राजनीति के नापाक विचारों से देश और समाज आहत हुआ है, भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़कर हमें समाज एवं राष्ट्र दोनों को सशक्त बनाना है। संस्कृति बोध से व्यक्ति हजारों हजार साल से परम्पराओं के जरिये एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक भारतीय संस्कृति के मूल्यों से जुड़ता आ रहा है। भारतीय संस्कृति के सत्व को पहचानने के लिए हमें विवेकानन्द जी, गांधी जी, धरमपाल जी के विचारों के चिन्तन को समझना चाहिए। गांधी जी भारतीय संस्कृति के सत्व को पहचानते थे और अपने सपनों के भारत में देशवासियों के अटूट प्रेम और राष्ट्र की एकता पर बल देते हुए देशज संस्कृति से जुड़ने की बात की है। गांधी जी के इन्हीं विचारों को लेकर धर्मपाल जी ने कार्य किया है और साक्ष्यों एवं प्रमाणों के आधार पर यह साबित किया कि ब्रिटिश शासन ने भारत की शिक्षा पद्धति का अपहरण करते हुए भारतीय संस्कृति का अपहरण किया, इसका एक उदहारण देते हुए धर्मपाल जी लिखते हैं कि '1830 में ब्रिटिश गवर्नर जर्नल बेंटिक ने इस बात पर संतोष व्यक्त करते हुए कहते हैं कि-'सम्पन्न और प्रतिष्ठित भारतीय अब पश्चिमी शिष्टाचार तथा व्यवहार की विधियां अपनाने लगे हैं और भिक्षुकों, सन्यासियों और ब्राह्मणों को दान देना छोड़ रहे हैं। अब उसकी जगह वह धन यूरोपियों का आडम्बर पूर्ण ढ़ंग से मनोरंजन करने में लगाया जाने लगा है।' 'रमणीय वृक्ष' में धर्मपाल जी भारतीय शिक्षा प्रणाली में आये परिवर्तनों के कारणों को बताते हुए लिखते हैं कि- भारतीय भाषाओं में पढ़ाई में कमी का मुख्य कारण पूरे देश में चलाई जा रही ब्रिटिश नीति ही होगी। भारतीय संस्कृति में हुए इस परिवर्तन के लिए धर्मपाल जी आगे लिखते हैं कि प्रत्येक भाषा का एक विशद अर्थ होता है, उसमे परम्परा, दर्शन-परम्परा और विचार की अभिव्यक्ति होती है। जब हम विदेशी भाषा को अपनाते हैं तो प्राय: स्वयं को, विश्व को, व्यक्ति, समाज संस्थाओं, मान्यताओं, लक्ष्यों, रुचियों तथा आदर्शों आदि को भी हम उसी भाषा-परम्परा और संस्कृति-परम्परा से देखने लगते हैं। धर्मपाल जी ने भारतीय संस्कृति और परम्परा से लोगों को जुड़ने के लिए कहा जिस संस्कृति में लोगों का लोगों के प्रति निजता जुड़ी थी और जिसका पतन भारतीय संस्कारों एवं सच्यता का पतन था। स्वत्व एवं भारतीयता की जो संकल्पना धर्मपाल जी द्वारा प्रयोग की जाती थी वह मानवीय प्रेरक थी।

## एक्सप्रेस कविता

*फिर उस बात का जिक्र लौटकर भुला नहीं पाया उस पल की याद है उसे जिया नहीं जिसे कभी, भोगा भी नहीं, जीने की जरूर कोशिश की गहरे नहीं पैठ पाया, फिर भूल गया उसे, हर अनचाहे चिन्ह की तरह, कुछ भी याद नहीं, पुरानी बातें याद करने की फिजूल कोशिश भी की, कोशिश न करने की भी फिर कोशिश, बीच में कसमसाया, पर भूल नहीं पाया, क्या वह चाहता नहीं या इस इच्छा के पीछे कई प्रश्न चिन्ह थे, जो उसे जीने नहीं दे रहे थे पर चाह कर भी नहीं जी पाया, उसकी यह इच्छा भी अतीक्षा ही थी उसकी अतीक्षा पर ही सब निर्भर था, पर उसने देखा वहां कुछ नहीं था, इसीलिए अगर वहां नहीं भी देखता तो वहां कुछ नहीं होता, कुछ होना और कुछ का ना होना, सब उस पल पर निर्भर थे जो वह जी नहीं पाया।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*यदि आप हार मान लेते हैं तो दुनिया की कोई भी ताकत आपको जीता नहीं सकती, इसलिए कहा गया है, मन में हारे हार है मन के जीते जीत*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | षष्टी 26:50 तक |
| नक्षत्र: | पुनर्वसु 11:23 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | सोमवार |
| योग: | शूल, 07:41 |
| सूर्योदय: | 05:33 |
| सूर्यास्त: | 19:02 |
| चंद्रमा: | कर्क राशि में |
| राहुकाल: | 07:14-08:55 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | वैशाख |
| शुभ मुहूर्त: | 11:53-12:41 |

जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।
है मचा बवाल ।।
मौसम है चुनावी ।
मचा है बवाल ।।
रस्साकस्सी चल रही ।
कौन जिम्मेदार ?
हर तरफ से हो रहे ।
शब्दों के प्रहार ।।
ना दो मुझे सुरक्षा ।
बात निकल कर आई ।।
हरकतों से ऐसी ।
होती जगहसाई ।।
रहें सब महफूज ।
हो काम इस प्रकार ।।
रहें सब सुरक्षित ।
जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# चना और दूध साथ में खाने से सेहत को मिलते हैं जबरदस्त फायदे

**चना** हम सभी के पसंदीदा स्नैक में से एक है। वहीं दूध अपने आप में एक संपूर्ण आहार है, जिसका सेवन बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी करते हैं। सेहतमंद रहने के लिए दोनों ही फूड्स फिटनेस लवर्स के पसंदीदा विकल्प हैं। शरीर को मजबूत बनाना हो, वजन कम करने की बात या बढ़ाने की, सभी में यह दोनों ही बहुत लाभकारी हैं। लेकिन लोग आमतौर पर चना को दो बड़े भोजन के बीच में स्नैक्स के तौर पर और दूध ब्रेकफास्ट या नाइट टाइम ड्रिंक के रूप में लेना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, आप दोनों का साथ में भी सेवन कर सकते हैं और यह कॉम्बिनेशन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद भी साबित हो सकता है। डायटीशियन शिवाली गुप्ता की मानें तो भुना चना और दूध दोनों ही प्रोटीन और कैल्शियम जैसे जरूरी पोषक तत्वों का बेहतरीन स्रोत हैं। जो आपके शरीर को अंदर से मजबूत बनाते हैं। वहीं यह कॉम्बिनेशन विटामिन बी, सी, डी, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम से भी भरपूर होता है।

**हड्डियां और मांसपेशियां बनाए मजबूत:** कैल्शियम और प्रोटीन से भरपूर होने के कारण यह आपकी हड्डियों, मांसपेशियों और दांतों को मजबूत बनाने में बहुत सहायक है। यह हड्डियों में फ्रैक्चर के जोखिम को कम करने और जोड़ों के दर्द को दूर करने में



भी लाभकारी है।

**ब्लड प्रेशर रखे कंट्रोल:** कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे जरूरी पोषक तत्व ब्लड प्रेशर लेवल को सामान्य रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए यह हाई या लो बीपी के रोगियों के लिए बहुत लाभकारी है।

**दिल को रखे स्वस्थ:** नसों में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और गुड या अच्छा कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने में यह कॉम्बिनेशन बहुत लाभकारी है। जिससे यह ब्लड प्रेशर कंट्रोल और हार्ट अटैक, स्ट्रोक जैसे हृदय रोगों के जोखिम को कम कर दिल को सेहतमंद रखता है।

**वजन प्रबंधन में मददगार है:** यह कॉम्बिनेशन वजन बढ़ाने और कम करने वाले, दोनों ही तरह के लोगों के लिए बहुत लाभकारी है। इसके लिए आपको बस अपनी जरूरत के अनुसार किसी फिटनेस एक्सपर्ट से इसकी सही मात्रा जान लेनी चाहिए। यह भूख को कंट्रोल करने, लंबे समय तक पेट भरा रखने और अनहेल्दी फूड्स की क्रेविंग को रोकने में मदद करते हैं।

**त्वचा और बालों को रखे हेल्दी:** प्रोटीन और आयरन से भरपूर दूध और चना आपके बालों को मजबूत बनाते हैं और त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में भी लाभकारी हैं। यह आपको साफ-दमकती त्वचा पाने के साथ ही, मजबूत-घने और शाइनी बाल पाने में मदद करते हैं। आप सुबह ब्रेकफास्ट में भुने हुए चने और दूध का साथ में सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा आप दिन की दो बड़ी मील या भोजन के बीच में जैसे ब्रेकफास्ट से लंच या लंच से डिनर के बीच में दूध और चना का सेवन कर सकते हैं।

### दूध और चना खाने के अन्य फायदे

- आपको एनर्जी प्रदान करता है और थकान दूर करता है।
- ब्लड शुगर को रेगुलेट रखने में मदद करते हैं।
- शरीर में खून की कमी को दूर करने और इससे बचाव में मददगार हैं।
- दिमाग को स्वस्थ रखते हैं और याददाश्त बढ़ाने में मददगार हैं। यह चिंता, तनाव जैसी मानसिक स्थितियों के प्रबंधन में भी मददगार हैं।
- इम्यूनिटी मजबूत बनता है। जिससे मौसमी एलर्जी और वायरल संक्रमणों से बचाव में मदद मिलती है।
- यह कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने और कैंसर से बचाव में भी मदद करते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# हंगामा क्यों बरपा है केजरीवाल के बयान पर



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**यही कारण है कि अमित शाह ने ठाकुर नेताओं की उत्तर प्रदेश में एक अलग फौज बनना शुरू किया है जिसका नेतृत्व कुंडा के राजा भैया यानि रघुराज प्रताप सिंह को सौपा गया है। जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह, कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह आदि दर्जनों बाहुबली ठाकुर इसी गुट में है।**

**यही कारण है कि उत्तर प्रदेश का मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पसंद का नहीं हो पा रहा है। भाजपा हाई कमान तथा संघ परिवार यह बात स्वीकार करें या ना करें लेकिन इतना तो तय है कि भाजपा की यह अंदरूनी लड़ाई उत्तर प्रदेश में तो भाजपा को यकीनन कमजोर करेगी।**

**आज** हम आपसे बात करेंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उसे बयान को लेकर जिसमें उन्होंने कहा था कि चुनाव परिणाम आने के दो महीने बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। उन्होंने अपनी बात को विस्तार देते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी 2024 का यह चुनाव गृहमंत्री अमित शाह के लिए लड़ रहे हैं क्योंकि वह अमित शाह को अपने उत्तराधिकारी के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। उन्हें प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। जिसकी राह में अगर सबसे बड़ा कोई रोड़ा है तो वह है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अरविंद केजरीवाल के इस राजनीतिक बयान ने पूरे देश में हलचल पैदा कर दी है और हर कोई यह सवाल पूछने लगा है कि क्या योगी जी को हटाकर उत्तर प्रदेश में हिंदुत्व की रक्षा हो सकती है। भक्तगण माने या न माने लेकिन हकीकत यह है कि इस बयान ने भाजपा को बैकफुट पर ला दिया है और ना चाहते हुए भी भाजपा को सफाई देनी पड़ रही है और बताना पड़ रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही 4 जून के बाद तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। यहां यह जानना आवश्यक है कि भाजपा की इंटरनल पॉलिसी के मुताबिक 75 वर्ष पूरा कर चुका कोई भी राजनेता सक्रीय राजनीति में नहीं रहेगा और ना कोई संवैधानिक पद ग्रहण करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर 2025 को 75 वर्ष के पूरे हो जाएंगे। ऐसे में यह सवाल उठने लगे हैं कि मोदी के बाद कौन? इस कौन शब्द ने देश की नहीं बल्कि भाजपा की राजनीति में भूचाल ला दिया है। तभी तो गृहमंत्री अमित शाह , रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को टिप्पणियां करनी पड़ी। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी जी 75 साल के हो जाएं इससे आपको (इंडिया गठबंधन ) आनंदित होने की जरूरत नहीं। संविधान में ऐसी उम्र सीमा के बारे में कुछ नहीं लिखा है। मोदी जी यह कार्यकाल पूरा करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना था कि बीजेपी समेत पूरा एनडीए पीएम मोदी की अगुवाई में चुनाव लड़ रहा है और वह ही तीसरी बार पीएम बनेंगे और कार्यकाल पूरा करेंगे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कहना था कि पूरा इंडिया गठबंधन चुनाव में विफलता का एहसास कर बौखला गया है। प्रधानमंत्री जी के सामने ना तो उनके पास कोई नीति है ना ही कोई कार्यक्रम। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि अपनी पराजय सुनिश्चित जान हताश विपक्ष मोदी की आयु का बहाना बनाकर छदम आक्रमण का निरर्थक प्रयास कर रहा है। इसके दूतर अरविंद केजरीवाल का कहना था कि भाजपा अपने हर उस नेता को हासिये पर डालते चलती है जो मोदी और अमित शाह को चैलेंज करने की ताकत रखती है। वे बताते हैं कि शिवराज सिंह चौहान, डॉक्टर रमन सिंह, वसुंधरा राजे, मनोहर लाल खट्टर के बाद अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नंबर है। पैसे केजरीवाल के इस बयान को केवल हवा हवाई का नाम नहीं दिया जा सकता क्योंकि यदि धुआं उठ रहा है तो आग कहीं नजदीक जल ही रही होगी। योगी आदित्यनाथ के बारे में अरविंद केजरीवाल का यह बयान ताजा तरीन हो सकता है लेकिन इस तरह की खबरें बहुत पहले से छन-छन कर आ रही हैं कि चुनाव बाद योगी जी को हासिये पर किया जाएगा। यह कहानी आज से नहीं बल्कि तब से चल रही है जब से यह बहस होना शुरू हुई कि मोदी के बाद कौन? सीधी सी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा यही चाहेंगे कि उनके बाद उनका उत्तराधिकारी गृहमंत्री अमित शाह को बनाया जाए। जबकि 80 सीटों वाले न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि सभी हिंदी भाषी प्रदेश चाहते हैं कि योगी आदित्यनाथ को मोदी के हटने के बाद प्रधानमंत्री बनाया जाए। वैसे अगर लोकप्रियता की बात की जाए, मास अपील की बात की जाए, स्वीकार्यता की बात की जाए तथा वोट बैंक की बात की जाए तो योगी आदित्यनाथ गृहमंत्री अमित शाह से भारी पड़ेंगे । बस यही हुआ पेच है जो अमित शाह और योगी आदित्यनाथ के बीच फसा है। गृहमंत्री अमित शाह को मालूम है कि ठाकुर बिरादरी इन दिनों भाजपा से नाराज चल रही है जिसका नेतृत्व फिलहाल योगी आदित्यनाथ के हाथों में है। यही कारण है कि अमित शाह ने ठाकुर नेताओं की उत्तर प्रदेश में एक अलग फौज बनना शुरू किया है जिसका नेतृत्व कुंडा के राजा भैया यानि रघुराज प्रताप सिंह को सौपा गया है। जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह, कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह आदि दर्जनों बाहुबली ठाकुर इसी गुट में है। भविष्य में यह गुट यदि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने चुनौती खड़ी करता है तो कोई ताज्जुब की बात नहीं। इतना ही नही योगी जी के मंत्रिमंडल में दर्जनो ऐसे लोग (मंत्री) हैं जो अंदर-अंदर योगी जी को कमजोर करने का ताना-बाना बुनते रहते हैं।

# जिले में लोकसभा चुनाव आज, मतदान स्थलों पर सकुशल पहुंची पोलिंग पार्टियां

* पोलिंग पार्टी बूथ पर रवाना, आज होगा मतदान
* डीएम की अपील, लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत करें अपने मताधिकार का प्रयोग

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए जिले में 1638 मतदान केंद्र, 2890 मतदेय स्थल पर सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा। जिला प्रशासन ने सकुशल मतदान संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान कराने के लिए रविवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर से पोलिंग पार्टियों को ईवीएम, वीवीपैट समेत अन्य सामग्री देकर बूथों के लिए रवाना किया गया।रविवार को पोलिंग पार्टी रवानगी के दौरान कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में मतदान कार्मिकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि काउंटर से ईवीएम मशीन, वीवी पैट सहित सभी जरूरी सामग्री प्राप्त कर ले। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिक पूरी निष्पक्षता और ईमानदारी से चुनाव में सौपे गए दायित्वों का निष्पादन करें। प्रशासन मतदान स्थल पर आपकी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करेगा।

कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचकर 28 खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी और 29 धौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी ने पार्टी रवानगी स्थल का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों से संवाद भी किया। चुनाव के लिए सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। शाम छह बजे तक चलने वाले इस मतदान में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला प्रशासन ने सकुशल मतदान संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पूर्व डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ गणेश प्रसाद साहा, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, पवन गौतम व अन्य अधिकारियों ने मतदान कर्मियों को सकुशल और बिना भेदभाव मतदान कराने की हिदायत दी।

### घर के साथ ही चुनाव की भी जिम्मेदारी

लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए महिला कर्मचारियों को भी चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। ऐसे में अधिकांश महिला चुनाव कर्मी अपने बच्चों के साथ पोलिंग बूथ को रवाना हुईं। एक हाथ में ईवीएम तो दूसरे में बच्चे की उंगली संभाले इन महिलाओं का जज्बा देखने वाला था। जो घर की जिम्मेदारी के साथ ही चुनाव की जिम्मेदारी भी उठाने में पीछे नहीं दिखीं।

### डीएम की अपील, लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत करें अपने मताधिकार का प्रयोग

जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर जनपद लखीमपुर खीरी के समस्त मतदाताओं से विनम्र अपील करते हुए कहा कि दिनांक 13 मई 2024 को अपने बूथों पर जाकर गर्व के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा अपने परिजनों को भी प्रेरित करें। लखीमपुर खीरी ने ठाना है, अबकी बार मतदान में 90 प्रतिशत के पार जाना है।

### विधानसभा स्तर पर बनाया गया एक-एक महिला और दिव्यांग बूथ

लोकसभा स्तर पर एक एक युवा बूथ जनपद खीरी में 13 मई को आयोजित लोकसभा चुनाव में मा. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विधानसभा स्तर पर एक-एक दिव्यांग और महिला बूथ बनाए गए हैं। वहीं लोकसभा स्तर पर एक-एक युवा बूथ भी बनाया गया।

## कूट रचित दस्तावेज व फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से पैसे निकालने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी**




निघासन पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना व सीसीटीवी फुटेज मिलान इण्डियन बैंक कस्बा निघासन के आधार पर कोतवाली निघासन के अभियुक्त महेन्द्र पाल पुत्र स्वर्गीय ताराचन्द्र निवासी ग्राम टुडिया का बांगर थाना फतेगढ़ टुडिया जनपद गुरुदासपुर राज्य पजांब को इण्डियन बैंक के पास कस्बा निघासन से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त महेन्द्र पाल से बरामद सामान की चिटबन्दी की गई। अभियुक्त महेन्द्र पाल उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। बताते चलें 10. मई.2024 को वादी श्री जसवंत सिंह पुत्र श्री गुरूवचन सिंह निवासी बरूहीफार्म मजरा दुबहा थाना निघासन खीरी की तहरीरी सूचना कि वादी के इण्डियन बैंक खाते से कूट रचित दस्तावेज व फर्जी हस्ताक्षर के आधार पर 17 हजार रूपये निकाल लेने के सम्बन्ध में थाना निघासन पर मु0अ0सं0 132/24 धारा 419, 420, 467, 468 भा0दं0 वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत हुआ था।गिरफ्तार अभियुक्त महेन्द्र पाल पुत्र स्व0 ताराचन्द्र निवासी ग्राम टुडिया का बांगर थाना फतेगढ़ टुडिया जनपद गुरुदासपुर राज्य पजांब के पास से. एक अदद मोबाइल कम्पनी टैक्नो, 2. दो अदद डायरी एक बड़ी व एक छोटी, 3. एक अदद फर्जी पासबुक, 4. दो अदद विड्रॉल फार्म, 5. इण्डियन ओवरसीज बैंक कार्ड को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का मे उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार तिवारी थाना निघासन कांस्टेबल दिनेश कुमार थाना निघासन की सराहनीय उपस्थिति रही।

### दिनदहाड़े उचक्के ने एक महिला के दोनों कुंडल नोच कर युवक फरार

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दिन के सुबह उचक्कों के हौसले देखिए कि रेलवे लाइन के किनारे पूजा के लिए फूल तोड़ रही एक महिला के कुंडल नोंच ले गए। महिला ने कुंडल की कीमत 40 हजार रुपए बताई है। नगर के नगर के मोहल्ला ऊंचीभूड़ निवासी गोदावरी जयसवाल पत्नी स्वर्गीय रामशरण जायसवाल का कहना है कि वह रविवार की सुबह अपने घर के बाहर रेलवे लाइन के किनारे पूजा करने के लिए फूल तोड़ रही थी। इस वक्त एक युवक भी पेड़ के फूल तोड़ने के बहाने आया और इस दौरान एक उचक्के ने उनके दोनों कानों के कुंडल नोंच लिए और भाग निकला। महिला ने शोर मचाया तब तक उचक्का फरार हो चुका था। तहरीर पुलिस को दी गई है। शहर में चोरी और छिनौती की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। जिस पर किसी का ध्यान नहीं है। बढ़ती घटनाओं से लोग दहशत में हैं।

## किशोरी का खेत में पेड़ से लटकता मिला शव

* परिवार में कोहराम जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**



लखीमपुर खीरी। थाना पसगवां क्षेत्र के गांव गोविंदापुर में एक 16 वर्षीय किशोरी का शव रविवार को पेड़ में लटका देखे जाने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख कर विलख पड़े। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आत्महत्या की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। गांव गोविंदापुर के ग्रामीण रविवार की दोपहर करीब एक बजे खेतों की तरफ गए थे। इसी बीच उनकी नजर खेत में लगे एक पेड़ से लटक रही किशोरी के शव पर पड़ी। इससे उनमें हड़कंप मच गया। शव लटका होने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। शव की शिनाख्त गांव के ही रमेश पासी की पुत्री शिका के रूप में हुई। ग्रामीणों की सूचना पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उसका शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। परिवार वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है। वह आत्महत्या की वजह भी नहीं बता पा रहे हैं। जंगबहादुरगंज चौकी प्रभारी राहुल सिंघल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पुलिस छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह पता चल सकेगी।

## इंसानियत की मिसाल बने तीन युवा, लोगों ने जताया आभार

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**



पंकज कुमार निवासी अलीगंज रोड ग्राम महमदपुर। पंकज अपनी पत्नी के साथ 50000 रुपए नगद लेकर ऑटो रिक्शा खरीदने के लिए गोला आया था। अपनी पत्नी को एजेंसी पर छोड़कर किसी कार्य से सिनेमा रोड से जा रहा था अचानक उसे मिर्गी का दौरा पड़ गया और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। जिससे उसके सर में काफी चोट लग गई। इसकी जेब में रिक्शा खरीदने के लिए 50000 रूपए भी थे काफी समय तक वही बेहोसी की हालत में पड़े रहने के बाद भी आस पास के किसी भी दुकानदार और राहगीरों ने किसी तरह की कोई मदद नहीं की। उसी समय मसीहा बनकर आए तीन युवक रिजवान अंसारी फौजी निवासी नीची भूड़ गोला, मनदीप सिंह और गुरुलाल सिंह निवासी पंजाब जो अपनी बुआ के यहां पहाड़पुर ग्रांट नंबर 3 में अपनी रिस्तेदारी में आए थे तीनों ने बेहोश पड़े पंकज कुमार पुत्र अमृत लाल को ऑटो रिक्शा में लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला में भर्ती करवाया। उसकी जेब से तलाशी लेने पर उसकी जेब में 50000 रुपए नगद और एक पर्ची जिसपर उसके घर का नंबर लिखा था। भर्ती करवाने के बाद घर के नंबर पर फोन करके उसके परिजनों को सूचना दी।

कुछ देर बाद जब युवक के परिजन उसकी पत्नी और उसके पिता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे तो 50000 हजार रूपए उसके पिता अमृत लाल के हाथों में तीनों युवक ने सुपुर्द किए। युवक और पैसों को सुरक्षित पाकर घर वालों के तीनों युवकों का दिल से शुक्रिया अदा किया। और कहा इंसानियत की ऐसी मिसाल आज कल बहुत ही कम देखने को मिलती है।

## पत्रकार को पित्र शोक, ह्रदयाघात से हुआ निधन

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

**पाली।** शनिवार को पाली कस्बा के पत्रकार के पिता का ह्र्दयगति रुकने से निधन हो गया। पत्रकार को पित्र शोक पर नगर व क्षेत्र के लोगों ने उनके आवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया है। पाली कस्बा के मोहल्ला बेनीगंज निवासी शिवाकांत वाजपेयी व विष्णुकांत पत्रकार है। शनिवार की सुबह उनके पिता सत्यप्रकाश वाजपेयी उर्फ बेंचेलाल (85) का ह्रदयगति रुक जाने के कारण स्वर्गवास हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार सहित शोक की लहर दौड़ गई। नगर व क्षेत्र के पत्रकारों व अन्य लोगों ने भारी संख्या में उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### परसेहरा में एक ही रात में दो घरों से लाखों की चोरी, पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम परसेहरा में एक ही रात में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर नकदी, जेवर सहित लाखों की चोरी कर ली है। पीड़ितो की तहरीर पर पुलिस ने छानबीन तो शुरू की लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।परसरेहरा गांव में ढाकनलाल के घर में चोर पीछे की दीवार से चढ़कर जीने में लगे लकड़ी के पल्ले की कुंडी तोड़कर घर में घुस गए। जिन्होंने कमरे की अलमारी तोड़कर चार जोडी पायल, तीन जोड़ी बिछिया, ब्रेसलेट, सोने के एक जोड़ी झाला, तीन जोड़ी पेंडिल, कुंडल और अलमारी में रखे 1500 रुपये नकद, कपड़े आदि उठा ले गए। सुबह जागने पर ढाकनलाल ने कमरे का दरवाजा खुला देखा तो वह दंग रह गए। अलमारी की सेफ टूटी देख उन्हें चोरी की जानकारी हुई।चोरों ने इसी रात में ही राकेश कुमार के यहां खिड़की का ग्रिल तोड़कर मकान के अंदर प्रवेश कर अलमारी और बक्सा का ताला तोड़कर पांच जोडी पायल, नाक के फूल, सोने की तीन चेन, एक जोड़ी झाला सहित पांच हजार रुपये नकद चोरी कर लिए हैं। दोनों पीड़ितो ने अजान चौकी और हैदराबाद थाना में तहरीर दी है, जानकारी मिलने पर चौकी प्रभारी जेपी यादव ने मौका मुआयना कर दोनों चोरियों का शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन दिया है। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। गांव के लोग बताते हैं कि इससे पहले भी गांव में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस ने अब तक उनका भी खुलासा नहीं किया है।

### भारत-नेपाल सीमा से पांच किमी पहले ही रोक दिए गए यात्री और वाहन, आवागमन बंद होने से परेशान

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** नेपाल जाने वाले यात्रियों को भारत-नेपाल सीमा परस्थित गौरीफंटा बार्डर से पांच किलोमीटर पहले ही वनकटी वन बैरियर पर रोक दिया गया। इससे यात्री काफी परेशान हुए हैं। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में जिले की लोकसभा खीरी और धौरहरा सीट पर 13 मई को मतदान है।चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने मतदान से 72 घंटे पहले भारत-नेपाल सीमा पूरी तरह से सील कर दी थी। रविवार की सुबह भारत के विभिन्न राज्यों, महानगरों और शहरों से लोग जब वाहनों से अपने घर नेपाल वापस जा रहे यात्री जब दुधवा नेशनल पार्क के वनकटी वन बैरियर पर पहुंचे तो उनके वाहनों को रोक दिया गया। इसके अलावा अन्य वाहनों को भीजाने की इजाजत नहीं दी गई।जंगल के किनारे बने सुविधाविहीन वन बैरियर पर यात्रियों को घंटों खड़ा रहना पड़ा। इसके बाद तमाम यात्री पैदल,तो तमाम डग्गामार वाहनों से अधिक पैसे खर्च कर सीमा पर पर पहुंचे।

### तहसील के सभी 222 मतदान केंद्रों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी।** गोला तहसील क्षेत्र में बनाए गए 222 मतदान केंद्रों और उनके 441 पोलिंग बूथ पर आज सोमवार को मतदान करने के लिए पोलिंग पार्टियों सकुशल पहुंच चुकी है।यह जानकारी देते हुए उप जिला अधिकारी और तहसील के निर्वाचन अधिकारी रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि सभी पोलिंग पार्टियां पोलिंगों तक सकुशल पहुंच चुकी हैं और सोमवार को सुबह सात बजे से लेकर सायंकाल 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने सभी मतदाताओं से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जो मतदाता मतदान केंद्र तक पैदल आने-जाने में असमर्थ हैं उनके लिए मतदान केंद्र के 200 मीटर दूर तक वाहन ले जाने की अनुमति होगी।

### अज्ञात युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला,शिनाख्त के बाद कराया गया पोस्टमार्टम

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** हरपालपुर। अरवल थाना क्षेत्र में गंगापार नदी के किनारे खड़े पेंड में एक युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिलने से इलाके में सनसनी मचा गयी। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने श्रव की शिनाख्त कराने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार को अरवल थाना क्षेत्र में रामगंगा नदी के पार खेत मे खड़े एक पेड़ से अज्ञात युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिलने से इलाके सनसनी मचा गयी।आसपास के लोगो द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई तो मृतक शैलेन्द्र सिंह पुत्र जदुनाथ सिंह निवासी नरेंद्र पुरवा थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज के रूप में उसकी शिनाख्त हुई।पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## छत से गिरकर घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



सांडी। कस्बे के मोहला नवाबगंज निवासी दिनेश शर्मा पुत्र श्याम नारायण शर्मा बीती शुक्रवार की रांत अपने घर की छत पर सो रहे थे।लगभग आधी रात को दिनेश बाथरूम के लिए उठकर छत के किनारे जा पहुंचे। जिससे अचानक उनका पैर फिसल गया था। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए थे।परिजन उन्हें इलाज के लिए आनन फ़ानन मे जिला अस्पताल ले गए। जहा से उसे गम्भीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेन्टर के लिए रेफर कर दिया गया।जहा इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दिनेश राजपूत टेन्ट हाउस पर मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गोदरेज कम्पनी के मुनीम की मौत

* प्रताप नगर- हरदोई मार्ग पर कुइया पेट्रोल पंप समीप हुआ हादसा

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के प्रताप नगर हरदोई मार्ग पर कुइया पेट्रोल पंप समीप ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के राहगीरों ने इसकी सूचना एंबुलेंस को दी।मौके पर एम्बुलेंस लेकर पहुचे ईएमटी रामप्रसाद पायलट जितेंद्र ने तत्काल सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावा को लाये जहा पर चिकत्सको ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा। हरदोई जनपद के कोतवाली देहात क्षेत्र के लालतापुरवा निवासी संदीप मिश्रा 32 गोदरेज कम्पनी हरदोई मे मुनीम का कार्य करता था। शनिवार दोपहर को बाईक से गोदरेज कम्पनी का पैसा लेने के लिए कोथावा आया हुआ था। यह शाम को बाईक से हरदोई जा रहा था।प्रताप नगर हरदोई मार्ग पर कुइया पेट्रोल पंप समीप ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के राहगीरों ने इसकी सूचना एंबुलेंस को दी।मौके पर एम्बुलेंस लेकर पहुचे ईएमटी रामप्रसाद पायलट जितेंद्र ने तत्काल सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावा को लाये जहा पर चिकत्सको ने युवक को मृत घोषित कर दिया।मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी डाली मिश्रा व दो बेटे दिव्यांश (8), अनुरुद्ध (6) व अपनी मा सुनीता मिश्रा को पीछे छोड़ गया। मृतक पांच भाई बहनो मे अकेला था।कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि बाईक मे टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर को पकड कर थाने लाया जा चूका है। शव का पंचानामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा जा रहा है।परिजनों की तरफ से तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

## देश में वही शासन करेगा, जो प्रभु राम को मानता है: सीएम योगी




* मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के पयागपुर के कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित
* बोले, इंडी गठबंधन प्रभु राम पर नहीं बल्कि हम सभी के अस्तित्व पर खड़ा करती है सवाल

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

देश में राम मंदिर निर्माण पर रामद्रोहियों को ही आपत्ति हो सकती है क्योंकि यह हमेशा राम के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करते आए हैं और आज भी सवाल खड़े कर रहे हैं। इंडी गठबंधन में शामिल लोग पाकिस्तान और आतंकवाद की पैरवी करते हैं। यह प्रभु राम पर नहीं बल्कि हम सब लोगों के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करते हैं क्योंकि हम सभी जागने से लेकर सोने तक प्रभु श्रीराम का स्मरण करते हैं। अब वक्त आ गया है जब हमें इन्हे बताना है कि देश में वहीं शासन कर सकता है, जो प्रभु राम को मानता है। यह चुनाव रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच का है। यही वजह है कि देश की जनता एक स्वर में तीसरी बार मोदी सरकार और 400 पार का नारा लगा रही है। देश में 500 वर्षों के बाद भव्य, दिव्य और नव्य राम लला का मंदिर बनकर तैयार हो गया है। वहीं कांग्रेस और सपा के लोग कहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर कभी नहीं बन पाएगा। आज भव्य मंदिर भी बनकर तैयार हो गया है और देश-विदेश श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने भी आ रहे हैं।

यह वही सपा है, जो कहती थी कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। आज वह अपनी आंखें खोलकर देख लें कि अयोध्या में रोजाना रामभक्तों का रेला उमड़ रहा है।

यही मोदी की गारंटी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बहराइच के पयागपुर के कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के पक्ष में वोट की अपील की।

### एससी, एसटी के अधिकारों में घुसपैठ का बीजेपी ने किया था घोर विरोध

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सुरक्षा हो या प्रदेश में कानून व्यवस्था। युवाओं की आजीविका हो या आस्था का सम्मान ये सभी कार्य केवल भाजपा ही कर सकती है। कांग्रेस ने देश को आतंकवाद, नक्सलवाद, परिवारवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद की समस्या दी है। उन्होंने कहा कि आज वह देश में जहां भी जा रहे हैं वहां से एक ही आवाज आ रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यूपीए सरकार में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है, जिसे भाजपा के भारी विरोध के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणात्र में संपत्ति का सर्वे कराने की बात कर रही है। वे लोग उसके बाद संपत्ति का अपने अनुसार बंदरबांट करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने देश में चार जातियों की बात की है गरीब, किसान, युवा और महिला। इसमें किसी जाति, मत-मजहब की बात नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि बहराइच वही भूमि है, जहां सोमनाथ मंदिर के गुनहगार सालार मसूद को जहन्नुम में पहुंचाया गया। देश के धर्म की रक्षा के लिए महाराज सुहेलदेव के शौर्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। हमने उनका भव्य स्मारक बनाया है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी विरासत का सम्मान करना जानते हैं। वहीं सपा, कांग्रेस और बसपा के लोग दरगाह तो जाएंगे, लेकिन कभी यहां पुष्पांजलि के लिए नहीं आएंगे क्योंकि इनको भय है कि कहीं मुस्लिम वोट न खसक जाए। इन लोगों ने पहले हमें जाति, नाम, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटा। अब इनकी नजर हमारी प्रॉपर्टी पर है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे।

### हमारे पूर्वजों की संपत्ति पर नजर गड़ाने वालों को देंगे मुंह तोड़ जवाब

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश सुरक्षित हुआ है। आज कहीं अगर जोर से पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है। उसे पता है कि कोई चूक हो गई तो लेने के देने पड़ जाएंगे। देश में हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का कोई सानी नहीं है। विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित भाजपा का संकल्प पत्र इस बात को दोहरा रहा है कि हमें हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना है। उन्होंने बताया कि अगले पांच साल में देश में तीन करोड़ गरीबों को मकान दिया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र में विरासत टैक्स लगाने की बात कही गयी है यानी यह सत्ता में आने पर हमारे पूर्वजों की संपत्ति को जबरन हड़पने का काम करेंगे। इंडी गठबंधन यह काम सपा के गुंडों से कराएगी क्योंकि इनका लोगों की संपत्ति पर कब्जा करना पुराना काम है। वहीं भारतीय जनता पार्टी इसे स्वीकार नहीं करेगी। हमें देश को जाति और धर्म के नाम पर बांटने वालों को मुंह तोड़ जवाब देना है। इसके लिए सभी को अपने एक-एक वोट की कीमत को समझना होगा। इस अवसर पर बीजेपी के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, विधायक सुरेश सुभाष त्रिपाठी, अनुपमा जायसवाल, बावन सिंह, प्रेम नारायण पांडेय, अजय कुमार, विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

### महिला और छह माह की बच्ची की मौत

**जन एक्सप्रेस । बरेली।** बरेली के भमोरा क्षेत्र में आंधी के कारण छज्जा गिरने से घायल ताई के बाद रविवार को इलाज के दौरान छह माह की भतीती की भी मौत हो गई। दादी समेत घायल दो लोगों का अब भी इलाज चल रहा है। घटना शनिवार को भमोरा थाने की ग्राम पंचायत देवचरा के मजरा भुड़िया गांव में हुई थी। तहसील प्रशासन ने पीड़ित परिवार को मुआवजे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत देवचरा के मजरा भुड़िया में देवेंद्र सिंह अपने भाई सुखवीर सिंह के साथ रहते हैं। शनिवार सुबह बारिश के दौरान देवेंद्र के बेटे अर्जुन की पत्नी सुधा (35) और सुखवीर की पत्नी संजू व उनके बेटे आकाश, विकास और आकाश की छह माह की बेटी उन्नति घर के दरवाजे पर बैठे थे। छह माह की उन्नति संजू देवी की गोद में थी। इसी दौरान आंधी के बीच घर का छज्जा गिर गया। ये सभी लोग मलबे में दब गए। अस्पताल ले जाने पर पर डॉक्टर ने सुधा को मृत घोषित कर दिया। घायलों का इलाज चल रहा था। रविवार को छह माह की उन्नति ने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार में ताई और भतीजी की मौत से गांव में भी मातम का माहौल है। एसडीएम नहने राम ने बताया कि पीड़ित परिवार को मुआवजे के लिए लिखा गया है। लेखपाल से रिपोर्ट मांगी गई है।

### बारिश से सड़कों पर जलभराव और कीचड़ से गुजरना मुश्किल

**जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर।** शनिवार सुबह करीब एक घंटे की बारिश से शहर की सड़कों का बुरा हाल हो गया। जल जमाव और कीचड़ होने से राहगीरों का निकलना तक मुश्किल हो गया। वृंदावन गार्डन से गोविंदगंज रेलवे फाटक की ओर जाने वाला मार्ग, रोडवेज से स्टेशन रोड, लाल इमली चौराहा से भारद्वाजी कॉलोनी वाली रोड आदि में यही हाल रहा। लाल इमली चौराहा से निशात रोड, खिरनीबाग में यात्री निवास के सामने गड्ढों में पानी भरने और कीचड़ होने की समस्या रही।

# गैर भाजपा सरकारों में बम फूटते थे, लूट खसोट होती थी अब बम नहीं फटता: स्वतंत्रदेव सिंह

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर





2014 के पहले देश में बम फूटते थे, लूट खसोट होती थी, महिलाएं सुरक्षित नहीं थी, लेकिन अब बम नहीं फटता, अब कोई भूखा नहीं मरता है। 2017 के पहले प्रदेश में बेटियां घर से नहीं निकलती थी, पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार व गुंडागर्दी चरम पर थी,लेकिन आज आधी रात में भी लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगर तीसरी बार पांच साल मांग रहे हैं तो वह बीते दस सालों में किए गए काम के आधार पर मांग रहे हैं। हर घर नल, बिजली, राम मंदिर, धारा 370 हटाना, देश भर में हाईवे का जाल बिछाना, दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाना, ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां मोदी के नेतृत्व में देश ने प्रगति न की हो।

यह बातें उत्तर प्रदेश प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रत देव सिंह ने रविवार को सुभाष इण्टर कालेज बेदूपार हाटा में भाजपा के पिछड़ा मोर्चा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने ने कहा कि 2014 के पहले की सरकारों में देश में धमाके होते थे। जब से मोदी सरकार बनी है, तब से धमाके बंद हो गए हैं। कांग्रेस ने 70 सालों से देश को लूटने का काम किया है। देश की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। आज देश के लोगों के पास रहने के लिए पक्का मकान और इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड है। जनता से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि पहले थका हारा किसान जब घर पहुंचता था तो रात के अंधेरे में चार रोटी के बदले दो रोटी ही खाता था, अब गांव में भी पर्याप्त बिजली रहने लगी है. जब किसान काम करने के बाद शाम को घर पहुंचता है तो अपनी पत्नी की शक्ल उजाले में देखकर दो के बजाय आठ रोटी खाता है।

मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचारी गठबंधन को जनता ने सिरे से नकार दिया है। भारतीय जनता पार्टी के परिश्रमी कार्यकर्ताओं के मेहनत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों तथा मजबूत नेतृत्व के दम पर हम चुनाव जीतेंगे और लगातार तीसरी बार सरकार बनाएंगे।

राज्य सभा सांसद आरपीएन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में पिछड़े वर्ग को जितना सम्मान मिला है उतना किसी सरकार में नहीं मिला है। समाजवादी पार्टी पर प्रहार करते हुए आरपीएन सिंह ने कहा कि जिनको जनता ने रिटायर कर दिया है वे तमाम तरह के भ्रम फैला रहे हैं। पार्टी ने मुझे राज्य सभा सांसद बनाकर पूरे कुशीनगर जनपदवासियों को वह सम्मान दिया है जिसे कुशीनगर में अबतक किसी को नहीं मिला था। उन्होंने जनता से अपील किया कि किसी के बहकावे में नहीं आना है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत और खुशहाल हुआ है। अबकी बार फिर से विजय कुमार दूबे को भारी मतों से विजई बनाकर दिल्ली भेंजना है। सम्मेलन को पिछड़ा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष चिरंजीवी चौरसिया, सांसद विजय कुमार दुबे, जिला प्रभारी शकुंतला चौहान, लोकसभा प्रभारी नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, विधायक मनीष जायसवाल, विवेकानंद पाण्डेय, विनय प्रकाश गोंड, मोहन वर्मा, संजय सिंह मुन्ना,ब्लाक प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह, रंजना पासवान, जिला मंत्री बाबूनन्दन सिंह, पप्पू नाथानी ने भी सम्बोधित किया।

अध्यक्षता पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह और संचालन जिला महामंत्री सुशील शर्मा ने किया।

### स्नान कर रही महिला के साथ छेड़खानी, विरोध पर मनबढ़ युवकों ने की पिटाई

जन एक्सप्रेस/बरहज। गौरीबाजार थाना क्षेत्र की एक महिला के साथ दर्जन भर मनबढ़ युवकों ने नदी में स्नान करते वक्त छेड़खानी किया। छेड़खानी का विरोध करने पर महिला और उसके परिजनों की जमकर पिटाई भी की। सरयू घाट पर श्रद्धालुओ के साथ ऐसी घटनाएं आम हो गईं है। सुरक्षा के नाम पर कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। यूं कहें तो सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है।मिली जानकारी के अनुसार गौरीबाजर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला रविवार को अपने परिजनों के साथ बरहज सरयू घाट पर विवाहोपरांत हिन्दू रिवाज के अनुसार गंगा मैया को कड़ाही चढ़ाने और स्नान करने के लिए आई हुई थीं। महिला नंदी में स्नान कर रही थी उसी दौरान मोहन सेतु की तरफ से दर्जन भर मनबढ़ युवक आए और नदी में स्नान करने के बहाने महिला से छेड़छाड़ करने लगे। महिला ने छेड़खानी का विरोध किया तो मनबढ़ युवकों ने महिला को भद्दी भद्दी गालियां देने लगें। यह दृश्य देख महिला के परिजनों ने आपत्ति जताते हुए मना किया तो मनबढ़ युवकों ने महिला सहित परिजनों की सरयू घाट पर जमकर धुलाई कर दी। लोगों की भीड़ इकट्ठा होता देख मनबढ़ युवक फरार हो गये।

# वरिष्ठ पत्रकार हीरा जायसवाल व अम्बिका की लगेगी प्रतिमा



जन एक्सप्रेस | सलेमपुर

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक हनुमान मंदिर के समीप वेण्टेज कैफे पर हुई। जिसमें बलिया में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन की सफलता पर बल दिया गया। इसके लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम नवल सिंह ने कहा कि 20 जून को ग्रापए के प्रांतीय सम्मेलन में संस्थापक स्व. बालेश्वर लाल की प्रतिमा का अनावरण किया जाना है। इसके लिए पूरे प्रदेश के पत्रकार बलिया पहुंचेंगे। सरंक्षक केपी गुप्ता ने सलेमपुर में ग्रापए का पूर्वांचल सम्मेलन आयोजित करने और इस सम्मेलन में पूर्वांचल के वरिष्ठ पत्रकार रहे हीरा प्रसाद जायसवाल भागलपुर व अम्बिका प्रसाद चौरसिया भलुअनी की प्रतिमा लगाई जाय। तहसील अध्यक्ष श्याम नारायण मिश्र ने कहा की आज की पत्रकारिता बहुत बड़ी चुनौती है। इसके चलते हमे अपनी लेखनी पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बैठक को आनंद प्रकाश उपाध्याय, डॉ. वेद व्यास तिवारी, रत्नेश यादव, राकेश यादव, रामू यादव, राम विलास तिवारी, अनूप उपाध्याय, आफताब, अमिताभ यादव आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता श्याम नारायण मिश्र ने किया।

# मतदान प्रतिशत को संकलित किये जाने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेटों को एम0पी0एस0 ऐप का दिया गया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी, कुशलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में मतदान दिवस पर मतदान के प्रतिशत को संकलित किये जाने हेतु आयोग द्वारा तैयार किये गये एम0पी0एस0 (मतदान प्रतिशत संकलन) ऐप का प्रशिक्षण समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट को रविवार को दो पालियों में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा की चुनाव में आप सब की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। मतदान (पोलिंग) पार्टी की रवानगी से लेकर संग्रहण स्थल तक आपको सौपे गए दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी तत्परता एवं कटिबद्धता से करना है। किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो तत्काल सहायक रिटर्निंग अधिकारी को अवगत कराये। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि सभी मतदेय स्थलों पर निर्वाचन आयोग के मानक के अनुरूप (एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज एएमएफ) न्यूनतम सुविधा उपलब्धता की जांच कर लें, अगर कोई कमी हो तो संबंधित विधानसभावार सहायक रिटर्निंग अधिकारी को अवगत कराए तथा जिन मतदेय स्थलों पर वेब कास्टिंग होनी है। उनकी सूची प्राप्त कर पहले ही जांच कर ले की स्विच, विद्युत, नेटवर्क आदि की व्यवस्था ठीक है। इसके साथ-साथ मतदेय स्थलों पर पानी ,छाया तथा रैंप की व्यवस्था की उपलब्धता की जांच कर अवगत कराए। उनकी सूची प्राप्त कर पहले ही जांच कर ले की स्विच, विद्युत, नेटवर्क आदि की व्यवस्था ठीक है। इसके साथ-साथ मतदेय स्थलों पर पानी ,छाया तथा रैंप की व्यवस्था की उपलब्धता की जांच कर अवगत कराए। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट बीएलओ द्वारा किए जा रहे मतदाता पर्ची वितरण की भी जांच कर ले।पोलिंग पार्टी रवानगी से पहले पीठासीन अधिकारी से वार्ता कर लें किसी प्रकार की कोई समस्या अगर आ रही है तो वार्ता कर तत्काल उसका निवारण कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर, परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी पडरौना (सदर) व्यास नारायण उमराव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामजियावन मौर्य, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी सहित निर्वाचन कार्यालय के सहायक, लिपिक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर शशि आदि उपस्थित रहे।

### मदर्स डे बड़े ही घूम घाम से मनाया गया

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

कुशीनगर जिले के अन्तर्गत पडरौना विकास खण्ड के अन्तर्गत जंगल कुरमौल अन्तर्गत सैनिक पब्लिक स्कूल कुरमौल नाहर छपरा में मदर्स डे पर माताओं ने कार्यक्रम को बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सभी माताओं ने अपने विचार रखे उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में हम सभी को जागरूक होने का अवसर मिला है।

इस दौरान आकांक्षा,पल्लवी आयुषी आशीष, आर्यन, आदित्य द्वार माँ के लिए पढ़ी गई कविता सब के दिलो को छू गई, माताओ ने केक काट कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रधानाध्यापक पूरन सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर, विनय, मुन्ना कुशवाहा, गणेश शर्मा, रितिक, वर्मा, अंकिता, प्रियंका, चंदा निर्मला कुशवाहा, कान्ति देवी सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

# जिले के अहिरौली बाजार में 24 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

* मातृ दिवस के अवसर पर नयी दिशा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन
* एचडीएफसी बैंक के द्वारा सभी रक्तदाता को एक एक बैग गिफ्ट किया



जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

संयुक्त जिला चिकित्सालय कुशीनगर में रक्त आपूर्ति की कमी न हो इस हेतु नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर जिले के हाटा विकास खण्ड के कसया रामकोला मार्ग पर स्थित अहिरौली बाजार चौराहे के पंचायत भवन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के अंग्रेजी विभाग की पूर्व अध्यक्ष प्रो0 प्रशिला शैम ने फीता काटकर किया। प्रो0 शैम ने कहा कि रक्तदान बहुत ही पवित्र कार्य है क्योंकि इससे किसी व्यक्ति को जीवन प्राप्त होता है। सक्षम लोगों को बढ़ चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने रक्तदानियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान शिविर में 24 रक्तवीरों ने रक्तदान किया जिनमें सत्येंद्र कुमार मिश्र, अभिषांक शर्मा, संतोष राव, रंजीत राय, दुर्गेश तिवारी, शिवेंद्र राय, कानूनगो हरि शंकर सिंह, परवेज अहमद सिद्दीकी, अनूप कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार मिश्र, जितेंद्र गुप्ता, बजरंगी कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, इम्तेयाज अहमद, खुर्शीद आलम, विवेक चंद्र पाल, संतोष कुमार दुबे, सीए अंजनी नंदन सिंह, नीतीश कुमार, कृष्ण मोहन, अमित शर्मा, नयी दिशा उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र, अभिषेक कुमार पांडेय आदि ने रक्तदान किया। सभी को अंगवस्त्र, पौधा व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। रक्तदानियों को ब्लड बैंक से डोनर कार्ड भी मिला जिसपर जरूरत पड़ने पर उन्हें 3 माह के अंदर रक्त भी मिलेगा। रक्त संग्रह का कार्य कुशीनगर और गोरखपुर के सरकारी ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया गया। जिसमें एजाज अहमद, विंध्यवासिनी पांडेय, रिंकी यादव, राम विनोद सिंह, नीतीश कुमार, सुरेंद्र यादव, राकेश मिश्र, दिलीप उपाध्याय, घनश्याम पांडेय, इश्तेयाक आदि शामिल रहे।

नयी दिशा सचिव डॉ. हरिओम मिश्र ने रक्तवीरों सहित शिविर में शामिल सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मुस्तुफा खां, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, रागिनी पांडेय, पद्मावती सिंह सत्य प्रकाश राव ,ममता कश्यप, मिथिलेश सिंह, राधेश्याम गौड़, शिव कुमार पांडेय, देवानंद गौड़, दिनेश जायसवाल, जेपी यादव, अवधेश गौड़, सतवंत यादव, डिम्पल पांडेय, सरवरे आलम, पत्रकार अनिल तिवारी, मनीष यादव, संजय पाण्डेय, हर गोविंद राव, मो0 सरफराज, अयूब खान, सरवरे आलम, कौशल जायसवाल, रमाकांत मिश्र, मनोज यादव, जयराम पटेल, रमेश जायसवाल, अजय कुमार, पेशकार गौड़, स्वामी नाथ चौधरी, दीना नाथ ओझा, अमन जायसवाल, लखन मद्देशिया सहित क्षेत्र के युवा अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# ऐश्वर्या पहुंचीं गांव, हुआ भव्य स्वागत

* यूपीएससी परीक्षा टॉप टेन में बनाई स्थान, ग्रामीणों ने दी शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महराजगंज



देश के सबसे कठिन परीक्षा यूपीएससी में टॉप टेन हासिल करने वाली महराजगंज जिले की बेटी ऐश्वर्या प्रजापति का गांव में पहली बार आगमन होने पर भव्य स्वागत हुआ। फरेंदा तहसील क्षेत्र मैनहवा के टोला मंझरिया बहदुरी की रहने वाली ऐश्वर्यम 16 अप्रैल को यूपीएससी परीक्षा में देश भर में दसवा रैंक हासिल कर मां-बाप का नाम रोशन किया। बेटी की सफलता पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पहली बार ऐश्वर्यम गांव पहुँची तो दो किलोमीटर पहले से ही पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह गांव वालों के संग बैंड बाजा और फूलमाला के साथ स्वागत में खड़े थे। बहादुरी बाजार में बेटी के स्वागत के लिए मंच लगाया गया था जहां पर गांव के लोगो ने बारी -बारी से बेटी का फूलमाला और मोमेंटो देकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि बेटी की सफलता ने आज बहादुरी का नाम देश भर ऊँचा कर दिया है। निश्चित तौर पर इस बेटी से प्रेरणा लेकर क्षेत्र में और भी बेटियां सफलता प्राप्त करेंगी।

नगर पंचायत बृजमनगंज अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने कहा कि ऐश्वर्या देश में टॉप टेन स्थान हासिल कर अपना ही नहीं पूरे जिले का नाम रोशन किया है। बिटिया के चयनित होने पर लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

इस अवसर पर पिता कोमल प्रजापति, चाचा, दादा, दादी, रिश्तेदारों के साथ ग्राम प्रधान रमेश सिंह, बिल्लू सिंह, तामेश्वर, मधुर सिंह, प्रदीप पाण्डेय, अनिल मिश्रा, संजय जायसवाल, राजू जायसवाल, राजू वर्मा, रामकेश प्रजापति, संदीप शर्मा, डॉ एसएन आजाद, ब्लाक प्रमुख उदयराज यादव, जनार्दन यादव, जितेंद्र शर्मा, टिंकल पाण्डेय, प्रदीप सिंह, शैलेश सिंह, गौरी जायसवाल, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### मां प्राणीमात्र के जीवन की अनमोल धरोहर

जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी। मातृ दिवस के अवसर पर गुठनी प्रखंड के शिक्षक डॉक्टर कन्हैयालाल गुप्त किशन ने अपने विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें की मातृ शक्ति पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन में कहा किमां प्राणीमात्र के जीवन की अनमोल धरोहर है। मां ममता का खज़ाना है। मां को धरती से भी महान बताया गया है। कभी कोई अपने मां का ऋण उतार नहीं सकता है। मां तो अपनी कोख में नौ माह अपनी संतानों को लिए फिरती है। तभी तो मां का स्थान धरती पर सबसे ऊंचा है। माँ ब्रह्मांड में सबसे शक्तिशाली लोगों में से एक है क्योंकि उसके जितना शक्तिशाली कोई अन्य प्राणी नहीं है। अधिकतर हमारी माँ ही हर परिस्थिति को संभालती और नियंत्रित करती रहती है। इसके अलावा, कोई भी किसी भी कीमत पर माताओं की जगह नहीं ले सकता है और माताओं द्वारा किए गए बलिदानों के लिए ढेर सारा प्यार और देखभाल दिखाने के लिए, हम मई के हर दूसरे रविवार को मातृ दिवस के रूप में मनाते हैं।

# हर्ष-उल्लास से मनाया गया आदि गुरू शंकराचार्य का जन्मोत्सव

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

गुरु गोरक्षनाथ गोस्वामी महासंघ के बैनर तले आदि गुरु शंकराचार्य का जन्मोत्सव कार्यक्रम रविवार को हर्षोल्लास के साथ जिले के विकास खण्ड पडरौना के जंगल बनबीरपुर के गिरि टोला में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु गोरक्षनाथ गोस्वामी महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक महा मंडलेश्वर रामबालक दास त्यागी ने कहा कि जब जब धरती पर पाप व अत्याचार बढ़ा है तब तब अत्याचारियों के विनाश के लिए भगवान अवतरित होते हैं।

उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य को शिव का अवतार माना जाता है। शंकराचार्य जी के जीवन पर चर्चा करते हुए दीनानाथ गिरि पूर्व प्रधानाचार्य एवं संरक्षक गुरु गोरक्षनाथ गोस्वामी महासंघ ने कहा कि जगतगुरु आदि शंकराचार्य स्वयं शिव के अवतार हैं और प्रत्येक गोस्वामी शिव के अंश हैं। ओम प्रकाश गिरि पूर्व शिक्षक व प्रदेश उपाध्यक्ष गुरु गोरक्षनाथ गोस्वामी महासंघ ने कहा कि शंकराचार्य जी के विचार आत्मा और परमात्मा की एकरूपता पर आधारित हैं जिसके अनुसार परमात्मा एक ही समय में सगुण और निर्गुण दोनों ही स्वरूपों में रहते है।

रामवृक्ष गिरि प्रदेश अध्यक्ष गुरु गोरक्षनाथ गोस्वामी महासंघ ने कहा कि समाज को एकजुट करने के लिए अकेले चले थे और समस्त धर्मों के मठाधीशों को शास्त्रार्थ में परास्त कर अपना शिष्य बनाए और समाज को एक डोर में पीरोने का काम किया। कार्यक्रम को दिग्विजय गिरि प्रदेश महामंत्री, सुरेश गिरि, अमरेंद्र पूरी राष्ट्रीय महामंत्री, सत्यनारायण गिरि मंडल अध्यक्ष, राजेश गिरि जिला संरक्षक, आरसी गिरि जिला उपाध्यक्ष, बासुदेव गिरि जिलाध्यक्ष, दिनेश्वर गिरि, पुण्य प्रकाश गिरि, महेश गिरि, रमेश गिरि, पिंटू गिरि, विंदेश्वरी गिरि प्रदेश महामंत्री, देवानंद गिरि, मंडल उपाध्यक्ष आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय गिरि ने किया। इस अवसर पर विश्वनाथ गिरि, रामदेव गिरि, राधेश्याम गिरि, भोलू गिरि, अनिरुद्ध गिरि,राजेंद्र गिरि, रामू गिरि, ब्रह्मा गिरि, राजन गिरि, शिवा गिरि, नीतीश गिरि, देवेंद्र यति, सुरेश गिरि, अम्बरीष गिरि सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## नगर पंचायत के ज्यादातर सरकारी हैंडपंप खराब, जिम्मेदार मौन



जन एक्सप्रेस | पनियरा-महराजगंज

ग्रामीण और शहरी क्षेत्र को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सार्वजनिक जगहों पर सरकार द्वारा इंडिया मार्का हैंड पंप लगाया गया था। जिससे लोगों को पीने के लिए साफ और शुद्ध पेयजल मिल सके परन्तु मौजूदा समय में इंडियन मार्का हैंड पंप का अस्तित्व अधर में दिखाई दे रहा है। पनियरा साधन सहकारी समिति के पास लगा इंडियन मार्का हैंड पंप लंबे समय से खराब है। यहां दूर दराज के लोग आने के बाद पेड़ों की छाव में आराम करने के बाद पानी के तलाश में इधर उधर भटकते है। इस संबंध में पनियरा नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी कन्नूप्रिया शाही संपर्क करने की कोशिश किया गया तो उनका मोबाइल फोन बंद बता रहा था।

# बूथ जीतने में पन्ना प्रमुखों की अहम भूमिका: बाबूराम निषाद

जन एक्सप्रेस | देवरिया




पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के तरकुलवा नगर पंचायत के गढरामपुर में भारतीय जनता पार्टी का बूथ सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद बाबू राम निषाद ने कहा कि हर बूथ को जितने के लिए पन्ना प्रमुखों को अपने पन्नो के मतदाताओं को घर से निकाल कर बूथ तक ले जाने का महत्वपूर्ण कार्य करना होगा तभी शत प्रतिशत मतदान भी होगा और हम उन बूथों पर जीत हासिल कर सकेंगे। बूथ समितियों के कार्यकर्ताओं को भी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी पूर्वक निभाना होगा, हर कार्यकर्ता इस युद्ध में भाजपा का सिपाही बनकर लड़ेगा और देवरिया से भारी बहुमत से शशांक मणि को सदन में भेजने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी सुचिता की राजनीति करती है, एकात्म मानववाद हमारा मूल मंत्र रहा है समाज के अंतिम व्यक्ति तक व्यवस्थाओं को पहुंचाना ही हमारा संकल्प है तभी जाकर विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि हर बूथ पर हमारे पार्टी के त्रिदेव के रूप में बूथ समिति के अध्यक्ष, बीएलओ, और महामंत्री इनका दायित्व बहुत बड़ा है बूथ के सभी वोटों को सहेजने का कार्य इन त्रिदेवों का है।

बूथ जीतने के लिए बूथ की संरचना बनाकर सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर बैठक करके क्या करना है उसको तय कर लें। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के सपनो को साकार करने का कार्य मोदी जी कर रहे हैं। सड़कें अच्छी हो गई, कानून व्यवस्था अच्छी हो गई, हर घर को बिजली मिल रही है, किसानों को सम्मान निधि मिल रही है, हर गरीब को राशन मिल रहा है । हर विभागों में समानता और योग्यता के आधार पर लाखों नौकरियां मिली है उन्होंने कहा कि 1975 मे नारा लगता था कि जबसे इंदिरा आई है कमर तोड महंगाई है । ये विपक्ष के लोग जनता में भ्रम फैला रहे हैं कि इस बार सरकार बनी तो आरक्षण समाप्त कर दिया जाएगा। देश पर इमरजेंसी थोप कर सभी नेताओं को जेल भेजने का कार्य कांग्रेस की सरकार ने किया। जो देश के टुकड़े करना चाहते हैं उनका मंसूबा कभी पूरा नहीं होगा।

उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि 1 जून को पहले मतदान करें तब जाकर जलपान करे और जबतक बूथ पर हर वोट न पड़ जाए विश्राम न करें । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन की संरचना को अध्यक्ष के नेतृत्व में पूरे बूथ समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा ताकत मिलती है इसलिए आज का ये सम्मेलन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि बूथ स्तर की निचली इकाई से लेकर विधानसभा स्तर तक के सभी कार्यकर्ताओं को विधानसभा के लगभग तीन लाख से ऊपर के लोगों के घर का दरवाजा खटखटाना है । अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताना है और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करना है।

कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक अवधेश सिंह ने किया। कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने कहा कि आप सबके प्रयास और समाज के हर वर्ग का आशीर्वाद मैं लेने आया हूं एक विकसित भारत के साथ साथ एक विकसित देवरिया और कुशीनगर का निर्माण हमारा लक्ष्य है।

इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश शाही, संयोजक सी पी सिंह, सह संयोजक अखिलेश त्रिपाठी, विधानसभा प्रभारी संजय सिंह सैंथवार, संयोजक अवधेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, जिला महामंत्री, प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह, जीवन पति त्रिपाठी, विजय श्रीवास्तव, उमेश मल्ल, कृष्णनाथ राय, रामशीष प्रसाद, मारकंडे तिवारी, बृजेश धर दुबे, संतोष तिवारी, मुन्नी शर्मा, अंबुज शाही, लोकसभा विस्तारक वीरेंद्र तिवारी, सभी बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक और प्रभारी तथा सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ट्रक चालक की हत्या कर नाले में छिपायी लाश, बाप-बेटे ने किया कत्ल

जन एक्सप्रेस। आगरा



ट्रक चालक की तलाश में परिवार के लोग 10 माह से भटक रहे थे, उसके कत्ल की जानकारी मिलते ही चीत्कार मच गया। कातिल बाप-बेटे के निशानदेही पर पुलिस ने कंकाल बरामद कर लिया है।

हाथरस के जिस ट्रक चालक की तलाश में परिजन 10 माह से भटक रहे थे, उसकी हत्या पड़ोस में रहने वाले चालक के साथी ने अपने बेटे के साथ मिलकर की थी। शव को ट्रांस यमुना क्षेत्र में नाले में दफना दिया था। शनिवार को हत्यारोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने नाले से कंकाल बरामद किया। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

हाथरस गेट थाना क्षेत्र स्थित साकेत कॉलोनी निवासी अजय पाठक (40) ट्रक चालक थे। पुलिस ने बताया कि 16 जुलाई 2023 में लापता हो गए। आखिरी लोकेशन यमुनापार के ट्रांस यमुना की निकली थी। इस पर थाना हाथरस गेट में भाई विजय ने 2 अगस्त 2023 को गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला। हाथरस गेट पुलिस ने बताया कि परिजन को साकेत कॉलोनी निवासी सुशील पर शक था। सुशील पहले अजय के साथ क्लीनर था। अजय ट्रक चालक थे। अजय के लापता होने के बाद पुलिस ने कई बार सुशील से पूछताछ की मगर कोई सुराग नहीं मिला।

हालांकि अजय की आखिरी लोकेशन फैक्टरी के आसपास की ही निकली थी। पुलिस ने सुशील से सख्ती से पूछताछ की तो उसने हत्या स्वीकार कर ली। बताया कि अजय के साथ क्लीनर का काम करने के दौरान नागपुर में झगड़ा हो गया था। अजय ने पिटाई लगा दी थी, तब से रंजिश मान बैठा था। पुलिस को बताया कि ट्रांस यमुना स्थित सोल फैक्टरी की छत पर ले जाकर उसने अपने बेटे विष्णु के साथ मिलकर डंडे और रॉड से पीटकर अजय की हत्या कर दी। अजय बचने के लिए सीढ़ियों से नीचे उतर आया था लेकिन दोनों उसे खींचकर ऊपर ले गए।

मारने के बाद फैक्टरी के पीछे नाले में शव फेंक दिया। बाद में उसे नाले में ही दफना आए, ताकि किसी को शक नहीं हो। शनिवार को उनकी निशानदेही पर थाना ट्रांस यमुना की टीम और हाथरस गेट पुलिस ने नाले में दबा कंकाल बरामद किया। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थाना ट्रांस यमुना प्रभारी ने बताया कि हाथरस गेट में गुमशुदगी दर्ज है। आरोपी पिता-पुत्र से पूछताछ की जा रही है।

एक दिन छत पर पड़ा रहा शव

जिस जूते के सोल की फैक्टरी में हत्या की गई। पिता-पुत्र उसी में काम करते हैं। हत्या करने के बाद उन्होंने शव को एक दिन छत पर ही पड़ा रहने दिया। अगले दिन रात को शव को ठिकाने लगाया था। यह जानकारी आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को दी।

# जेल से निकलने को शादी के लिए हुआ राजी, रिहा होते ही कर दिया ऐसा कांड, दुष्कर्म पीड़िता के उड़े होश

जन एक्सप्रेस। आगरा

दुष्कर्म के आरोपी ने जब ये देखा कि उसका जेल जाना तय है, तो उसने अदालत में बोला कि वो पीड़िता से शादी कर लेगा। इसी शर्त पर वो जेल से बाहर तो आ गया, लेकिन उसने गांव पहुंचते ही दूसरी लड़की से शादी कर ली। इसकी जानकारी जब पीड़िता को हुई तो उसके होश उड़ गए। बिहार में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान जलेसर क्षेत्र के युवक और आजमगढ़ की युवती में नजदीकियां बढ़ीं। युवती की विद्युत विभाग में जेई के पद पर नौकरी मिल गई। इसके बाद दोनों में संबंध भी बने। लेकिन दो साल बाद युवक की नौकरी लगी तो उसने रिश्ता खत्म कर दिया। युवती ने उसके विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। अदालत ने इस शर्त पर जमानत दी कि वह पीड़िता से विवाह करेगा। लेकिन जमानत के बाद उसने यहां अपने गांव आकर दूसरी शादी रचा डाली। शुक्रवार रात उसके निधौली चौराहा स्थित एक रिसोर्ट में चल रहे विवाह समारोह में पीड़िता ने महिला विकास मंच की पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर जमकर हंगामा किया और बरात नहीं चढ़ने दी।

महिला विकास मंच की राष्ट्रीय संरक्षक वीणा मानवी ने बताया कि लगभग छह साल पहले प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान पीड़िता जलेसर क्षेत्र के गांव रनोसा निवासी एक युवक के संपर्क में आई थी। 2020 में पीड़िता की विद्युत विभाग में जेई के पद पर बिहार में नौकरी लग गई। इसके बाद ये दोनों लोग बिहार के जिला वैशाली में साथ रहे। दोनों ने शादी के वादे किए थे और इसे लेकर युवती ने काफी सपने संजोए थे। 2022 में युवक की भी नौकरी विद्युत विभाग में जेई के पद पर लग गई। लेकिन इसके बाद वह बदल गया। शादी से मना कर दिया। इसे लेकर पीड़िता परेशान रहने लगी। काफी मिन्नतें कीं, लेकिन युवक नहीं माना।

परेशान होकर 19 जनवरी 2024 को पीड़िता ने वैशाली जिले के थाना महुआ में युवक के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। इसमें युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बाद में युवक की ओर से पीड़िता को समझौते का प्रस्ताव भेजा गया। जिसमें शादी की बात कही गई। इस पर पीड़िता तैयार हो गई और उसे इसी शर्त पर बेल दी गई कि वह पीड़िता से विवाह करेगा।

## अश्लील फोटो-वीडियो कर रहा वायरल, एसोसिएट प्रोफेसर ने कराई रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। युवती ने युवक पर आरोप लगाया है कि युवक उसके साथ तीन साल से संपर्क में था। अब आकर उसने निशांत से रिश्ता तोड़ दिया तो वह जानकारी के लोगों के व्हाट्सएप पर अश्लील फोटो और वीडियो भेज रहा है। आत्महत्या करने की बात कह कर दबाव बना रहा है। जनपद के एक मेडिकल कॉलेज में बतौर एसोसिएट प्रोफेसर कार्यरत युवती ने गाजियाबाद के एक युवक पर अपनी अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती के अनुसार आरोपी निशांत पंडित निवासी एकता विहार कालोनी रमतेराम रोड गाजियाबाद उसके साथ तीन साल से संपर्क में था। अब आकर उसने निशांत से रिश्ता तोड़ दिया तो वह जानकारी के लोगों के व्हाट्सएप पर अश्लील फोटो और वीडियो भेज रहा है।

पति की शर्त

# साथ रहना है तो पत्नी को सीरियलों में काम करना छोड़ना पड़ेगा

जन एक्सप्रेस। आगरा

प्रेम विवाह के चार साल बाद पति और पत्नी के रिश्ते में ऐसी दरार आई कि रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंच गया है। काउंसलर ने दोनों पक्षों को बुलाया, लेकिन बात नहीं बन सकी। आगरा में पति और पत्नी के बीच विवाद का अजीब मामला सामने आया है। पति दिल्ली में नौकरी करता है, तो पत्नी ने सीरियल में काम करना शुरू कर दिया। पति को पत्नी का दूसरे शहरों में जाकर शूटिंग करना पसंद नहीं आया। इस वजह से विवाद इतना बढ़ गया कि मामला पुलिस के पास तक जा पहुंचा।

बाह निवासी युवक ने जगदीशपुरा थाना क्षेत्र की युवती के साथ 2020 में प्रेम विवाह किया था। पति दिल्ली मेट्रो में नौकरी करता है। शादी के बाद पत्नी को टीवी सीरियलों और वेब सीरीज में काम मिलने लगा। शूटिंग के लिए दूसरे शहरों में जाती है। इस दौरान पति की अन्य महिला से नजदीकी बढ़ गई। पति ने पत्नी से सीरियलों में काम करने से मना किया। मगर उसने एक बात भी नहीं मानी।

विवाद इतना गढ़ गया कि दोनों में मारपीट होने लगी। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा। काउंसलिंग के दौरान पत्नी ने पति के दूसरी महिला के साथ फोटो दिखाए। पति ने तस्वीरें पुरानी होने का हवाला दिया। कहा कि अब उसके किसी से कोई संबंध नहीं हैं।

# सीएम के पास उपलब्धियां बताने के लिए कुछ भी नहीं: पुरी

जन एक्सप्रेस। नोएडा

अमर कॉलोनी में रविवार को आयोजित व्यापारी सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जमानत पर जेल से बाहर आए केजरीवाल के पास अपनी पार्टी के बारे में कहने के लिए कुछ नहीं है। वे सिर्फ दूसरी पार्टियों की बात कर रहे हैं, क्योंकि उनके पास अपने व सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताने के लिए कुछ नहीं है, जबकि केंद्र की मोदी सरकार उपलब्धियों को आधार बनाकर चुनाव लड़ रही है और केजरीवाल भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में जब शराब घोटाला हुआ, तो विजय नायर मंत्री सौरभ और आतिशी को रिपोर्ट करता था, उसे जज ने साफ तौर पर कहा कि आपने घूस मांगी और उन पैसों का इस्तेमाल गोवा चुनाव में किया। मोहल्ला क्लीनिक को क्रांति बताने वाले केजरीवाल जवाब दें कि कोरोना काल में कितने लोगों को वैक्सीन मोहल्ला क्लीनिक में दिलवाई। सिर्फ बातों से लोगों को सीएम गुमराह कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा हमेशा ही व्यापारियों की समस्याओं के समाधान करने के लिए आगे रहती है और जब भी व्यापारियों को किसी भी प्रकार की समस्या आई है, उन्हें सहायता मिली है।

केजरीवाल बिना किसी साख के भ्रष्टाचारी यूटर्न वाले नेता - सूर्या

भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने रविवार को चांदनी चौक से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया। आजादपुर के प्राचीन शिव मंदिर शुरू हुए रोड शो में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस मौके पर सूर्या ने कहा कि देश के युवा प्रधानमंत्री के विकास की राजनीति को समझते हैं और ये जान गए हैं कि देश की एकता और उन्नति उन्हीं के नेतृत्व में संभव है। केजरीवाल बिना किसी साख के भ्रष्टाचारी यूटर्न वाले नेता हैं।

# थानेदार की कुर्सी पर बैठकर किशोर ने बनाई रील, सोशल मीडिया पर हुई वायरल

जन एक्सप्रेस। आगरा



किशोर ने थानाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठकर रील बना दी। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। बताया गया है कि प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद के साथ ये किशोर उनके आवास में रहता है और थाने की साफ-सफाई करता है।

आगरा के थाना फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी पर बैठकर किशोर ने रील बनाई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो को लोगों ने एक्स पर ट्वीट कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राकेश चौहान के आवास पर एक किशोर रहता है। उसने प्रभारी निरीक्षक कार्यालय में उनकी कुर्सी पर बैठकर एक 20 सेकंड का वीडियो बनाया है और उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया। इसे देखकर कई लोगों ने प्रशासन को एक्स पर ट्वीट किया गया है कि एक प्राइवेट व्यक्ति कैसे प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी पर बैठकर रील बना रहा है। पूर्व में भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो राकेश चौहान का वायरल हुआ था, जिसमें थानाध्यक्ष उघेती के रूप में तैनात थे। जहां वह सामने वाले व्यक्ति से पैसे की लेनदेन की बात कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार चौहान ने बताया कि किशोर मेरे आवास पर रहता है। साफसफाई का काम करता है। सुबह कार्यालय में सफाई करने गया था। तभी कुर्सी पर बैठकर गलती से फोटो खींच लिया है जिसे सोशल मीडिया पर डाल दिया है।

# पति ने घर में लगाया खुफिया कैमरा रिकॉर्ड हुई पत्नी की करतूत

जन एक्सप्रेस। आगरा



पत्नी के चरित्र पर शक के चलते पति ने घर में खुफिया कैमरे लगवा दिए। इसके बाद अपने मोबाइल से वो पत्नी की हर हरकत पर नजर रखने लगा। लेकिन पत्नी को इन कैमरों के बारे में पता चल गया। उसने पति की नजरों से बचने के लिए अलग ही तरीका खोज निकाला।

पति को जब पत्नी पर शक हुआ तो उसने घर में खुफिया कैमरे लगवा दिए। उन्हें अपने मोबाइल से कनेक्ट कर लिया। पत्नी को इस बात की भनक लग गई। उसने कैमरों के ऊपर तौलिया डालकर बात करना शुरू कर दिया। फुटेज न दिखने पर युवक ने कारण पूछा, तो दोनों में झगड़ा हो गया। पत्नी मायके आकर रहने लगी। पुलिस से शिकायत की। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा। काउंसलर ने दोनों पक्षों को समझाने का काफी प्रयास किया। मगर बात नहीं बन सकी। अगली तारीख दे दी गई है।

काउंसलर डॉ. सतीश खिरवार ने बताया कि इरादतनगर थाना क्षेत्र की एक युवती की शादी 2022 में शमसाबाद थाना क्षेत्र के युवक के साथ हुई थी। युवक एक कंपनी में दिल्ली में नौकरी करता है। फोन पर बात करने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। हाथापाई के बाद पत्नी पिछले छह महीने से मायके में है। उसने परिवार परामर्श केंद्र में गुहार लगाई।

शनिवार को दोनों पक्षों को तारीख पर बुलाया। पत्नी का आरोप है कि पति ने वादा किया था कि शादी के बाद वह उसे गांव नहीं आगरा में मकान लेकर रहेगा। मगर, ऐसा नहीं हुआ। खर्च के लिए रुपये भी नहीं देता। कुछ कहने पर पिटाई कर देता है। वहीं पति का आरोप है कि वह शहर से बाहर नौकरी करता है। पत्नी जब देखो तब फोन पर प्रेमी से बात करती रहती है। घर का कोई काम भी नहीं करती। रोकटोक करने पर झगड़ा करती है। साले के कहने पर पत्नी से फोन छीन लिया, लेकिन वो फिर भी नहीं मानी।

## किशोरी के शव की शिनाख्त के लिए खैर पहुंची पुलिस, शरीर पर नहीं थे कपड़े

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। जेवर में छोटी नहर में कोठी के निकट एक किशोरी का शव बरामद हुआ। पानी में पडा होने के कारण शव फूल गया है। गेहुआं रंग की किशोरी की उम्र करीब 18 से बीस वर्ष के करीब है। दाहिने पैर में लाल व बांये पैर में काले रंग का धागा बंधा है। नाक में धातु की बाली पहने है। बायें हाथ की कलाई पर लाल रंग का धागा बंधा है। शरीर पर कोई वस्त्र नही है। जेवर में छोटी नहर कोठी ग्राम दयानतपुर के निकट मिले किशोरी के शव की सुरागकशी हेतु गौतमबुद्ध नगर पुलिस खैर कोतवाली पहुंची तथा खैर क्षेत्र से लापता किशोरियों के बारे में आवश्यक पूछताछ की। जेवर थाने के दरोगा शैलेश कुमार व हरसरन सिंह ने बताया कि जेवर में छोटी नहर में कोठी के निकट एक किशोरी का शव बरामद हुआ है। पानी में पडा होने के कारण शव फूल गया है। गेहुआं रंग की किशोरी की उम्र करीब 18 से बीस वर्ष के करीब है। दाहिने पैर में लाल व बांये पैर में काले रंगा बंधा है। नाक में धातु की बाली पहने है। बायें हाथ की कलाई पर लाल रंग का धागा बंधा है। शरीर पर कोई वस्त्र नही है। शक सन्देह के आधार पर जेवर पुलिस ने खैर कोतवाली क्षेत्र से लापता किशोरियों की जानकारी की तथा एफआईआर भी देखी।

# यमुना में फिर धधकी आग, ताजमहल तक उड़ा काला धुआं

जन एक्सप्रेस। आगरा



ताजमहल के पीछे यमुना में आग धधक रही है। कूड़ा, कचरा जलाया जा रहा है। झाड़ियां तक जल रही हैं। काला धुआं सफेद ताजमहल तक उड़ रहा है। विश्वदाय स्मारक काला पड़ सकता है लेकिन, जिम्मेदार विभाग आग लगने की घटनाओं पर रोक और कार्रवाई के बजाय एक-दूसरे पर पल्ला झाड़ रहे हैं।

ताजमहल के 60 वर्ग किमी. में ताज ट्रेपेजियम जोन (टीटीजेड) है। मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी अध्यक्ष हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण व पर्यावरण की दृष्टि से क्षेत्र संवेदनशील घोषित किया है। लेकिन अधिकारी आंखें मूंदे हुए हैं। पिछले 15 दिनों में तीसरी बार यमुना में आग की लपटें उठीं। शनिवार को भी ताजमहल के पीछे यमुना आग से धधकती रही। वायु प्रदूषण मानकों की धज्जियां उड़ने पर भी जिम्मेदार मूक-बधिर बने हुए हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यमुना नदी सूख गई है। नदी में पानी नहीं बचा। ऐसे में दिनभर जुआरियों के फड़ लगे रहते हैं। रिवर पुलिस निगरानी नहीं करती। यमुना किनारा से गुजरने वाले पर्यटक ताजमहल की तरफ उड़ते काले धुएं के फोटो व वीडियो बनाते हैं।

अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि नदी सिंचाई विभाग का अधिकार क्षेत्र है। नगरायुक्त ने पत्र लिखा था। फोन भी किया था। आग लगने की घटनाएं रोकना सिंचाई विभाग का काम है।

सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता केपी सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग का काम सिर्फ नदी में बाढ़ नियंत्रण है। अग्निकांड की घटनाएं रोकना नगर निगम, राजस्व विभाग और जिला पंचायत की जिम्मेदारी है।

**कब-कब लगी आग**

- 27 अप्रैल को हाथी घाट के पास यमुना नदी की तलहटी में आग से पांच हेक्टेयर क्षेत्र में पेड़-पौधे राख हो गए।
- 28 अप्रैल को राजकीय उद्यान के पीछे यमुना नदी में आग लगने के वीडियो पर्यटकों ने बनाए थे।
- 11 मई को फिर मंटोला नाला के पास यमुना में आग की लपटें उठती रहीं। ताजमहल तक धुआं उड़ा।

**मोक्षधाम पर खराब पड़ी चिमनी**

ताजमहल के बसई घाट के पास मोक्षधाम है। जहां दिनभर चिताएं जलती हैं। काला धुआं तक उड़ता है। आगरा विकास प्राधिकरण ने यहां लाखों रुपये कीमत से धुएं को पानी से सोखने वाली चिमनी लगाई थीं। जो पिछले एक साल से खराब पड़ी हैं। धुआं ताजमहल तक उड़ रहा है।

# स्टोर में बिजली के पोल खत्म मरम्मत का काम प्रभावित

जन एक्सप्रेस। नोएडा

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के नोएडा जोन में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मुहैया कराने की राह में संसाधन की कमी बाधा बन रही है। इस बार बिजनेस प्लान के तहत कराए जा रहे कामों में बिजली के पोल की कमी बड़ी बाधा बनकर सामने आई है। नोएडा जोन के सेक्टर-20 स्थित भंडार गृह में बिजली के पोल खत्म हो गए हैं। नया स्टॉक कब तक आएगा, इस बारे में भी कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं हैं।

आशंका जताई जा रही है कि सोमवार तक अगर बिजली के पोल के स्टॉक की व्यवस्था नहीं की गई तो बिजनेस प्लान के तहत नोएडा जोन में कराए जा रहे मरम्मत का काम पूरी तरह से अवरूद्ध हो जाएगा। सेक्टर-20 स्थित भंडार गृह के कर्मचारियों का कहना है कि स्टॉक के बारे में करीब 10 दिन पूर्व ही विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। इसका लिखित प्रस्ताव भी बनाकर भेजा गया था। अभी तक भंडार गृह को बिजली पोल का नया स्टॉक नहीं मिला है। बिजनेस प्लान के तहत कुछ स्थानों पर जर्जर लाइन और पोल को भी बदलने का काम चल रहा है। भंडार गृह में स्टॉक खत्म हो जाने के कारण अब मरम्मत का काम भी प्रभावित होने लगा है। विद्युत निगम के विभिन्न खंडों में तैनात कर्मचारियों का कहना है कि भंडार गृह में अधिकांश उपकरण समय से नहीं मिल पा रहे हैं। इस वजह से काम को समय से पूरा करने में परेशानी आ रही है।

पश्चिमांचल के नोएडा जोन में मेरठ की तीन कंपनियों के पास बिजली के पोलों की आपूर्ति की जिम्मेदारी है। बीते कुछ महीनों में मेटेरियल के दामों में इजाफा होने के कारण अब कंपनियां पुराने रेट को रिवाइज कराने में जुटी हुई हैं। कंपनियों द्वारा पुराने रेट पर सामान आपूर्ति करने से पीछे हटने के कारण स्थिति खराब होने लगी है। अगर जल्द इसका समाधान नहीं किया गया तो नोएडा जोन में आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा जाने की संभावना है।

# वैध पीयूसीसी के बिना चलने वाले वाहनों की संख्या 30 फीसदी बढ़ी

जन एक्सप्रेस। नोएडा

दिल्ली वासियों को ही राष्ट्रीय राजधानी की आबोहवा की चिंता नहीं है।

दिल्ली के लोगों के वाहन भी खूब प्रदूषण फैला रहे हैं। इस वर्ष के शुरुआती चार महीने यानी एक जनवरी से लेकर 30 अप्रैल तक पिछले वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले वैध पीयूसीसी के बिना चलने वाले वाहनों की संख्या में 30 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। प्रदूषण फैलाने वाले सबसे ज्यादा चालान करोल बाग एरिया में पकड़े गए हैं। दिल्ली यातायात पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हाल के आंकड़ों के अनुसार, एक जनवरी से 30 अप्रैल, 2024 के बीच दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) से संबंधित उल्लंघन के 101164 चालान किए हैं। वर्ष 2023 में इसी अवधि के दौरान प्रदूषण फैलने वाले 78169 वाहन चालकों के चालान किए गए थे। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में वैध पीयूसीसी के बिना चलने वाले वाहनों की संख्या में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 2024 में सबसे अधिक चालान जारी करने वाले शीर्ष 10 ट्रैफिक सर्कल का व्यापक विश्लेषण किया है। इस विस्तृत जांच में उन क्षेत्रों को इंगित किया गया है जहां इस तरह के ट्रैफिक उल्लंघन सबसे अधिक बार होते हैं। इन क्षेत्रों की पहचान करके, यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने के लिए लक्षित प्रवर्तन उपाय लागू किए जा सकते हैं।

## भाजपा के समर्थन में सिख युवाओं ने निकाली रैली

जन एक्सप्रेस/नोएडा। भाजपा के समर्थन में रविवार को सिख युवकों ने 'सिख विद मोदी' बाइक रैली निकाली। प्रदेश भाजपा कार्यालय से रैली शुरू होकर मुख्यालय पहुंचकर खत्म हुई। सिख युवा भगवा रंग की पगड़ी पहनकर रैली में शामिल हुए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, राष्ट्रीय मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा और सांसद वीके सिंह ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हर वर्ग को महत्व दिया है। सिख समाज के लिए करतारपुर कॉरिडोर खोला, गुरु गोबिंद सिंह के बेटों के नाम पर 26 दिसंबर को बाल दिवस घोषित किया, लंगर टैक्स हटाया और गुरु गोबिद सिंह का 350वां जयंती उत्सव मनाने जैसे ऐतिहासिक कार्य किए। सिख युवाओं को अवसरों के साथ सशक्त बनाने का काम अगर किसी सरकार ने किया है तो वह सिर्फ मोदी सरकार ने किया है।

# पति बना कसाई: सोते समय कुल्हाड़ी से काट डाली पत्नी, हत्या से गांव में फैली सनसनी

जन एक्सप्रेस। आगरा



आगरा के फतेहाबाद क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात हुई है। गांव गडरिया में शनिवार रात व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से गला काटकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी रात के अंधेरे में फरार हो गया।

आगरा के फतेहाबाद थाना क्षेत्र के गांव नगला गडरिया में मामूली कहासुनी को लेकर पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी को काटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी घर की दीवार फांदकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हत्या की इस वारदात से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

फतेहाबाद के अपराध निरीक्षक पुरुषोत्तम पाल ने बताया कि शनिवार की शाम श्रीभगवान का पत्नी मुन्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस विवाद के बाद वो उस वक्त को शांत रह गया। पत्नी आंगन में सो गई। बच्चे भी पास में सो रहे थे। रात 1:00 बजे के बाद श्रीभगवान ने कुल्हाड़ी से मुन्नी देवी को काट डाला और दीवार फांदकर फरार हो गया। घटना की जानकारी सुबह हो सकी, जब बेटी रेनू जागी। मां को लहुलुहान हालत में देखा तो वो चीखने चिल्लाने लगी। बेटी का शोर सुन आसपास के लोग मौके पर आ गए। सूचना मिलते ही थाना फतेहाबाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके से रक्तरंजित कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है।

मृतक के पुत्र ललित कुमार ने बताया कि सुबह गांव के कुछ लोगों ने बताया है कि पिता रात को दीवार फांदकर घर से भागते हुए देखे थे। अब उनका पता नहीं है। ललित ने बताया कि शाम को मामूली कहासुनी हुई थी। पिता मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे, लेकिन वे मां की हत्या कर देंगे इस बात का अंदाजा भी नहीं था। अपराध निरीक्षक पुरुषोत्तम पाल ने बताया कि श्रीभगवान सात पुत्र और पुत्री हैं। चार की शादी हो चुकी है। पुलिस आरोपी पति की तलाश कर रही है।

## सूचना

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय पारिवारिक न्यायालय रायबरेली**

मूलवाद सं0-291 सन् 2023

वीरेन्द्र कुमार उम्र लगभग 38 वर्ष पुत्र स्व0 चन्द्रिका प्रसाद निवासी ग्राम आलमपुर, पोस्ट लालगंज परगना खीरों तहसील लालगंज जिला रायबरेली

....वादी

बनाम

प्रेमलता उम्र लगभग 35 वर्ष पत्नी वीरेन्द्र कुमार पुत्री बालकृष्ण निवासिनी साकेतपुरी नेहरू नगर, शुक्लागंज, जिला उन्नाव

....प्रतिवादिनी

चूंकि उपरोक्त वाद में वीरेन्द्र कुमार ने दावा इस न्यायालय में अं0धारा-13 हि0वि0अधि0 के अन्तर्गत आपके खिलाफ वाद दायर किया है। जिसमें आपको सम्मन किया जाता है कि आप दिनांक 14.05.2024 को समय प्रातः 8 बजे न्यायालय में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये गये जवाब को दे सकने में सक्षम हो, न्यायालय में उपस्थित हो।

अतः आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते हैं तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

जारी करने की तिथि-20.04.2024

**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, रायबरेली**

## सूचना

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय पारिवारिक न्यायालय रायबरेली**

मूलवाद सं0-248 सन् 2024

मेवालाल उम्र 38 वर्ष पुत्र स्व0 सुन्दरलाल निवासी ग्राम भवानीपुर मजरे गढ़ी मुतवल्ली, परगना तहसील सदर जिला रायबरेली

....वादी

बनाम

श्रीमती गुड़िया उम्र 35 वर्ष पत्नी मेवालाल पुत्री स्व0 छोटेलाल निवासिनी ग्राम भोलापुर, मजरे टीकर अगाचीपुर, तहसील डलमऊ जिला रायबरेली

....प्रतिवादिनी

चूंकि उपरोक्त वाद में मेवालाल ने दावा इस न्यायालय में अं0धारा-9 हि0वि0अधि0 के अन्तर्गत आपके खिलाफ वाद दायर किया है। जिसमें आपको सम्मन किया जाता है कि आप दिनांक 24.05.2024 को समय प्रातः 8 बजे न्यायालय में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये गये जवाब को दे सकने में सक्षम हो, न्यायालय में उपस्थित हो।

अतः आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते हैं तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

जारी करने की तिथि-20.04.2024

**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, रायबरेली**

# इंसानियत हुई शर्मसार कलयुगी बेटे नेअपनी मां का गला दबाकर की हत्या, पुलिस ने भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

कलयुगी बेटे ने शराब के लिए रुपये न देने पर मां की गला दबाकर हत्या कर दी जिससे सनसनी फैल गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। शव को पोस्ट मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। मृतका की बेटियों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।





बीसलपुर के मोहल्ला बख्ताबरलाल निवासी बिन्दो देवी पत्नी रघुवीर सरन उर्फ पल्लू घरों में कपड़े लाकर धोने व चौका बर्तन साफ करने का काम करती थी। एसका इकलौता बेटा बृजेश कुमार 21 शराब का आदी है। सभी प्रकार के नशे करता है इसी बजह से उसकी शादी नहीं हुई। सुबह काम करने के बाद जब बिन्दो देवी घर लौटी तो ब्रजेश ने शराब के लिए मां से रुपये मांगे। रुपये न देने पर गला दबा दिया और मोबाइल भी छीन लिया। मकान का दरवाजा बंद कर चला गया। जब कुछ घंटे बाद घर लौटा तो बिन्दो देवी की मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद मोहल्ले में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने नशे में धुत आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की बेटियों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने कातिल को जेल भेज दिया है।

### चार साल पूर्व पिता की भी कर दी थी हत्या....

बताते चले की बीसलपुर के मोहल्ला बख्तावरलाल निवासी बिन्दो देवी की तीन बड़ी बेटियां हैं रचना देवी, शीतल, रीनादेवी। बेटे के लिए मां बिन्दो देवी व पिता रघुवीर सरन ने सभी मंदिरों में मत्था टेंककर मन्नतें मांगी थीं। 4 साल पूर्व बेटे ब्रजेश ने अपने पिता रघुवीर की भी जहर देकर हत्या कर दी थी। ऐसा परिजन बता रहे हैं। बिन्दो देवी मोहल्ले में लोगों के घरों पर जाकर कपड़े धोन व चौका बर्तन का काम कर अपने बेटे व खुद का पालन पोशण कर रही थी। ब्रजेश नशे का आदी है और पूरे दिन नशे में ही रहता है। बताया जाता है कि शनिवार को भी उसने मां से शराब पीने के लिए पैसे मांगे थे। जब बिन्दो देवी ने पैसे देने से इन्कार कर दिया तभी कलयुगी इकलौते बेटे ने अपनी मां की गर्दन दबा दी और दरबाजा बंद कर चला गया। दम घुटने से उसकी मौत हो गयी। अब बेटियों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। इस घटना से मोहल्ले के भी सभी लोग दुखी हैं पति की मौत के बाद बिन्दो देवी ने कठिन संघर्ष कर जैसे तैसे अपने आप को संभाला।

# किसान नेता की शिकायत पर सड़कों का हुआ निर्माण कार्य शुरु

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर





बीसलपुर फरीदपुर वर्षों से टूटी सड़क जिसकी शिकायत गत माह की गई थी। उसका निर्माण नवीनीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है। इसी तरह कोई भी सड़क जो टूटी है चाहे वह रामलीला गजरौला या नवदिया सितारगंज पूर्व में सूचीबद्ध की गई। खराब सभी सड़क बनेंगी जिसने सड़कों के निर्माण मरम्मत गड्ढा मुक्त करने में अनियमितताएं मिली है। उनमें भी लोक निर्माण मंत्री उत्तर प्रदेश शासन जितिन प्रसाद ने कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। शासन और जनता का हित सर्वोपरि के आधार पर काम होंगे।
सड़क यातायात में सुगम एवं सुरक्षित आवागमन में मानक के अनुरूप सड़क सुरक्षा के संकेतिकों के अभाव में दुर्घटना होती है तो इसकी जवाबदेही एवं कार्यवाही उसी निर्माण एजेंसी की होगी जिसकी सड़क है चाहे रिफ्लेक्टर हो सफेद पट्टी हो तीव्र मोड़ों पर झाड़ियां की दोनों तरफ सफाई हो या सड़कों के किनारे की जगह समतल होना यह सब सड़क यातायात सुगम एवं सुरक्षित रखने के मानक हैं।

## गड्ढे में गिरकर बाइक सवार दो युवक घायल

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

मड़िहान। बरात से घर वापस लौटते समय जुड़िया गांव के पास शनिवार को सुबह बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में चली गई। इस हादसे में बाइक 20 फीट नीचे जाने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से सीएचसी मड़िहान भेजवाया गया। वहां से दोनों को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। मड़िहान थाना क्षेत्र के रैकरा गांव से शुक्रवार की शाम राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरा बारहो गांव में बरात गई थी। रैकरा गांव निवासी अभिनंदन (18) तथा उसके साथी जुड़िया गांव निवासी संदीप (20) बरात में शामिल होने बाइक से गए थे। शनिवार को सुबह बरात विदा होने पर दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में जुड़िया गांव के पास सामने से तेज गति से आ रही कार से बचने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे गड्ढे में चली गई। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी ने किया दियोरिया सीएचसी का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

मानक के अनुसार सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल होने को लेकर अखबारों की सुर्खियां बनने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। जिलाधिकारी संजय कुमार तथा मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आलोक कुमार ने अलग-अलग समय पर दियोरिया सीएचसी का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी और सीएमओ के निरीक्षण की सूचना मिलते ही सीएचसी में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में संविदा चिकित्सक डॉ0 अनुपम जायसवाल मौके पर पहुंचे और उन्होंने अस्पताल में फैली अव्यवस्था को दूर करते हुए साफ सफाई के निर्देश दिए। दोपहर में जिलाधिकारी संजय कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने डॉ0 अनुपम जायसवाल के साथ सीएचसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय डॉ0 अनुपम जायसवाल, नर्सिंग सहायक वार्ड व्याय अश्विनी कुमार मौजूद रहे। सीएचसी पर मौजूद स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर



जिलाधिकारी ने जानकारी ली।
उन्होंने डॉ0 अनुपम जायसवाल से साफ सफाई को लेकर विशेष निर्देश दिए। जिलाधिकारी के जाने के दो घंटे के बाद सीएमओ डॉ आलोक कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने सीएचसी का निरीक्षण किया तथा जांच उपकरणों के अभाव में सीएचसी में अभी तक मात्र खांसी बुखार आदि रोगों की दवाई मिलती हैं।
सीएमओ डॉ0 आलोक कुमार ने बताया कि आचार संहिता के बाद स्टाफ की तैनाती की जाएगी। उन्होंने साफ सफाई को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल में मातृ दिवस विशेष रूप से मनाया गया

✳ माताएं हमारे लिए धरती पर भगवान के रूप में होती हैं: निशांत गोस्वामी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत







गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल ने मातृ दिवस को विशेष रूप से मनाया, जिसमें माताओं को विद्यालय परिसर में आमंत्रित किया गया और उनके लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। विद्यालय में मनाये गये मातृ दिवस के अवसर पर माताओं व बच्चों के लिए आयोजित किये गए खेल गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में मातृ दिवस उत्सव की शुरुआत हुई माँ-बच्चों के बीच मजेदार खेलों के साथ, जिसमें माँ-बच्चों ने एक-दूसरे के साथ साझा किए गये पलों का आनंद लिया।
साथी खेल- मादाओं और उनके बच्चों ने साथ में टीम बनाई और विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा की, जैसे कि रेस, साक्षात्कार और बालों का पिंजरा खोलना।
संगीत संवाद- एक सांगीतिक संवाद में, माताओं और उनके बच्चे ने गायन और संगीत का आनंद लिया, जिसमें उन्होंने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।
एक विशेष फोटो सत्र के दौरान, माताओं और उनके बच्चों के यादगार पलों और उनकी मुस्कानों को कैद किया गया, जो इस खास दिन को यादगार बनाने के लिए अद्वितीय बना।
आज गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में मातृ दिवस का उत्सव मनाया गया, जिसमें माताओं और उनके बच्चों ने एक-दूसरे के साथ अद्वितीय पलों का आनंद लिया।
यह विशेष दिन स्कूल में एक आनंदमय और स्नेहपूर्ण रूप में बिताया गया, जिससे समुदाय के सदस्यों के बीच गहरा बंधन बना और मातृत्व को सम्मानित किया गया। मातृ दिवस एक अद्भुत और प्रेरणादायक उत्सव था, जिसमें माताओं ने न केवल अपने बच्चों के साथ समय बिताया, बल्कि अपने दिल की बातें भी साझा की। इस खास मौके पर, स्कूल के प्रबंधक निशांत गोस्वामी व संरक्षिका सोनिया गोस्वामी ने माताओं को सम्मानित किया और उन्हें पुरस्कार भी दिए। जिनके विजेता कुछ इस प्रकार है कक्षा प्ले ग्रुप से प्रथम स्थान पर मिराया व उनकी माँ श्री मती सुजाता सिंह द्वितीय स्थान पर मोक्ष सैनी व उनकी माँ श्री मती मीनू रानी तथा तृतीय स्थान पर विधान वर्मा व उनकी माँ श्री मती शिवानी कक्षा नर्सरी से प्रथम स्थान पर दीपाली शर्मा व उनकी माँ श्री मती खुशबू कुमारी द्वितीय स्थान पर काव्यांश अग्रवाल व उनकी माँ श्री मती मनिका अग्रवाल तृतीय स्थान पर अंश कुमार व उनकी माँ श्री मती रिंकी कक्षा किंडरगार्टन से प्रथम स्थान पर आरव गंगवार- श्री मती बीना गंगवार द्वितीय स्थान पर सात्विक गुप्ता श्री मती ज्योति गुप्ता तृतीय स्थान पर शिवाय सक्सेना श्री मती दिशा सक्सेना विजेता रही। जंगरोली भवन से बैग पैकिंग खेल में माँ मादिव्या व पुत्री श्रेया विजेता रहीं। कैटच द बॉल गेम में माँ हरप्रीत व पुत्री परिणीति विजेता रहीं।
वॉकिंग विद किड्स खेल में माँ किरण शर्मा व पुत्र तक्ष विजेता रहीं।

### कुछ माताओं ने अपने दिल की बातें साझा की, जो सभी के दिलों को छू गई

पुरस्कारों की बात करते हुए निशांत गोस्वामी ने कहा, माताएं हमारे लिए धरती पर भगवान के रूप में होती हैं। आज हम उनके सम्मान में इन पुरस्कारों को दे रहे हैं, लेकिन हमें हर दिन उनके साथ समय बिताना चाहिए। कुछ माताओं ने अपने दिल की बातें साझा की, जिसमें उन्होंने अपने बच्चों के प्रति अपनी प्रेम और समर्थन की भावना व्यक्त की। उन्होंने भी अपने बच्चों के संगीत और कला के प्रदर्शन की सराहना की। इस उत्सव ने स्कूल के माहौल को खुशनुमा बनाया और माताओं को कुछ शांति व मनोरंजन के पल दिये, जिससे समाज में प्रेम और समर्थन की भावना बढ़ी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रधानाचार्या

## जंगली सुअर के हमले से महिला घायल

✳ गम्भीर रूप से घायल महिला जिला अस्पताल रेफर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



खेतासराय। खलौतीपुर गांव निवासी एक महिला पर जंगली सुअर ने रविवार को जानलेवा हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने किसी तरह महिला की जान बचाई लेकिन तब तक जंगली सूअर ने महिला को घायल ही नहीं बल्कि लहूलहान कर दिया। घायलावस्था में स्वजन पीएचसी सोंधी ले गए जहाँ चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल रिफर कर दिया।
उक्त गांव निवासी शारदा पत्नी अच्छेलाल रविवार की सुबह घास काटने गई थी। इसी दौरान पीछे से जंगली सुअर ने हमला कर दिया परिणामस्वरूप महिला बुरी तरह से घायल हो गयी। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने महिला की जान बचाई। घायलावस्था में स्वजनों ने प्राथमिक स्वास्थ केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

## मातृ दिवस के अवसर पर बरखेड़ा वृद्ध आश्रम स्टाफ ने वृद्ध महिलाओं के साथ केक काटकर मनाया मदर्स डे

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा





मदर्स डे के अवसर पर बरखेड़ा के गांव मचवाखेड़ा स्थित वृद्ध आश्रम की मैनेजर रेनू गंगवार द्वारा वृद्ध महिलाओं के साथ मिलकर मातृ दिवस मनाया गया मैनेजर के द्वारा वृद्ध आश्रम की महिलाओं को इस दिवस के बारे में बताया गया कि मातृ दिवस को हमने अपनी अनेक मां के साथ मनाया है वृद्ध महिलाओं के इस अवसर पर आंख में आंसू छलक आए उनके द्वारा अपनी नम आंखों से खुशी मनाते हुए आश्रम मैनेजर तथा स्टाफ के लोगों को दुआएं दी गई रेनू गंगवार द्वारा यह भी बताया गया कि सरकार द्वारा वृद्ध लोगों के लिए जो वृद्ध आश्रम की व्यवस्था की गई है वास्तव में वह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जहां बुजुर्गों की देखभाल के साथ-साथ उनके खाने-पीने एवं चिकित्सा की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है वृद्ध आश्रम का उद्देश्य उन लोगों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करना है जिनके पास कहीं जाने रहने की कोई व्यवस्था नहीं है जिनका समर्थन करने वाला कोई नहीं है सरकार द्वारा वृद्ध आश्रम में ऐसा वातावरण तैयार किया गया है
कि जहां बुजुर्गों के लिए सम्मान प्रतिष्ठा को बढ़ावा मिल सके ताकि बुजुर्ग अपेक्षा अलगाव तथा दुर्व्यवहार का शिकार न बन सके इस मौके पर वृद्ध आश्रम का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## नीव और दीवार तोड़ी पुलिस को दी तहरीर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा

थाना क्षेत्र के गांव गाजीपुर कुण्डा निवासी रामचंद्र लाल पुत्र नन्कू लाल ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है की हमारे हिस्से की जमीन है सड़क किनारे जिसमे हम लोग शनिवार के दिन उक्त जमीन पर नीव भरकर करीब पांच रद्दे की दीवार बना दी थी।
वही उस जगह पर हमारे परिवार के राजवीर, जसवीर लक्ष्मन कोटेदार, मुन्नी देवी हमारी हिस्से की जमीन पर अवैध कब्जा करने चाहते है।जिसके कारण मै शनिवार की शाम अपनी जगह पर सो रहा था।
तभी रात 12:30 बजे मेरी जगह पर उपरोक्त लोगो ने आकर मेरी नीव और दीवार तोड़ दी।मैने शोर सुनकर उन लोगो से दीवार तोड़ने से मना किया तो उन लोगो ने मेरे साथ मारपीट करने लगे।
तभी मेरा पुत्र मुनेन्द्र पाल मुझे बचाने के लिए आया राजवीर व जसवीर ने गली गलौज करने लगे और कहने लगे अगर तुने अपनी जगह मे हिस्सा नही दिया तो तुझे जान से मार देगे।

## परीक्षा दे रहे छात्र को वीडियो कॉल पर देखा माँ ने तब मिली राहत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



साइबर अपराधियों के रोज नए तरीकों से लोग खासे परेशान दिख रहे हैं। शनिवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एक विद्यार्थी को रेप केस में फंसे होने का बताकर साइबर अपराधियों ने पुलिस बनकर उसकी मां को पाकिस्तानी कोड वाले नंबर से व्हाट्सएप कॉलकर पैसे की मांग की। बहन अलर्ट हुई और प्रोफेसर से बात कर वीडियो कॉल किया मां ने परीक्षा दे रहे बेटे को देखा तब जाकर घर वालों ने राहत की सांस ली। शनिवार को साइबर अपराधियों ने विश्वविद्यालय के एक छात्र की मां को फोन कर उसके बेटे को रेप में फंसे होने के जानकारी दी और इस मामले को रफा दफा करने के लिए बीस हजार रुपये की मांग की गई पैसा ना देने पर खामियाजा भुगतने की भी चेतावनी दी गई। इस फोन के बाद छात्र की मां और बहन दोनों परेशान हो गए घर में माहौल पूरा बदल गया।
छात्र की बहन भी विश्वविद्यालय की छात्रा है वह अलर्ट हुई और उसने विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर को कॉल कर तुरंत घटना की जानकारी दी।
प्रोफेसर ने माँ को वीडियो कॉल पर परीक्षा दे रहे छात्र को दिखाया और विश्वविद्यालय की बिल्डिंग आदि देखने के बाद माँ को चैन मिला। विश्वविद्यालय के साइबर क्लब के नोडल अधिकारी डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने बताया कि इस तरह की घटना लगातार बढ़ती जा रही है अगर आपके परिवार में किसी को फोन कर किसी घटना में फंसे होने की जानकारी के एवज में पैसे की मांग की जा रही हो तो, बिल्कुल डरे नहीं और साइबर क्राइम पोर्टल पर इसकी शिकायत अवश्य दर्ज कराएं।

## बहू ने सास को कुल्हाड़ी से मारकर किया जख्मी

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी बहू ने सास को कुल्हाड़ी से मारकर लहूलुहान कर दिया। घायल सास ने राजगढ़ थाने में बहू के खिलाफ तहरीर दी। राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी फूलेसरा देवी (60) ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि सुबह बड़े पुत्र अमरेश को उन्होंने भोजन दिया। इस बात को लेकर पत्नी गीता देवी ने पति अमरेश की पिटाई की। बीच-बचाव करने गई तो उस पर कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया। उधर, पुलिस ने घायल महिला से तहरीर लेकर उसे इलाज के लिए राजगढ़ अस्पताल भेजवाया। थानाध्यक्ष राजगढ़ विरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## जल महोत्सव में जल संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक

✳ पीयू के बगल देवकली राज सरोवर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जल महोत्सव कार्यक्रम में लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें जल जंगल प्रकृति पर्यावरण गौ वश संरक्षण एवं शून्य बजट विष मुक्त प्राकृतिक खेती के बारे में बताया गया। और सरोवर की साफ सफाई की गई।
बता दें कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अर्थशास्त्र के प्रोफेसर बीडी शर्मा ने जल महोत्सव कार्यक्रम आयोजन देवकाली के राज सरोवर भटानी पर किया गया। जिसमें लोगों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि जय गुरुदेव मिशन के पुरोधा व किसान राज महात्तम सिंह ने लोगों को जल जंगल जमीन प्रकृति पर्यावरण गौ वश संरक्षण विष मुक्त प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्षता लोक कल्याण पीठ के मुख्य न्यासी आचार्य विक्रमदेव शर्मा ने किया। उन्होंने शून्य बजट पर बिषमुक्त प्राकृतिक खेती करने तथा स्वास्थ्य के संवर्धन पर प्रचार प्रसार पर जोर दिया। महोत्सव पर विस्तार से बताया। व्याख्यान लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री विजेंद्र पाल सिंह ने जल संरक्षण को लेकर संबोधित किया।
विशिष्ट अतिथि आदित्य बिरला ग्रुप के मैनेजर राजेश पांडे ने अपने विचार व्यक्त किए। फार्मेसी संस्थान के प्रवक्ता डॉ विनय वर्मा ने कार्यक्रम संचालित किया। इस अवसर पर आशीष गुप्ता, रामसागर यादव, अभिषेक दुबे, प्रभात तिवारी, उत्कर्ष मिश्रा, रविंद्र प्रजापति, आनंद सिंह रमन चौरसिया मौजूद रहे।

## बसपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

मिर्जापुर। बसपा प्रत्याशी के नामांकन के बाद तेल का पैसा नहीं मिलने पर शुक्रवार को कार्यकर्ता कार्यालय पहुंच गए। वहां गाड़ी में तेल भरवाने का पैसा मांगा और नहीं मिलने पर कार्यालय में जमकर हंगामा किया। इसका शनिवार को वीडियो वायरल हो रहा है। बसपा प्रत्याशी मनीष कुमार ने शुक्रवार को दोपहर में कलेक्ट्रेट में नामांकन किया। उनके नामांकन में काफी संख्या में कार्यकर्ता वाहन से जुलूस की शक्ल में पहुंचे थे। नामांकन के बाद कार्यकर्ता उनके कार्यालय पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने गाड़ी में भरवाए गए तेल का पैसा मांगा।
पैसा नहीं मिलने पर कई कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया।

## सीएम योगी ने काल भैरव व काशी विश्वनाथ मंदिर में लिया आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पहले काशी कोतवाल बाबा काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रविवार को काशी दौरे का दूसरा दिन था। शनिवार की शाम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की आरती में शामिल हुए थे। इसके बाद दोनों नेताओं ने देर रात तक बैठक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काशी से नामांकन और रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने का भी मंत्र दिया था। मान्यता है कि रविवार के दिन काशी कोतवाल काल भैरव के दर्शन से विशेष फल मिलता है। रविवार को काशी से चुनाव प्रचार के लिए कई जनपदों में जाने से पहले गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने दिन की शुरुआत काल भैरव के मंदिर में दर्शन से की। इसके बाद वे देवाधिदेव बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने बाबा के दर पर शीश नवाया और वैदिक परंपरा से पूजन किया। सीएम ने दोनों स्थानों पर विधि-विधान से पूजन-आरती कर समृद्ध यूपी के साथ-साथ भाजपा की जीत का भी आशीर्वाद मांगा। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के साथ-साथ देश के कई राज्यों में बतौर भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में धुआंधार जनसभाओं व रोड शो के माध्यम से प्रचार कर रहे हैं।

# सड़क निर्माण के विवाद में हवाई फायरिंग का आरोप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पतहना गांव में शनिवार की रात 12 बजे जेसीबी से पीडब्लुडी के द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा था। जिसे ग्रामीणों ने गलत तरीके से निर्माण करने को लेकर काम रोक दिया। जिस पर ठेकेदार पक्ष से हवाई फायरिंग का आरोप लगाया गया।जबकि दोनो पक्ष मे मारपीट होने से एक युवक घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज जेसीबी सहित तीनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने गोली चलने की घटना को पूरी तरह अफवाह फर्जी बताया। बता दें कि पतहना गांव के इंटर कॉलेज के पास से बिछ्लापुर गांव में पीडब्ल्यूडी की ओर से पक्की सड़क बनाई जा रही थी। शनिवार की रात करीब 12 बजे ठेकेदार धीरज मिश्रा पक्ष की ओर से जेसीबी के जरिए सड़क पर मिट्टी डाला जा रहा था। इसी दौरान पतहना गांव के करीब दर्जनों लोग लाठी डंडा लेकर वहां पहुंच गए और काम को रोक दिया। ग्रामीण का कहना है कि कागज में यह सड़क नही है, वह गलत तरीके से बना रहे है।सड़क बर्षो पूर्व पुरानी होने चलते ठेकेदार धीरज मिश्रा और उनके सहयोगी प्रमोद यादव से कहां सुनी हो गई। दोनों पक्ष में धक्का मुक्की मारपीट हुई। इस दौरान लोगों का आरोप है कि ठेकेदार पक्ष ने रिवाल्वर से लोगो पर फायरिंग की। मारपीट मे बबलू उपाध्याय पुत्र शिरोमणि पर हमला किया गया, उनका सर फट गया । सूचना पर आधी रात को और पुलिस फोर्स व सीओ पहुंच गए ।वहां मौजूद ग्रामीणों के आरोप लगाया कि उन पर फायरिंग की गई है। पुलिस ने मौके पर से जेसीबी कब्जे में ले लिया और तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाने आई। घायल 30 वर्षीय बबलू उपाध्याय को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में कई वर्षों पूर्व आपसी समझौते से खड़ंजा बन गया था उसे पर पीडब्ल्यूडी से पक्की सड़क बना रहा है। जबकि कागज में सड़क नहीं है। ग्रामीणों को उसका मुआवजा मिलना चाहिए तब सड़क बनाएं नहीं तो सड़क नहीं बनने देंगे। इस मामले को लेकर लोगों ने पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की ह। सीओ परमानंद कुशवाहा ने कहा ऐसी कोई बात नहीं है फायरिंग का मामला अफवाह है, दोनों पक्षों में धक्का-मुककी हुई थी मामले पर कार्रवाई की जा रही है।

### नेपाल में सम्मानित हुए पीएचडी छात्र तबला वादक अवधेश यादव

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। नेपाल के काठमांडू में इंटरनेशनल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन 11 मई को किया गया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई देशों के कलाकारों ने हिस्सा लिया । भारत की ओर से जौनपुर के प्रसिद्ध तबला वादक अवधेश यादव को सफलता मिली।
उन्हें सम्मानित किया गया। जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बता दें कि नेपाल के काठमांडू में इंटरनेशनल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजन किया गया, 11 मई को कई देशों के सैकडो कलाकारो हिस्सा लिया। जिसमें भारत की ओर से जौनपुर जिले के थाना सरायख्वाजा अंतर्गत खम्भौरा गांव के निवासी तबला वादक अवधेश यादव को चयनित किया गया। महोत्सव मे अवधेश ने तबला में अपनी कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें नेपाली संस्था प्रमुख तनका चौलगेनी व डॉ. विजय आनंद सिंह ने स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बता दे की अवधेश की इस उपलब्धि से कलाकारो व लोगों ने काफी खुशी है।

# मोटरसाइकिल रैली कर भाजपा ने दिखाया अपना दम

भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने कहा यह प्रदेश भर से जुटाए हुई भीड़ नहीं कन्नौज की असली जनता है



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

प्रदेश ही नहीं पूरे देश में वीआईपी सीट की दर्जा प्राप्त करने वाली इत्र नगरी कन्नौज लोकसभा की सीट पर 13 जून को मतदान होना है। आज शाम 5ः00 बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो गया समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी दोनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बने इस सीट पर चुनाव प्रचार समाप्त होने से पूर्व आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक मोटरसाइकिल रैली निकाली । इस रैली में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं सांसद सुब्रत पाठक जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी कन्नौज लोकसभा द्वारा आज एक विजय संकल्प मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया । रैली का शुभारंभ मंडी समिति कन्नौज से हुआ जिसमें हज़ारों की संख्या में पार्टी समर्थक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रैली मंडी समिति से प्रारंभ होकर सरायमीरा बस स्टॉप से होते हुए मकरंद नगर कन्नौज पहुंची । जगह-जगह पर लोगो ने पुष्प बरसा कर संसद सुब्रत पाठक सहित रैली में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया । रैली लाखन तिराह होते हुए ग्वाल मैदान सहित शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए पाल चौराहा पहुंची जहा रैली का समापन किया गया , रैली का स्वागत सहर में जगह जगह किया गया रैली में नरेंद्र मोदी सुब्रत पाठक जिंदा बाद के नारे लग रहे थे कार्यकर्ताओं को जोश देखते बन रहा था । पूरा कन्नौज शहर मोदी ,योगी व सुब्रत पाठक जिंदाबाद के नारो से गूज रहा था । वही कार्यकर्ता अबकी बार 400पार का नारा भी लगा रहे थे। कन्नौज शहर में चारो ओर भाजपा के झंडो से पट गया था वही सांसद सुब्रत पाठक ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की यह इंडी गठबंधन द्वारा धनबल के प्रयोग से पूरे प्रदेश से इकठ्ठी की गयी भीड़ नहीं ना भाड़े पर लाई गई भीड़ है बल्कि कन्नौजवासियों का भारतीय जनता पार्टी और यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के समर्थन में 4 जून को 400 पार का सष्ट प्रमाण है। और आप सब के दम पर एक बार फिर से कन्नौज लोकसभा में कमल खिलने जा रहा है । वही रैली में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सभी नागरिकों से मतदान जरूर करने की अपील, पोलिंग पार्टियां अपने गंतब्य पहुंची




जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दिनांक 13 मई को मतदान दिवस के अवसर पर अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करें। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए। मतदान करना मतदाता का अधिकार है, उन्हें वंचित नहीं मतदान करके दिए गए हक का उपयोग करना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने हेतु नवीन मंडी कन्नौज, छिबरामऊ तथा डीश्एनश इंटर कालेज तिर्वा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने नवीन मंडी कन्नौज, छिबरामऊ तथा डीश्एनश इंटर कालेज तिर्वा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पहुंचकर पोलिंग पार्टी रवानगी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि विधानसभा कन्नौज के लिए 485, विधानसभा छिबरामऊ 547 तथा विधानसभा तिर्वा 487 पोलिंग पार्टियां रवाना की गई है कल जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा सकुशल संपन्न कराया जाएगा संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर फोटोग्राफी वीडियोग्राफी कराई जाएगी इसके अलावा पिंक बूथ मॉडल बूथ की भी व्यवस्था कराई गई है सभी मतदान केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, विद्युत, फर्नीचर की व्यवस्था, शौचालय आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई है। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र के जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस क्षेत्राधिकारियों के साथ निरन्तर भ्रमण करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईश एश एसश स्मृति मिश्रा सहित समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जो वोटर को निकालकर बूथ तक पहुंचा पाया, वही होगा असली सिकंदर

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

भाजपा और सपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बनी कन्नौज लोकसभा सीट पर अंतिम समय में हार- जीत के समीकरण करीबी संघर्ष की तरफ बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव माना जा रहा है कि यहां भाजपा प्रत्याशी सांसद सुब्रत पाठक से पिछले चुनाव में मिली नजदीकी हार का बदला चुकाने उतरे हैं।

2019 के चुनाव में सुब्रत ने सपा अध्यक्ष की पत्नी डिंपल यादव को लगभग 12 हजार मतों से हरा दिया था। इस बार भी यहां भाजपा और सपा में सीधी और कांटे की टक्कर नजर आ रही है, कोई मुकाबला भाजपा, तो कोई सपा के पक्ष में जाता बता रहा है, ऐसे में माना जा रहा है कि जातीय समीकरणों के साथ जो बूथ जीतेगा, उसके ही चुनाव जीतने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। दो दिन पहले केके इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित प्रत्याशी अखिलेश यादव और कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी की सभा में भीड़ उमड़ी थी, तो प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में झींझक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हुंकार भरी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह तक जोर लगा गए हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश के यहां से चौथी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके लिए यह सीट नाक का सवाल है। ऐसे में राष्ट्रीय नेता के रूप में राहुल का कन्नौज आना सपा के लिए फायदेमंद हो सकता है। इस सभा में राहुल गांधी का संविधान को लेकर जनता को उद्वेलित करने का प्रयास अखिलेश का कन्नौज से पुराना नाता जोड़कर लोगों से सीधे जुड़ने का प्रयास और कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी व आप सांसद संजय सिंह द्वारा सपा अध्यक्ष के अपमान की बात उठाकर जातीय समीकरण बैठाने की कोशिश की चर्चा गली और चौराहों में गूंज रही है। इस हाल में भले ही समीकरण थोड़े गड़बड़ाते दिख रहे हों, लेकिन भारतीय जनता पार्टी किसी भी कीमत पर यह सीट हाथ से निकलने नहीं देना चाहती है। शनिवार को शहर में बड़ी बाइक रैली निकालकर पार्टी ने अपनी ताकत दिखाई। माना जा रहा है कि लड़ाई कांटे की है और ऊंट किसी भी करवट बैठ सकता है। प्रचार बंद होने के साथ ही भाजपा के छाते के नीचे आक्रोश पनपने की चर्चा जोर पकड़ती सुनाई दी। सांसद व मौजूदा प्रत्याशी द्वारा पिछले पांच साल तक की गई अनदेखी व विकास के प्रति बेरुखी से कुछ निष्ठावान भाजपाइयों की नाराजगी को हवा देने की कोशिश की गई। हालांकि भाजपा नेताओं ने ऐसी खबरों को बकवास बताकर खारिज किया और कहा कि पूरा संगठन एकजुट होकर सुब्रत पाठक की जीत सुनिश्चित करने में लगा है।

चुनाव कोई भी हो मुद्दों से बात शुरू होती है और अंत में पूरा दारोमदार जाति और धर्म पर टिक जाता है। इस चुनाव में भी जाति और धर्म का गणित किसी का खेल बनाएगा तो किसी का बिगाड़ने का काम करेगा। समाजवादी पार्टी गठबंधन के बैनर तले चुनाव लड़ रही है।

कांग्रेस के साथ होने तथा संविधान की रक्षा का मुद्दा उठाए जाने से दलित वोटर गोलबंद होता नजर आ रहा है। ठाकुर और पाल बिरादरी के मतों में सेंध लगने की बात कही जा रही है। यादव और मुस्लिम मतदाता पहले ही अखिलेश की जीत के लिए मुखर है। ऐसे में ब्राह्मण और ओबीसी मतदाताओं का बंटवारा परिणाम पर असर डाल सकता है।

## महिला हेल्पडेस्क के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के 18 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 09, थाना औरास से 04, थाना सफीपुर से 02, थाना बांगरमऊ ,थाना पुरवा व थाना फतेपुर चौरासी से 01-01, जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में, डा0 अवसार अली, डॉ0 सागीर एवं थानाध्यक्ष महिला थाना अर्चना जी, म0का पूजा शर्मा, म0का0 लक्ष्मी सिंह, म0का0 चिंतन, म0का0 प्राची , म0का0 गिरजा, म0का समानता, म0का0 सेविका, म0का0 ज्योती यादव म0का0 राधिका यादव का विशेष योगदान रहा।

## डीएम, एसपी ने सकुशल एवं निष्पक्ष मतदान कराने के लिए पीएसी व पुलिस सुरक्षा बल के साथ किया फ्लेग मार्च

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने भारत निर्वाचन आयोग की मंसानुरूप जनपद में शत प्रतिशत मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग हेतु औरैया शहर एवं कस्बा खानपुर में पीएससी व पुलिस सुरक्षा बल के साथ फ्लैग मार्च करते हुए कहा कि आप लोग बिना किसी लोभ लालच के बिना किसी के बहकावे में आये अपनी इच्छा अनुसार अपने मनपसंद प्रत्याशी को 13 मई को मतदान दिवस पर अपने मत देयस्थल पर पहुंच कर निडर एवं निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मत का अपना महत्व है इसलिए सभी को अपने मत का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिक मतदान से अच्छे और मजबूत लोकतंत्र की स्थापना होती है इसलिए मतदान के पर्व पर अपना मत देकर लोकतंत्र के सहभागी बने। उन्होंने कहा कि कोई भी आपको डरा धमकाकर मतदान के लिए कहता है तो टोल फ्री नंबर 1950 पर तत्काल सूचना दें।

## शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी मिलेगी मानव संपदा पोर्टल की सुविधा

जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात

प्रदेश में अधिकारियों-कर्मचारियों की दिक्कतों को देखते हुए स्कूल शिक्षा निदेशालय ने कहा है कि बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों की ई-सर्विस बुक तैयार की जाए। साथ ही इनके अवकाश आदि सभी सेवा संबंधित कार्य का मानव संपदा पोर्टल से निस्तारण किया जाए ताकि अधिकारियों कर्मचारियों को इसके लिए यहां-वहां भटकना न पड़े। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग में अधिकारियोंकर्मचारियों के काफी मामले निदेशालय के पास आ रहे हैं। इसे लेकर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी काफी परेशान भी होते हैं। इसे देखते हुए स्कूल शिक्षा निदेशालय ने निर्देश दिए हैं कि कर्मचारियों की पोर्टल पर ई-सर्विस बुक तैयार की जाए।



## चेकिंग कै दौरान रु0 5,55,000 की धनराशि बरामद

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु लागू आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में थाना बेहटा मुजावर पुलिस व एस.एस.टी. टीम द्वारा बोलेरो कार से 5,55,000/- रु0 की धनराशि बरामद कर जब्त की गई ।प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संदर्भ में लागू आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में एस.एस.टी. टीम व थाना बेहटा मुजावर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सचानकोट बैरियर पर की जा रही वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहन संख्या क्ष35ज्ञ1788 बोलेरो पिकअप से राजेश पुत्र सधारी निवासी मरदनखेड़ा थाना औरास जनपद उन्नाव से धनराशि 5,55,000/- रु0 बरामद की गई। जिसके संदर्भ में राजेश द्वारा कोई वैध प्रपत्र नहीं दिखाया जा सका। उक्त धनराशि को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ट्रांसफार्मर में आग लगने से मचा हडकंप

जन एक्सप्रेस/औरैया। औरैया रोड अतुल पेट्रोल पंप के सामने अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग गई जिससे हडकंप मच गया। कुछ ही क्षण में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया स्थानीय लोगों द्वारा निरंतर आग बुझाने का प्रयास किया गया । लेकिन आग बुझाने में असफल रहे । नगर पंचायत द्वारा पानी का टैंकर मंगाया गया और ट्रांसफार्मर पर पानी डाला गया लेकिन आग पर काबू न पा सके। कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटना स्थल पर आई और महज दो मिनट के अंदर ट्रांसफार्मर में लगी आग पर काबू पाया गया। यदि समय रहते फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर ना पहुंचती तो ट्रांसफार्मर फट भी सकते थे और बड़ी घटना भी हो सकती थी लेकिन समय रहते फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से बड़ा हादसा होने से टल गया । फायर ब्रिगेड की टीम को आग बुझाते देख राहगीर जहां के तहाँ रुक गए और कुछ ही देर में काफी संख्या में वहां भीड़ एकत्रित हो गई । जैसे ही फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया राहगीरों व स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को धन्यवाद कहा।

### मालगाड़ी के चपेट में आने से बुजर्ग की मौत

जन एक्सप्रेस/औरैया। दिल्ली हावड़ा रेल रूट के कंचौसी रेलवे स्टेशन के समीप से निकले रेलवे फ्रंट कोरिडोर (डीएफसी) रेल रूट पर इटावा से कानपुर की ओर जा रही मालगाड़ी की ट्रेन चपेट में आने से रविवार सुबह लगभग 11 बजे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को कंचौसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर लाया गया , एम्बुलेंस की मदद से घायल को सौ सैया अस्पताल चिचौली भेजा गया। रास्ते में बुजुर्ग की मौत हो गई। रविवार को आनंद सिंह उम्र 62 वर्ष पुत्र बिरेन्द्र सिंह निवासी भेसोल औरैया अपनी बहन निवासी अशोक सम्राट नगर कंचौसी नगर पंचायत कानपुर देहात उमा देवी पत्नी राकेश सिंह से मिलने गए थे। कंचौसी रेलवे स्टेशन पर निकले रेलवे फ्रंट कोरिडोर के ट्रैक को पार कर रहे थे जब तक कुछ समझ पाते तब तक ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर से वह उछलकर दूर जा गिरा ।आसपास काम कर रहे लोगों ने घायल को उठाकर प्लेटफार्म नंबर 2 पर लिटाया ।सिर पर गंभीर चोट के कारण उपचार के लिए इलाज के लिए ले जाते समय दम तोड़ दिया। उसकी मौत पर परिजनों और रिश्तेदारों में चीख पुकार मच गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक कंचौसी गांव स्थित भोले नाथ के मंदिर पर पुजारी थे। मृतक मंदिर जा रहा था ।कंचौसी गांव जाते समय कानपुर की ओर जा रही मालगाड़ी के चपेट मे आ गए ।मालगाड़ी करीब 20 मिनट तक रेलवे स्टेशन और क्रासिंग के बीच खड़ी रही। इस संबंध में चौकी इंचार्ज कंचौसी ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### शांतिपूर्ण ढंग एवं निष्पक्षता के साथ मतदान कराएं: डीएम

जन एक्सप्रेस/औरैया। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने 13 मई को संपन्न होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए मतदान पार्टी के कार्मिकों से कहा कि मतदान की सुचिता बनाए रखने में आप सभी की महती भूमिका है इसका निर्वहन निष्पक्ष रहकर करते हुए कार्य को संपन्न कराये ।उन्होंने कहा कि अपनी-अपनी जिम्मेदारी को भली भांति समझते हुए कार्य करें जिससे मतदान कार्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही बड़ी परेशानी बन सकती है इसलिए पूर्ण सजगता बरते ।उन्होंने संबंधित अधिकारी को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।उक्त निर्देश जिला मजिस्ट्रेट ने मतदान पार्टी कर्मियों को गल्ला मंडी में रवानी के पूर्व मतदान सामग्री मिलान करने के अवसर पर दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित मतदेय स्थल के अनुरूप मतदान सामग्री का भली भांति मिलान कर लें और यदि कोई सामग्री अवशेष हो तो अभी प्राप्त कर लें जिससे मतदान के समय कोई समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि अपनी टीम के साथ मतदेय स्थल पर पहुंच कर वहां की व्यवस्थाओं को भी देख ले और जो भी कार्य आवश्यक हो उसे समय रहते पूर्ण करा लें अपना कार्य निर्भीक और निष्पक्षता के साथ संपन्न करें और किसी के दबाव या प्रलोभन में न आए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से आवश्यकतानुसार पुलिस बल, अर्धसैनिक बल की तैनाती की गयी है ।उन्होंने इस अवसर पर वाहन व्यवस्था आदि का भी जायजा लिया।

## बिल्हौर नगरपालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते गोवंश भूख और प्यास से तड़पकर भटक रहे

जन एक्सप्रेस। हरिनाथ सिंह

**बिल्हौर।** बिल्हौर नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते कस्बे में गौवंश भूख प्यास से तड़पते इधर-उधर भाग रहे हैं दो फोटो है जिसमें नगर पालिका चौराहे पर लगे फ्रीजर में जहां पर लोगों को पीने के पानी के लिए ठंडा नहीं मिल रहा है लेकिन गोवंश वहां पहुंचकर मुंह से पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते दिख रहे हैं वहीं दूसरी तस्वीर में गौवंश कोतवाली गेट पर जीटी रोड पर पीपल के पेड़ में दो पैर उठाकर डाली में पत्ते खाकर अपनी भूख मिटा रही है आखिरकार यह तस्वीरें बयां कर रही है कि प्रशासन



सिर्फ फर्जीफिकेशन रोडो में पैसा निकाल कर अपनी जेब भर रहे हैं वहीं पर मजबूत सड़कों को उखाड़ कर कमीशन के चलते दोबारा सड़क बना रहे हैं इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है जो गोवंश अस्थाई गौशाला में बंद है। वर्षों से बंद है उनकी संख्या घटती जा रही है लेकिन उच्च अधिकारियों के आदेश हैं की 50 गौवंश हर आश्रय स्थल पर होना चाहिए लेकिन नगरपालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा वह भी जब बहुत भूख प्यास से तड़पते हैं तो रंभाना शुरू कर देते हैं तो मोहल्ले वालों का सोना दुश्वार हो रहा है मोहल्ले वालों ने बताया कि तहसील प्रशासन से कोई झांकने तक नहीं आता है। वरिष्ठ सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डु तिवारी ने बताया कि चुनाव के बाद शिकायत जिलाधिकारी से कराकर सुधार कराएंगे।

## हीट वेव (लू) के दृष्टिगत समस्त मतदाताओं से अपरजिलाधिकारी ने की अपील

**कानपुर देहात।** जनपद के अपर जिलाधिकारी (विध्रा) केशव नाथ गुप्ता ने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वृद्ध, शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्ति एवं गर्भवती महिलाएं प्रात~ काल में मतदान करें। हल्के रंग और पूरे आस्तीन के सूती वस्त्र धारण करें। अपने शरीर में पानी की कमी ना होने दें इसलिए पानी का बोतल हमेशा अपने साथ रखें। धूप में मतदान स्थल पर जाने हेतु छाते और गमछा,दुपट्टा,टोपी आदी का प्रयोग करें। छोटे बच्चों को मतदान स्थल पर ना लेकर जाए। कतार में खड़े वृद्ध, शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों एवं गर्भवती महिलाओं को मतदान करने में प्राथमिकता दें। प्रत्येक मतदाता राष्ट्र- निर्माता, स्वयं का और अन्य का भी ध्यान रखें। आपदा विशेषज्ञ अश्वनी वर्मा ने कहा कि इस चुनाव के पर्व पर समस्त मतदाता मतदान अवश्य करें। मतदान स्थल पर यदि कोई व्यक्ति लू व डायरिया आदि से प्रभावित होता है तो तत्काल बीएलओ से ओआरएस प्राप्त कर प्रभात व्यक्ति को पीने के लिए दे।

## मतदान कर्मियों के लिए भोजन, नाश्ता व चाय की व्यवस्था करेंगी स्कूल की रसोइया

जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात

,12 मई 2024 (यूएनएस)। लोकसभा चुनाव के अवसर पर मतदान कर्मियों को संबंधित मतदान केंद्रों पर भोजन, नाश्ता, पेयजल आदि उपलब्ध कराने की व्यवस्था संबंधित विद्यालय में कार्यरत रसोइयों की होगी इसके एवज में मतदान कर्मियों द्वारा शुल्क का उन्हें भुगतान किया जायेगा। इस बाबत बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।जिले में 13 व 20 मई को लोकसभा के लिए चौथे एवं पांचवें चरण का मतदान होने जा रहा है। चुनाव में पोलिंग पार्टी के पहुंचने पर चाय व बिस्कुट, सायं 7 बजे को रोटीध्पूरी, सब्जीध्दाल सुबह प्रात~ 6 बजे चाय, बिस्किट एवं उबले चने, प्रातरू 10 बजे चाय, बिस्कुट अपराह्न 1 बजे रोटी, चावल सब्जीध्दाल, अपराह्न 4.30 बजे चाय, नमकीनध्बिस्कुट दिया जायेगा। इसके लिए अनुमानित लागत 120 रूपये प्रति कार्मिक के अनुसार निर्धारित किया गया है। मतदान केंद्र वाले विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को इस आशय का निर्देश रसोइयों को देने को कहा गया है। साथ ही आवश्यकतानुसार विद्यालय में मध्याह्न भोजन बनाने के लिए उपलब्ध किचन डिवाइस चूल्हा एवं खाने की थाली का उपयोग करने देने के निर्देश दिए हैं। भोजन के हाइजीनिक होने पर विशेष ध्यान देने को भी कहा गया है।

## चिलचिलाती गर्मी को धत्ता बताते हंसते मुस्कुराते 1292 पोलिंग पार्टियां निकलीं मतदान कराने

जन एक्सप्रेस। कानपुर देहात

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष रूप में संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर से विधानसभा रसूलाबाद, सिकंदरा, अकबरपुर रनिया की पोलिंग पार्टियों को सुरक्षा बलों के साथ रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि तीनों विधानसभाओं हेतु 1292 पोलिंग पार्टियों (रिजर्व सहित) समुचित वाहनों से अपने-अपने क्षेत्र हेतु सभी मतदान पार्टियों को सभी आवश्यक संसाधनों के साथ पोलिंग स्टेशन हेतु रवाना किया गया है। सभी पोलिंग पार्टियों का प्रशिक्षण पूर्व में संपन्न हो चुका है तथा उन्हें निर्देश दिया गया है कि वह आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप मतदान दिवस पर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। सभी पीठासीन अधिकारी को एमपीएस ऐप डाउनलोड करा दिया गया है।उन्होंने कहा मतदान केंद्र पर सभी आवश्यक सुविधाएं पूर्व में सुनिश्चित करा दी गई हैं। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच सेंटर में बने विभिन्न काउंटरों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया की पोलिंग पार्टियों को वाहनों के माध्यम से रवाना किया जाए।

# असली परीक्षा तो विधायकों की है

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

भले ही लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार अखिलेश यादव और सुब्रत पाठक आमने सामने हो लेकिन अग्निपरीक्षा विधायकों की भी है। अपनी-अपनी सीट पर प्रत्याशी को जिताने से ही उनका 2027 का भविष्य तय होगा। कन्नौज संसदीय सीट के पांच विधानसभा क्षेत्रों में से वर्तमान में चार पर भाजपा का कब्जा है। कन्नौज सदर सीट से समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण व छिबरामऊ विधानसभा सीट से पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय विधायक हैं। लोकसभा चुनाव में इन दिग्गजों के साथ औरैया व कानपुर देहात की एक-एक सीट व तिर्वा क्षेत्र के विधायकों को इम्तिहान देना होगा। कन्नौज लोकसभा सीट पर सपा मुखिया अखिलेश यादव और भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के बीच कांटे की टक्कर है। बसपा ने इमरान बिन जफर को मैदान में उतारा है। चुनाव जीतने के लिए दोनों दलों भाजपा व सपा ने पूरी ताकत झोंक दी है, बसपा ने प्रचार की शुरुआत भले ही देर से की लेकिन अब वह भी अपनी पूरी ताकत लगा रही है। संसदीय क्षेत्र में कन्नौज की सदर विधानसभा सीट पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, छिबरामऊ से पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय, तिर्वा से कैलाश राजपूत, कानपुर देहात की रसूलबाद सीट से पूनम शंखवार भाजपा से विधायक हैं। सिर्फ औरैया की बिधूना विधानसभा सीट से सपा की रेखा वर्मा विधायक हैं। सभी अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए आश्वस्त नजर आ रहे हैं। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने अपने विधायकों की चुनाव सक्रियता व प्रदर्शन को परखने के लिए पर्यवेक्षक लगाए हैं। बसपा भी जोर-आजमाइश कर रही है। सपा मुखिया स्वयं लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। इससे माना जा रहा है कि इस चुनाव में विधानसभा क्षेत्र से आने वाले नतीजों के आधार पर 2027 के विधान सभा चुनाव में टिकटों का आवंटन होगा। तिर्वा विधानसभा से सपा प्रत्याशी अनिल पाल, छिबरामऊ से अरविंद सिंह यादव और सदर विधानसभा से अनिल दोहरे को बीते चुनाव में शिकस्त मिली थी। अनिल दोहरे का निधन होने से आगामी चुनाव में टिकट की दौड़ में उनके बेटे यश दोहरे और पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे का नाम चल रहा है। तिर्वा और छिबरामऊ से भी कई नेताओं की प्रबल दावेदारी है। इससे माना जा रहा है कि 2024 लोकसभा चुनाव में विधानसभावार नतीजों के आधार पर अखिलेश यादव टिकट आवंटन करेंगे।

# संदेशखाली की बहनों को डराया जा रहा टीएमसी के गुंडे उन्हें धमका रहे हैं : पीएम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के बैरकपुर और हुगली में रैली की। उन्होंने कहा- बंगाल में टीएमसी की सरकार में राम का नाम नहीं लेने दिया जाता। रामनवमी नहीं मनाने दी जाती। सीएए का विरोध किया जाता है। ये तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करते हैं। प्रधानमंत्री ने हाल ही में संदेशखाली में यौन उत्पीड़न के मामले में कथित वीडियो पर कहा, पहले टीएमसी की पुलिस ने बचाया। अब टीएमसी ने एक नया खेल शुरू किया है। टीएमसी के गुंडे संदेशखाली की बहनों को डरा रहे हैं, धमका रहे हैं। सिर्फ इसलिए कि अत्याचारी का नाम शाहजहां शेख है। मोदी ने कहा, यहां की तस्वीर बता रही है कि बंगाल में इस बार एक अलग माहौल है। कुछ अलग होने जा रहा है। कांग्रेस और इंडी अलायंस की वजह से पूर्वी भारत पिछड़ा रह गया। मोदी इसका विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री ने बंगाल के लोगों को मोदी की 5 गारंटी भी दी।

### बंगाल में राम का नाम लेने नहीं दिया जाता

आज स्थिति ये है कि बंगाल में अपनी आस्था का पालन करना भी गुनाह है। बंगाल में टीएमसी सरकार राम का नाम नहीं लेने देती। बंगाल में टीएमसी सरकार रामनवमी नहीं मनाने देती। कांग्रेस और लेफ्ट के लोगों ने भी राम मंदिर के विरुद्ध मोर्चा खोल रखा है। क्या टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट के हाथ में देश सौंपा जा सकता है। टीएमसी-कांग्रेस के इंडी अलायंस ने तुष्टिकरण और वोटबैंक की पॉलिटिक्स के आगे घुटने टेक दिए हैं। टीएमसी के एमएलए ने कहा कि हिंदुओं को भगीरथी में बहा देंगे। सोचिए, इतनी हिम्मत, इतना साहस। इन लोगों ने बंगाल में हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बना कर रख दिया है।



### पीएम मोदी की पांच गारंटी

- जब तक मोदी है, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा।
- जब तक मोदी है, एससी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण कोई खत्म नहीं कर पाएगा।
- जब तक मोदी है, रामनवमी मनाने से, भगवान राम की पूजा से कोई आपको रोक नहीं पाएगा।
- जब तक मोदी है, राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला कोई पलट नहीं पाएगा।
- जब तक मोदी है, सीएए कानून को भी कोई रद्द नहीं कर पाएगा।

### कांग्रेस राज में सिर्फ गरीबी और पलायन मिला

आजादी के बाद 50 वर्ष तक कांग्रेस के परिवार ने ही सरकारें चलाईं, लेकिन पूर्वी भारत को सिर्फ गरीबी और पलायन मिला। पश्चिम बंगाल हो, बिहार हो, झारखंड हो, ओडिशा हो, आंध्र प्रदेश हो। कांग्रेस और इंडी अलायंस के दलों ने पूर्वी भारत को पिछड़ा ही छोड़ दिया।

### मोदी पूर्वी हिस्से को विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनाएगा

मोदी ने ठाना है कि वो देश के पूर्वी हिस्से को विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनाएगा। आज हम पूर्वी राज्यों में सड़क मार्ग, रेलवे और जलमार्ग का एक नेटवर्क बना रहे हैं। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर ने इस क्षेत्र में औद्योगीकरण को बढ़ाया है। आने वाले वर्ष बंगाल और आसपास के राज्यों के विकास को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित होंगे।

### टीएमसी ने बंगाल को घोटाले का गढ़ बना दिया है

बैरकपुर की धरती इतिहास रचने वाली धरती है। आजादी में अहम भूमिका निभाने वाली धरती है, लेकिन टीएमसी ने इसका क्या हाल बना दिया है। एक समय था, जब बंगाल की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में ये अपना बड़ा योगदान देता था, आज टीएमसी ने इसे घोटाले का गढ़ बना दिया है।

### टीएमसी राज में बम बनाने की इंडस्ट्री चल रही है

एक समय था, जब बंगाल में एक से बढ़कर एक वैज्ञानिक खोज हुआ करती थीं, आज टीएमसी के राज में जगह-जगह बम बनाने की होम इंडस्ट्री चल रही है। एक समय था, जब बंगाल घुसपैठियों के खिलाफ क्रांति किया करता था, लेकिन आज टीएमसी के संरक्षण में यहां घुसपैठी फल-फूल रहे हैं।



### वोटबैंक की राजनीति ने सीएए का विरोध हो रहा

वोटबैंक की राजनीति ने सीएए जैसे मानवता की रक्षा करने वाले कानून को विलेन बनाकर पेश किया। सीएए कानून तो पीड़ितों को नागरिकता देने का कानून है, इससे किसी की नागरिकता नहीं छिनती। लेकिन कांग्रेस-टीएमसी जैसे दलों ने इसे भी अपने झूठ के रंग से रंग दिया।

### कांग्रेस ने ओबीसी का आरक्षण मुस्लिमों को दिया

तुष्टिकरण की जिद में इंडिया गठबंधन एससी-एसटी-ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण भी छीनना चाहती है। ये लोग कह रहे हैं कि आरक्षण अब मुसलमानों को दिया जाए। पूरा का पूरा आरक्षण मुसलमानों को दिया जाए।

### भ्रष्टाचारियों को मोदी नहीं छोड़ेगा

ये जो नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं, इन पहाड़ के मालिकों को छोड़ा नहीं जाएगा। मैं भ्रष्टाचार से पीड़ित हर बंगालवासी को कहूंगा, कोई भी भ्रष्टाचारी बचने वाला नहीं है। ये जो करोड़ों रुपए इनसे बरामद हो रहे हैं, ये पीड़ितों को कैसे मिलें। मोदी इसका भी रास्ता खोज रहा है।

### संदेशखाली में नया खेल शुरू हुआ है

संदेशखाली के गुनहगार को, पहले टीएमसी की पुलिस ने बचाया, अब टीएमसी ने एक नया खेल शुरू किया है। टीएमसी के गुंडे, संदेशखाली की बहनों को डरा रहे हैं, धमका रहे हैं, सिर्फ इसलिए कि अत्याचारी का नाम शाहजहां शेख है।

# चीन से वापस लेंगे जमीन

## फ्री बिजली से लेकर मुफ्त इलाज तक, केजरीवाल ने देश को दी 10 गारंटी




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार पीएम मोदी पर हमलावर हैं। रविवार को एक बार फिर उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री की गारंटी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इसी के साथ केजरीवाल ने देश को 10 गारंटियां दी। उन्होंने कहा कि जब इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तब इन गारंटियों को पूरा किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में महंगाई कम करने, हर साल 2 करोड़ रोजगार देने, 15 लाख रुपए और किसानों की आय दोगुनी करने समेत कई गारंटियां दी थीं लेकिन आजतक एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। वहीं मैंने दिल्ली और पंजाब के चुनावों में फ्री बिजली-पानी और अच्छे स्कूल और अस्पताल की गारंटी दी थी, जो मैंने पूरी की। केजरीवाल ने कहा कि हमने बिजली मुफ्त करने की गांरटी दी, स्कूल शानदार की गारंटी दी, मोहल्ला क्लिनिक खोलने का वादा किया। हमने वो सब किया जिसकी हमने गारंटी दी थी। पीएम मोदी की गारंटी कौन पूरा करेगा, वो भी नहीं पता क्योंकि वह 75 साल की उम्र में रिटायर हो रहे हैं। केजरीवाल की गारंटी केजरीवाल पूरा करेंगे।

### केजरीवाल ने आप विधायकों के साथ मीटिंग की

प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले केजरीवाल ने आप विधायकों के साथ मीटिंग की। 10 मई को 39 दिन बाद तिहाड़ से मिलने के बाद अपने विधायकों के साथ ये उनकी पहली मीटिंग थी। इसमें उन्होंने कहा, भाजपा मुझे गिरफ्तार करके दिल्ली और पंजाब में हमारी सरकार गिराना चाहती थी, लेकिन उनका प्लान फेल हो गया। केजरीवाल ने कहा- मेरी गिरफ्तारी से आप और मजबूत हुई। न तो वे (भाजपा) हमारी सरकार गिरा पाए, न ही हमारे विधायकों को तोड़ पाए। भाजपा आप सरकार में सेंध नहीं लगा पाई। उनका पूरा प्लान उल्टा पड़ा गया। पूरा पॉलिटिकल नैरेटिव उनके खिलाफ चला गया। दिल्ली सीएम ने कहा, भाजपा के लोगों ने आपको लालच और धमकी देकर तोड़ने की कोशिश की, लेकिन आप डटे रहे। मैं 21 दिन के लिए बाहर आया हूं। 2 जून को फिर वापस जाना है। उसके बाद आप सबको पार्टी को नियंत्रण में रखना है। अब सिर्फ आम आदमी पार्टी ही इस देश को भविष्य दे सकती है।

### केजरीवाल ने देश को दी ये 10 गारंटियां

**मुफ्त बिजली की गांरटी**

पूरे देश में 24 घंटे बिजली का इंतजाम करेंगे। कहीं पावर कट नहीं लगेगा। पूरे देश के गरीबों की बिजली फ्री करेंगे।

**बेहतर शिक्षा की गारंटी**

हर गांव और हर मोहल्ले में शानदार सरकारी स्कूल बनाएंगे। इस देश में पैदा होने वाले हर बच्चे के लिए अच्छी और मुफ्त शिक्षा का इंतजाम किया जाएगा।

**शानदार और फ्री इलाज की व्यवस्था करेंगे**

हर गांव और मोहल्ले में मोहल्ला क्लिनिक बनाएंगे। हर जिले में शानदार सरकारी अस्पताल बनाएंगे। देश के हर व्यक्ति के लिए शानदार और फ्री इलाज की व्यवस्था करेंगे।

**चीन से जमीन वापस लेने की गारंटी**

चीन द्वारा अवैध तरीके से कब्जा की भारत की जमीन वापिस लाने के लिए सेना को जरूरी कदम उठाने के लिए पूरी स्वतंत्रता दी जाएगी।

**अग्निवीरों को पक्का करने की गांरटी**

अग्निवीर योजना को बंद करके सारी सैन्य भर्तियों को पुरानी प्रक्रिया की तहत किया जाएगा। अभी तक भर्ती किए गए सभी अग्निवीरों को पक्का किया जाएगा।

**किसानों के लिए गांरटी**

किसानों को स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक सभी फसलों पर एमएसपी निर्धारित करके उन्हें फसलों के पूरे दाम दिलवायेंगे।

**दिल्ली को पूर्ण राज्य की गारंटी**

दिल्ली वालों की दशकों पुरानी मांग को पूरा किया जाएगा। दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाएंगे।

**रोजगार की गारंटी**

बेरोजगारी को व्यवस्थागत तरीके से दूर किया जायेगा। अगले एक वर्ष में 2 करोड़ रोजगार की व्यवस्था की जाएगी।

**भ्रष्टाचार से मुक्ती की गारंटी**

भाजपा की वाशिंग मशीन का विनाश किया जाएगा। ईमानदारों को जेल भेजने और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने की मजबूत व्यवस्था को समाप्त किया जाएगा। दिल्ली और पंजाब की तरह भ्रष्टाचार पर सही मायने में प्रहार किया जाएगा।

**व्यापारी को खुलकर व्यापार करने की गांरटी**

जीएसटी का सरलीकरण किया जाएगा। हम ऐसी व्यवस्था करेंगे, जिससे व्यापारी खुलकर व्यापार कर सकेंगे। जीएसटी को पीएमएलए से बाहर किया जाएगा।

# हरियाणा में 10वीं का रिजल्ट जारी, लड़कियों ने मारी बाजी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़**

हरियाणा बोर्ड 10वीं रिजल्ट 2024 का इंतजार कर रहे छात्रों के लिए खुशखबरी है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वी.पी. यादव ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 10वीं कक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस साल लगभग दो लाख से ज्यादा छात्रों ने 10वीं की बोर्ड परीक्षा दी थी। छात्र बेसब्री से रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे। डॉ. यादव ने बताया कि सैकेंडरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 95.22 फीसदी तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 88.73 फीसदी रहा है। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने बताया कि 10वीं की परीक्षा में 2,86,714 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 2,73,015 उत्तीर्ण हुए। 3,652 परीक्षार्थियों का परिणाम एसेंशियल रिपीट रहा, मतलब कि ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा में फिर से बैठने की जरूरत होगी। इस परीक्षा में 1,37,167 छात्राओं में से 1,32,119 पास हुई, इनकी पास प्रतिशतता 96.32 रही, जबकि 1,49,547 छात्रों में से 1,40,896 पास हुए, इनकी पास प्रतिशतता 94.22 रही। इस प्रकार छात्राओं ने छात्रों से 2.10 फीसदी ज्यादा पास प्रतिशतता दर्ज कर बढ़त हासिल की है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 93.19 रही तथा प्राइवेट विद्यालयों की पास प्रतिशतता 97.80 रही है। इस परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 95.24 रही है, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 95.18 रही है। उन्होंने बताया कि पास प्रतिशतता में जिला पंचकुला टॉप तथा जिला नूंह पायदान पर सबसे नीचे रहा। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि यह परिणाम आज शाम से संबंधित विद्यालयों/संस्थाओं द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड द्वारा लॉगिन करते हुए डाउनलोड भी किया जा सकेगा। कोई विद्यालय अगर समय पर परिणाम प्राप्त नहीं करता है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

# बिहार में बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के कई राज्यों में आंधी बारिश और बिजली गिरने का दौर जारी है। बिहार में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने कहा है कि यहां 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। मौसम विभाग ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और कर्नाटक में तेज बारिश की संभावना जताई है। वहीं, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, केरल, कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी हल्की बारिश होगी।

# मोदी सरकार नहीं हारी तो देश को देखने पड़ेंगे काले दिन : उद्धव ठाकरे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी के मुखपत्र सामना को दिए एक साक्षात्कार में देशभर में जारी लोकसभा चुनाव के बारे में बात की। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि अगर मोदी सरकार नहीं हारी तो देश को काले दिन देखने पड़ेंगे। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने आगे कहा कि भारत के लोग अपने नेताओं का भविष्य तय करेंगे। उद्धव ठाकरे ने दावा किया, अगर मोदी सरकार हारी तो देश का भविष्य शांतिपूर्ण होगा और लोकतंत्र फलने-फूलने लगेगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो देश को काले दिन देखने पड़ेंगे। अच्छे दिन कभी नहीं आएंगे, लेकिन काले दिन जरूर आएंगे। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भ्रष्टाचारियों को बचाना ही मोदी गारंटी है। भाजपा अन्य पार्टी के लोगों को अपने खेमे में शामिल कर उनके भ्रष्टाचार को साफ कर रही है। उन भ्रष्ट लोगों को भाजपा ने सुरक्षा का आश्वासन दिया है। भाजपा सभी भ्रष्ट लोगों को वैक्यूम क्लीनर की तरह अपने साथ जोड़ रही है, जो गंदगी को अपने अंदर खींच लेती है। कांग्रेस, शिवसेना और पूरा देश भ्रष्टाचार से मुक्त हो गया है। पीएम मोदी के भाषण को लेकर पूछे गए सवाल पर भी उद्धव ठाकरे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, जब विपक्ष भारत के बारे में बात करता है, तब भी उनके भाषण में पाकिस्तान का जिक्र होता है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर चुनावी चर्चा में भगवान राम को लाने का भी आरोप लगाया है।

# राज्यपाल पर लगे गंभीर आरोपों पर भी मौन हैं मोदी : ममता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना में चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री पर संदेशखाली मामले को लेरक झूठी खबर फैलाने का आरोप लगाया। इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने राज्यपाल सीवी आनंद बोल पर लगे छेड़छाड़ के आरोपों पर चुप्पी साधने के लिए पीएम मोदी को घेरा। रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री को शर्म आनी चाहिए की संदेशखाली को लेकर भाजपा की साजिश सार्वजनिक हो गई है। उन्होंने आगे कहा, ÷संदेशखाली को लेकर पीएम मोदी अभी भी झूठ फैला रहे हैं। उन्हें इस बात पर शर्म आनी चाहिए कि भाजपा की साजिश अब सार्वजनिक हो गई है।÷ बंगाल की सीएम ने उस वीडियो का हवाला देते हुए पीएम मोदी को घेरा, जिसमें एक स्थानीय भाजपा नेता को यह कहते हुए सुना गया कि 70 से अधिक महिलाओं को टीएमसी के मजबूत नेता शाहजहां शेख के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए दो हजार रुपये मिले थे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उत्तर 24 परगना में आज चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के गुंडे संदेशखाली की महिलाओं को डरा-धमका रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, ÷इस मामले का मुख्य आरोपी शाहजहां शेख है और टीएमसी आरोपी को बचाने के लिए हरसंभव कोशिश कर रही है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर राजभवन की एक कर्मचारी द्वारा छेड़छाड़ के आरोप मामले में चुप्पी साधने के लिए ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को घेरा। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के सच्चे महिला विरोधी चरित्र को दर्शाता है। सीएम ममता बनर्जी ने आगे कहा, ÷प्रधानमंत्री ने राज्यपाल से इस्तीफा देने के लिए क्यों नहीं कहा?÷ बता दें कि पीएम मोदी शनिवार को कोलकाता पहुंचे और रविवार सुबह राज्य में चुनाव प्रचार करने से पहले रात में राजभवन में रुके।

# एसआईटी की टीम प्रज्ज्वल रेवन्ना को लाने विदेश नहीं जाएगी : कर्नाटक के गृह मंत्री



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू**

लोकसभा चुनाव के बीच सोशल मीडिया पर हासन सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद से ही कर्नाटक की राजनीति में हलचल मच हुई है। हासन में मतदान होने के दूसरे दिन ही रेवन्ना जर्मनी फरार हो गए। इस मामले की जांच के लिए राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस ने विशेष जंच दल (एसआईटी) का गठन किया। प्रज्ज्वल रेवन्ना को भारत वापस लाने के लिए सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष एक-दूसरे से भिड़ रहे हैं। इस बीच कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बताया कि मामले की जांच कर रही एसआईटी की टीम प्रज्ज्वल रेवन्ना को वापस लाने के लिए विदेश नहीं जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि हासन सांसद के बारे में इंटरपोल जानकारी साझा करेगा। परमेश्वर ने राजनीतिक नेताओं को इस मामले के संबंध में सार्वजनिक तौर पर बयान देने या जानकारी साझा करने से मना किया है। कांग्रेस नेता परमेश्वर ने कहा, नहीं ऐसा कोई विकल्प नहीं है। ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया गया है और इंटरपोल जानकारी साझा करेगा। जिस देश में वह पाया जाएगा, वे इंटरपोल को सूचित करेंगे। फिर हमारी एजेंसी सीबीआई को इसके जरिए मालूम चलेगा और फिर उनसे हमें मालूम चलेगा। फिलहाल हमारे पास कोई जानकारी नहीं है।

### नेताओं से सार्वजनिक बयान देते समय सतर्क रहने का अनुरोध

भाजपा नेता देवराज गौड़ा को गिरफ्तार करने के मामले में कंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के बयान पर भी कांग्रेस नेता ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 卐अगर कोई भी कुछ भी कहेगा, तो मैं उसपर प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। हम सभी सार्वजनिक बयान का जवाब नहीं दे सकते। यह एक गंभीर मामला है, इसलिए जबतक जांच पूरी नहीं होती हम जानकारी साझा नहीं कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं जनता और नेताओं ने अनुरोध करता हूं कि बयान देते समय सतर्क रहें। यदि नहीं, तो उनके द्वारा दिए बयानों के आधार पर हमें उन्हें जांच के लिए बुलाना पड़ेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी को भी नोटिस दिया जाएगा, तो कांग्रेस नेता ने कहा कि कुमारस्वामी एक पूर्व मुख्यमंत्री है, और उनका मानना है कि उन्होंने (कुमारस्वामी) ने इस मामले को गंभीरता से लिया।

# अदाणी-अंबानी से नहीं मिले पैसे, इसलिए कांग्रेस ने चलाया बदनाम करने का अभियान : अधीर रंजन



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

कांग्रेस नेता और बहरामपुर के उम्मीदवार अधीर रंजन चौधरी ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने खुलासा किया कि कांग्रेस ने देश के मशहूर उद्योगपतियों के खिलाफ बदनाम करने का अभियान क्यों चलाया। कांग्रेस नेता ने बताया कि पार्टी ने उद्योगपतियों के खिलाफ यह अभियान इसलिए चलाया, क्योंकि उन्होंने (उद्योगपतियों) देश की सबसे पुरानी पार्टी को पैसे नहीं भेजे। मीडिया को एक साक्षात्कार देते हुए अधीर रंजन ने कहा कि अगर उद्योगपति कांग्रेस को पैसों से भरा बैग भेजेंगे तो, पार्टी उनके खिलाफ चुप हो जाएगी।

### अधीर रंजन ने खड़ा किया नया विवाद

तेलंगाना में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर उद्योगपतियों के खिलाफ चुप्पी साधने को लेकर सवाल किया था। उन्होंने कहा था, अदाणी और अंबानी से कांग्रेस ने कितना काला धन लिया? पीएम मोदी की इस टिप्पणी पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, अगर यह आता, तो बहुत अच्छा होता। मुझे बहुत ज्यादा की जरूरत है। मैं एक बीपीएल सांसद हूं और मुझे पैसों की बहुत जरूरत है। अधीर रंजन ने आगे कहा, 卐एक बीपीएल सांसद होने के नाते मेरे पास चुनाव में लड़ने के लिए पैसे नहीं है। अगर अदाणी एक बोरी पैसा भेज दे, तो मेरे लिए काफी होगा। उन्होंने दावा किया कि वह एक बीपीएल सांसद है, क्योंकि उन्हें दान में एक पैसा भी नहीं मिल रहा है। जब कांग्रेस नेता से उद्योगपतियों के खिलाफ बदनामी का अभियान शुरू करने और पैसे की मांग करने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, हां हमने ऐसा किया, क्योंकि वे हमें पैसे नहीं दे रहे हैं। अगर वे ऐसा करते तो हम उनके खिलाफ चुप रहते। अपने इस बयान के तुरंत बाद अधीर रंजन ने सफाई पेश करते हुए कहा, पहले उन्हें (अदाणी,अंबानी) पैसे भेजने दीजिए, फिर कांग्रेस तय करेगी (चुप रहना है या नहीं)। ईडी-सीबीआई की जांच को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए अधीर रंजन ने कहा, किसे फर्क पड़ता है? ईडी मूर्ख है। वे पीएम मोदी की दिशा में दौड़ रहे हैं।

### ममता बनर्जी पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने इस दौरान बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी घेरा। उन्होंने ममता पर भाजपा के लिए एक बी टीम के तौर पर काम करने का आरोप लगाया है। बहरामपुर के उम्मीदवार ने कहा कि ममता बनर्जी भाजपा के लिए बी टीम के रूप में काम कर रही है, जिससे कि वह यह सीट न जीत पाए। उन्होंने आगे कहा, ममता बनर्जी मुसलमानों को यह कहकर भड़का रही है कि अधीर रंजन चौधरी दादा है। दादा को हराओ और युसूफ पठान को जीताओ। जब वह हिंदुओं के बीच जाती है तो यह कहती है कि भाजपा क बढ़क मिल गई। हिंदू एकजुट हो गए हैं, इसलिए हिंदुओं द्वारा कांग्रेस को वोट देने से कोई फायदा नहीं है। अधीर रंजन ने टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को चुनौती दी है। उन्होंने कहा, मैंने अभिषेक बनर्जी को इस सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती दी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अगर मैं चुनाव हारता हूं तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। कांग्रेस नेता से जब यह पूछा गया कि राजनीति छोड़ने ते बाद वह क्या करेंगे, तब उन्होंने कहा अनजाने में ही पीएम मोदी के राशन योजना की तारीफ कर दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, साक्षात्कार के दौरान अधीर रंजन ने ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बताया कि जो पीएम मोदी नहीं कहा, वो ममता बनर्जी ने कह दिया। ममता ने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को 40 सीट भी नहीं जीत पाएगी। इस दौरान अधीर रंजन ने दावा किया कि कांग्रेस का प्रदर्शन इस बार सभी को चौंका देगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)